दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

आदमपुर एयर बेस से पीएम नरेन्द्र मोदी ने की गर्जना..

सेना के जवानों और वायु योद्धाओं का पीएम ने हौसला बढ़ाया

अधर्म के खिलाफ धर्म की स्थापना के लिए शस्त्र उठाना हमारी परंपरा है

आतंक के पनाहगारों का होगा, विनाश और महाविनाश

आज बेबाक

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष पर विराम लगने से कई लोगों को गहन निराशा हुई है। खासतौर पर उन खबरिया चैनलों को जिन्होंने अपने स्टूडियो को जंग का मैदान बना रखा था। सरकार के दिशा निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए लाइव कवरेज तक कर रहे थे। विपक्षी पार्टियों को भी यह संघर्ष विराम रास नहीं आ रहा है। ऐसी दुखी आत्माओं को समझना चाहिए कि संघर्ष के आगे जो विराम लगा है, वह अल्पविराम है। पूर्ण विराम नहीं। थोड़ा सब्र करो। पाकिस्तान पर भरोसा रखो वह बहुत जल्द अपने ताबूत में आखिरी कील जरूर ठोकेगा।

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज

रायपुर /नवरप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार 14 मई 2025 को सवेरे 11.30 बजे राज्य मंत्रिपरिषद (केबिनेट) की बैठक अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित होगी ।

अमृतसर में जहरीली शराब पीने से 17 श्रमिकों की मौत

अमृतसर (वार्ता)। पंजाब के अमृतसर में मजीठा क्षेत्र के तीन गांवों में ज़हरीली शराब पीने से भट्ठा पर काम करने वाले 17 श्रमिकों की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। अमृतसर की ज़िला उपायुक्त साक्षी साहनी ने मंगलवार को बताया कि मृतकों में भंगाली, थरियावाल और मुरारी कलां गांव के लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार की है। उन्होंने बताया कि शराब पीने से कुछ लोगों की मौत हो गई और रात तक मृतकों की संख्या बढ़ने पर लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती छह लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। पी गई शराब के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं।

पाकिस्तान संघर्ष पर सरकार पुनरावलोकन समिति गठित करे : कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता) । कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष पर एक पुनरावलोकन समिति गठित की जानी चाहिए, जो कारगिल युद्ध के समय की तरह काम कर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि कारगिल युद्ध समाप्त होने के बाद वाजपेयी सरकार ने इस तरह की एक रिपोर्ट तैयार कराई थी और बाद में रिपोर्ट को संसद में पेश किया गया था।

भारत की ओर नजर उठाने का एक ही अंजाम होगा-तबाही

नई दिल्ली /नवप्रदेश । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जालंधर में आदमपुर एयर बेस का दौरा किया। यहां उन्होंने सेना के जवानों और वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाया। पीएम मोदी ने यहां सिर्फ जवानों के साथ तस्वीरें ही नहीं खिंचवाई, बल्कि इससे पाकिस्तानी झूठ को दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया। उन्होंने जवानों से बात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत माता की जय यह सिर्फ उद्घोष नहीं है, यह देश के हर उस सैनिक की शपथ है, जो मां भारती की मान मर्यादा के लिए जान की बाजी लगा देता है। यह देश के हर उस नागरिक की आवाज है, जो देश के लिए जीना चाहता है। यह मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी।

पीएम मोदी ने कहा कि जब भारत के सैनिक मां भारत की जय बोलते हैं तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब हमारी मिसाइलें सनसनाती हुई निशाने पर पहुंचती हैं, तब दुश्मनों को सुनाई देता है- भारत माता की जय। जब रात के अंधेरे में भी हम सूरज उगा देते हैं तो दुश्मन को दिखाई देता है- भारत माता की जय। जब हमारी फौज परमाणु बम के धमकी की हवा निकाल देती है तो आकाश से पाताल तक एक ही आवाज गूंजती है भारत माता की जयकार। आप सभी ने कोटि-कोटि भारतीयों का सीना चौड़ा कर दिया। हर भारतीय का माथा ऊंचा कर दिया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हम घर में घुसकर मारेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की थलेसना, वायुसेना और नौसेना ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। आपने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, हमारी मिसाइलों के बारे में सोचकर तो पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी। कौशल दिखलाया चालों में उड़ गया भयानक भालों में निर्भीक गया वह ढालों में सरपट दौड़ा करवालों में... यह पंक्तियां ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत का ट्रंप को सीधा जवाब

कश्मीर पर मध्यस्थता मंजूर नहीं पीओके खाली करे पाकिस्तान

नई दिल्ली (ए.)। भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम को लेकर विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर पर हमें मध्यस्थता मंजूर नहीं है। पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारा लंबे समय से राष्ट्रीय रुख रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से हल करना होगा। यह घोषित नीति नहीं बदली है। लंबित मामला पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है।

पाकिस्तान हमारे एयर डिफेंस के आगे फेल

पाकिस्तान के ड्रोन, उसके एयरक्राफ्ट, मिसाइल हमारे सशक्त एयर डिफेंस के सामने ढेर हो गए। मैं भारतीय वायु सेना के हर वायु योद्धा की सराहना करता हूं। अब कोई आतंकी हमला हुआ तो भारत करारा जवाब देगा। ऑपरेशन सिंदूर भारत का न्यू नॉर्मल है। भारत के तीन सूत्र तय हैं,पहला अब कोई आतंकी हमला हुआ तो हम अपने तरीके से अपनी शर्तों पर और अपने समय पर जवाब देंगे।

मानसून ने अंडमान-निकोबार और बंगाल की खाड़ी में दी दस्तक

अगले कुछ दिनों में और आगे बढ़ेगा

नई दिल्ली/नवप्रदेश । भारतीय मौसम विभान ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने मंगलवार को अंडमान-निकोबार द्वीप, दक्षिण बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में समय से पहले दस्तक दी है। जहां पिछले दो दिनों से निकोबार द्वीपों में हल्की से भारी बारिश हो रही है। साथ ही इलाके में तेज पश्चिमी हवाएं चल रही हैं और घने बादल भी बने हुए रहे हैं, जिसके बाद इन सब संकेतों से मौसम विभाग ने इसे मानसून की शुरुआत घोषित की है।

खाड़ी में हवाओं की रफ्तार बढ़ी

मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर में पश्चिमी हवाओं की ताकत और गहराई बढ़ गई है। 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर हवाओं की रफ्तार 20 नॉट्स (लगभग 37 किमी/घंटा) से ज्यादा रही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उत्तराधिकारी जस्टिस गवई सुप्रीम कोर्ट के मूल्यों को कायम रखेंगे: संजीव खन्ना

नई दिल्ली(ए.) । सर्वोच्च न्यायालय में अपने अंतिम दिन मिली भरपूर प्रशंसा से अभिभूत भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मंगलवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि उनके उत्तराधिकारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई सर्वोच्च न्यायालय के मूल्यों, मौलिक अधिकारों और बुनियादी संवैधानिक सिद्धांतों को कायम रखेंगे। यह एक ऐतिहासिक क्षण था, जिसमें संजीव खन्ना और बीआर गवई के साथ न्यायमूर्ति संजय कुमार भी मौजूद थे। यह अवसर सिर्फ न्यायमूर्ति खन्ना की योगदान को ही नहीं, बल्कि उनके चाचा, पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज न्यायमूर्ति एच. आर. खन्ना की विरासत को भी सम्मानित करने का था।

छत्तीसगढ़ की प्रगति अग्रवाल टॉप 10 में

- सीबीएसई ने घोषित किये 12वीं के नतीजे
- टॉप 5 में चार लड़कियां और एक लड़का

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से छात्रा प्रगति अग्रवाल ने सर्वाधिक 98.5प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप स्थान हासिल किया। वहीं काव्य अग्रवाल ने 98.25प्रतिशत, आर्ची पटेल ने 98प्रतिशत, इशिका अग्रवाल ने 97.50प्रतिशत, आद्या अग्रवाल ने 97.25प्रतिशत और पूर्वी पारख ने 97प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है।

छत्तीसगढ़ के कुल उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 82.17प्रतिशत रहा है। इस परीक्षा के लिए कुल 31 हजार 911 छात्रों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से 31 हजार 711 छात्र शामिल हुए। इनमें 16 हजार 696 लड़के, जबकि 15 हजार 015 लड़कियां शामिल हुईं। परीक्षा में कुल 26 हजार 057 स्टूडेंट्स पास हुए। इनमें 13 हजार 344 लड़के और 12 हजार 713 बालिकाओं ने परीक्षा पास की है। छत्तीसगढ़ से छात्रा प्रगति अग्रवाल ने सर्वाधिक 98.5प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप स्थान हासिल किया। वहीं काव्य अग्रवाल ने 98.25प्रतिशत, आर्ची पटेल ने 98प्रतिशत, इशिका अग्रवाल ने 97.50%, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

88.39 प्रतिशत विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया, जिसमें 88.39 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस साल 12वीं की परीक्षा में 88.39 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.41 प्रतिशत अधिक है। इस साल 12 वीं की परीक्षा में 91 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुयी है, जबकि छात्रों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 85.06 प्रतिशत रहा है।

गरमा-गरम

अटल डिजिटल की सराहना.. *'अमृत सरोवर' योजना से ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार और जलसंरक्षण की दिशा में मिलेंगे ठोस परिणाम*

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम : साय

- स्थानीय आजीविका से जोड़ने केंद्रीय मंत्री ने दिए निर्देश
- कृषि और ग्रामीण विकास को नई दिशा देने केंद्र-राज्य की साझा पहल
- मुख्यमंत्री साय और केंद्रीय मंत्री चौहान ने की उच्चस्तरीय समीक्षा

रायपुर /नवप्रदेश। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय (महानदी भवन) में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा कृषि विभाग के कार्यों की व्यापक समीक्षा की। बैठक में राज्य और केंद्र की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई और भावी विकास रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता और प्रशासनिक कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य ने कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए उन्नत गांव और खुशहाल किसान की अवधारणा को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विकास के नए शिखर पर

बैठक के समापन पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अभिनव प्रयोगों और प्रतिबद्धता के साथ छत्तीसगढ़ को विकास के नए शिखर पर पहुंचाएंगी। मुख्यमंत्री साय ने आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार इस साझा संकल्प को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए हरसंभव कदम उठाएगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, प्रमुख सचिव पंचायत विभाग निहारिका बारिक, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग के अपर सचिव आर. आनंद, ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला, कृषि मंत्रालय के सलाहकार नवीन कुमार विद्यार्थी, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

आदमपुर एयरबेस पहुंचे पीएम मोदी पाकिस्तानी प्रोपेगैंडा को किया बेनकाब

नई दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान और उसकी पनाह में पल रहे आतंकियों को सबक सिखाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पंजाब में आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने सेना के जवानों से मुलाकात की। जालंधर स्थित यह वही एयरबेस है, जिसे नुकसान पहुंचाने का फर्जी दावा पाकिस्तान ने किया था। हालांकि, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 11 मई की प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही इस दावे का खंडन कर दिया था। अब पीएम मोदी ने यहां पहुंचकर दुनिया के सामने पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा को बेनकाब कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की सुबह-सुबह प्रधानमंत्री मोदी आदमपुर एयरबेस पहुंचे। उन्होंने वायु सेना के बहादुर जवानों से बातचीत भी की। इस दौरान वायुसेना के जवानों ने मौजूदा हालात के बारे में जानकारी दी। दौरे की कई तस्वीरें सामने आई हैं। इसमें एक तस्वीर में पीएम मोदी के पीछे भारतीय लड़ाकू विमान की तस्वीर दिखाई दे रही है और उसके ऊपर लिखा है- क्यों दुश्मनों के पायलट ठीक से सो नहीं पाते?

'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए

प्रधानमंत्री मोदी वायु सेना के विमान से जालंधर स्थित एयरबेस पहुंचे। पीएम मोदी और सशस्त्र बलों के जवानों ने 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। सभी का जोश इस बात की ओर इशारा कर रहा था कि ऑपरेशन सिंदूर 100 फीसदी सफल रहा और हमारी सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखा दिया है। इस दौरे से एक बात और साफ हो गई कि अगर प्रधानमंत्री मोदी का विमान इस एयरबेस पर उतर सकता है तो इसे खरोंच तक नहीं आई है। इस दौरे ने पाकिस्तान के नापाक चेहरे और झूठ की दुकान को दुनिया के सामने ला दिया है।

पाकिस्तान के झूठ की पोल पूरी दुनिया के सामने खुली

आदमपुर पहुंचकर पीएम मोदी के पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा को भी तहस नहस कर दिया है। दरअसल, पाकिस्तान ने फर्जी दावा किया था कि उसने भारत के सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाया। इसे लेकर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कहा था कि सिरसा और आदमपुर एयरबेस को नुकसान पहुंचाने के पाकिस्तानी दावे पूरी तरह से गलत हैं। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान इन एयरबेस की तस्वीरें भी दिखाई गईं थीं, जिनमें दिखाया गया कि वहां सबकुछ सामान्य है। ऐसे में पीएम मोदी के आदमपुर दौरे ने पाकिस्तान के झूठ की पोल पूरी दुनिया के सामने खोल दी है।

'भारत सशस्त्र बलों के प्रति हमेशा आभारी है'

पीएम मोदी ने एयरबेस पहुंचकर यह दिखा दिया कि यह पूरी तरह से ऑपरेशनल है। आदमपुर एयरबेस भारत के लड़ाकू विमान मिग 29 का बेस है। एयरबेस पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ एयर चीफमार्शल एपी सिंह भी थे। आदमपुर एयरबेस पाकिस्तान की सीमा के करीब स्थित है। इससे दुश्मन पर तेजी से प्रहार करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने दौरे से जुड़ी कुछ तस्वीरें पीएम मोदी ने 'एक्स' पर साझा की। उन्होंने लिखा, 'आज सुबह मैं वायुसेना स्टेशन आदमपुर गया और हमारे बहादुर वायु योद्धाओं और सैनिकों से मिला। साहस, दृढ़ संकल्प और निडरता के प्रतीक लोगों के साथ रहना एक बहुत ही विशेष अनुभव था। भारत हमारे सशस्त्र बलों के प्रति हमेशा आभारी है, जो हमारे देश के लिए वे सब कुछ करते हैं।'

आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफ से भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 14 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिए। इससे घबराए पाकिस्तान ने भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया। हालांकि, इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तान की तरफ से इसका उल्लंघन किया गया, जिसका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया।

सरकार से संघर्ष विराम कराने के ट्रंप के दावों पर सवाल उठाएगा विपक्ष

कलबुर्गी। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को एक बार फिर सर्वदलीय बैठक की मांग की। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से किए गए दावे पर विपक्ष केंद्र सरकार से जवाब मांगेगा। खरगे ने कहा कि ट्रंप तो अपना क्रेडिट लेने के लिए कुछ भी कह रहे हैं। वहीं हमारी सरकार कह रही है कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। यह एक संवेदनशील मुद्दा है। इसलिए हम चाहते हैं कि इस पर केंद्र सरकार ऑल पार्टी बैठक बुलाए। बता दें कि बीते 10 मई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का दावा किया था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ पर लिखा कि रात में अमेरिका की मध्यस्थता में हुई लंबी बातचीत के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं! इस महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद!

खड़गे ने केंद्र सरकार से पूछे सवाल

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जब ऑल पार्टी मीटिंग होगी, तो हम पूछेंगे कि क्या वाकई कोई बातचीत हुई थी? अगर हुई तो उसमें क्या कहा गया? क्या अमेरिका की कोई भूमिका थी या नहीं? साथ ही जब उनसे पूछा गया कि क्या प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप के दबाव में यह फैसला लिया, तो उन्होंने कहा कि इस पर अभी कुछ कहना ठीक नहीं होगा। पहले हमारी पार्टी की बैठक है, उसके बाद हम सरकार से बैठक बुलाने की मांग करेंगे।

'पाक की सशस्त्र सेनाएं दृढ़ संकल्पित दुश्मन की योजना उनकी ताकत को कमजोर नहीं कर सकती'

इस्लामाबाद। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय दिया और दुनिया को दिखा दिया कि दुश्मन को कैसे मात दी जाती है। भारतीय जवानों के आगे पाकिस्तानी सेना पिद्दी निकली और उसका एक भी वार कामयाब नहीं हुआ। 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए, 9 आतंकी ठिकाने ध्वस्त हो गए और 11 एयरक्राफ्ट तबाह हो गए। 40 से अधिक पाकिस्तानी जवान और अफसर मारे गए। दुनिया के सामने अपनी किरकिरी करवाने के बाद भी उसके सुधरने के कोई हालात नहीं दिख रहे हैं। पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने एक बार फिर भारत को गीदड़भभकी दी है। सोमवार को आसिम मुनीर भारतीय हमले में घायल सैनिकों से मुलाकात करने रावलपिंडी में कंबाइंड मिलिट्री अस्पताल पहुंचे थे। भारतीय सेना के हमले में पाकिस्तानी सेना को काफी

नुकसान पहुंचा है। मुनीर ने भारतीय सेना की कार्रवाई की निंदा की और वो गीदड़भभकी से भी नहीं चूके। मुनीर ने कहा कि 'पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाएं पूरी तरह से दृढ़ संकल्पित हैं और दुश्मन की कोई भी योजना उनकी ताकत को कमजोर नहीं कर सकती।'7 मई को भारत द्वारा किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में पाकिस्तान द्वारा किए गए हमलों के बाद दीं। ऑपरेशन में भारत ने पहलगाम हमले के जवाब में आतंकवादी इंफ्रास्ट्रक्चर पर सटीक हमले किए थे, जबकि पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी।

पीएम मोदी बोले- न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग नहीं सहेंगे

सोमवार रात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार देश को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा था कि यह केवल एक ÷प्रयोग÷ नहीं था, बल्कि भारत की नई आतंकवाद नीति का हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत कभी भी पाकिस्तान के परमाणु दबाव में नहीं आएगा। न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग को भारत नहीं सहेगा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में साफ किया कि जब तक पाकिस्तान आतंक फैलाना बंद नहीं करता, तब तक किसी भी तरह की बातचीत का सवाल ही नहीं उठता।

चार दिवसीय मध्य पूर्व दौरे पर रियाद पहुंचे डोनाल्ड ट्रंप

रियाद। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने चार दिवसीय मध्य पूर्व के दौरे पर पहले पड़ाव पर मंगलवार को सऊदी अरब पहुंचे। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने राष्ट्रपति ट्रंप का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। सऊदी अरब दौरे में राष्ट्रपति ट्रंप, सऊदी युवराज के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम, गाजा युद्ध को समाप्त कराने और तेल की कीमतों समेत कई अन्य मुद्दों पर बात कर सकते हैं। सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने राष्ट्रपति ट्रंप के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया है। ट्रंप, यूएस-सऊदी निवेश सम्मेलन में भी शिरकत करेंगे। बुधवार को ट्रंप खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्यों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। इस परिषद में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सदस्य देश हैं। डोनाल्ड ट्रंप ऊर्जा कीमतों को कम रखना चाहते हैं ताकि अमेरिकी लोगों के लिए महंगाई को नियंत्रित रखा जा सके। ट्रंप की मदद के लिए तेल उत्पादक देशों ने पहले ही अपना तेल उत्पादन बढ़ा दिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें कम हुई हैं। हालांकि सऊदी अरब समेत कई ओपेक देशों की अर्थव्यवस्था तेल पर ही निर्भर करती है। ऐसे में तेल की कीमतें कम होने से इन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 64.77 डॉलर प्रति बैरल है।

पोलाची रेप कांड के सभी 9 आरोपी दोषी करार

कोयंबटूर। मंगलवार 13 को मई कोयंबटूर की महिला अदालत ने तमिलनाडु के पोलाची यौन उत्पीड़न मामले में सभी नौ आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सभी नौ लोगों को आपराधिक साजिश, यौन उत्पीड़न, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार और जबरन वसूली सहित कई आरोपों में दोषी पाया गया। 2019 में इस पूरे मामले ने देश को झकझोर कर रख दिया था। यह मामला न केवल अपनी क्रूरता के कारण सुर्खियों में रहा, बल्कि इसने सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी स्तर पर भी व्यापक बहस छेड़ दी।

गाजा में नाकाबंदी के कारण 57 बच्चों की भूख से मौत: डब्ल्यूएचओ

गाजा सिटी(वार्ता)। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया है कि गाज़ा पट्टी में लगभग पांच लाख लोग भयंकर भूखमरी से जूझ रहे हैं और दो मार्च से शुरू हुई इजरायली नाकाबंदी के बाद से अब तक 57 बच्चों की कुपोषण से मौत हो चुकी है।डब्ल्यूएचओ ने सोमवार को बताया कि दो मार्च 2025 से शुरू हुई नाकाबंदी के बाद अब तक कुपोषण से 57 बच्चों की मौत हो चुकी है और यह संख्या वास्तविक आंकड़े से कम हो सकती है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अगर हालात नहीं बदले तो अगले 11 महीनों में पांच साल से कम उम्र के करीब 71 हजार बच्चे कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। गाज़ा की पूरी 21 लाख आबादी लंबे समय से खाद्य संकट का सामना कर रही है, जिसमें करीब पांच लाख लोग कुपोषण, भुखमरी, बीमारी और मौत की स्थिति में हैं। यह दुनिया के सबसे गंभीर भूख संकटों में से एक है, जो इस समय सामने आ रहा है।

बुंदेलखंड की रसोई से निकला हुनर बना देश की पहचान

■ **बुंदेली शेफसीज़न 2 का ग्रैंड फिनाले झांसी में संपन्न**

झांसी। बुंदेलखंड की गलियों से उठती देसी मसालों की सुगँध एक बार फिर देशभर में अपनी पहचान बना चुकी है और इस पहचान को नई उड़ान दी 'बुंदेली शेफसीज़न 2' ने। क्षेत्र के जाने-माने डिजिटल मीडिया चैनल, बुंदेलखंड 24×7 द्वारा आयोजित पाक कला की इस प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 11 मई, रविवार को बुंदेलों के शहर झाँसी में हुआ, जहाँ सिर्फव्यंजन ही नहीं बने, बल्कि इनके माध्यम से प्रतिभागी बुंदेलखंड की परंपरा को बखूबी सहेजती भी नज़र आईं।

ज़ाहिदा परवीन के सिर सजा विजेता का ताज

बुंदेलखंड के स्वाद को थाली में परोसकर, अपनी सादगी और आत्मविश्वास से जजेस का दिल जीतने वाली ज़ाहिदा परवीन बुंदेली शेफसीज़न 2 की विजेता बनीं। वहीं, रश्मि ठाकुर पहली रनर अप रहीं और पूनम रायकवार दूसरी रनर-अप रहीं। तीनों विजेताओं को ट्रॉफी, चाँदी की पायल और कई आकर्षक उपहारों से सम्मानित किया गया। बाकी फाइनलिस्ट्स को भी सर्टिफिकेट और उपहार दिए गए। जज के रूप में शेफसंजय शर्मा के अतिरिक्त बुंदेली शेफसीज़न 1 की विनर शमिता सिंह और शिवानी कमरिया भी मौजूद रहीं। 88 प्रतिभागियों से शुरू हुई इस अनोखी यात्रा का समापन तब हुआ, जब 5 फाइनलिस्ट्स ने आखिरी राउंड में अपनी प्रतिभा का ज़ायका सबके सामने परोसा।

सिंधु जल समझौता रोकने पर रोने लगा पाक....

बिना पानी के सीजफायर नहीं चल पाएगा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का कहना है कि हमने भारत के खिलाफ परमाणु हथियार तैनात करने के बारे में विचार नहीं किया था। इशाक डार ने सीएनएन से बातचीत में डींगे हांकते हुए कहा कि हम भारत से जमीन और आसमान दोनों ही जगहों पर मुकाबला करने में सक्षम हैं, जबकि पाकिस्तानी सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद बने जंग जैसे हालात में बुरी तरह मार खाई है। उन्होंने कहा कि हमने कभी भी भारत के खिलाफ परमाणु हथियारों की तैनाती पर विचार नहीं किया। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे गंभीर हालात बनते हैं कि आपको कुछ फैसले लेने पड़ते हैं,

लेकिन हम बिना परमाणु हथियारों को तैनात किए ही तनाव से निपटने में सक्षम हैं। यही नहीं इशाक डार ने एक और गीदड़भभकी देते हुए कहा कि यदि सिंधु जल समझौते का मसला हल नहीं हुआ तो फिर भारत और पाकिस्तान के बीच लागू हुआ सीजफायर खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाली अगली मीटिंग में इस पर बात होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जल समझौते का मसला हल नहीं हुआ तो फिर यह जंग वाली हरकत मानी जाएगी। यही नहीं पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का मुद्दा क्षेत्रीय शांति के लिए महत्वपूर्ण है। डार ने कहा कि यदि कश्मीर के मसले का हल नहीं होगा तो फिर स्थायी शांति भी मुश्किल होगी। पाकिस्तानी मंत्री के बयान से साफ है कि सिंधु जल समझौते को रोका जाना उसे बहुत अखर रहा है। दरअसल पाकिस्तान में पंजाब से लेकर सिंध तक सिंधु नदी का जल खेतों की सिंचाई से लेकर पेयजल तक के लिए महत्वपूर्ण है। फिलहाल भारत ने सिंधु जल समझौते को रोकने का ही ऐलान किया है और इसका कोई असर जमीन पर नहीं है।

पाक-ड्रोन हमले में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

■ **पंजाब सरकार का परिवार को मदद का ऐलान**

चंडीगढ़। पंजाब के फिरोजपुर जिले के गांव खाई में सुखविंदर कौर की मंगलवार को मौत हो गई। वह हाल ही में पाकिस्तानी ड्रोन हमले में गंभीर रूप से झुलस गई थीं। सुखविंदर कौर और उनके पति लखविंदर सिंह को लुधियाना के दयानंद मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। लखविंदर का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पंजाब सरकार ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आर्थिक मदद का ऐलान किया है।पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सुखविंदर कौर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और

मुख्यमंत्री राहत कोष से पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।उन्होंने कहा, "यह हमारे लिए बेहद दुखद घड़ी है। सरकार इस मुश्किल समय में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव मदद प्रदान की जाएगी।" वहीं राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा ने भी दुख व्यक्त करते हुए कौर के परिवार को 2 लाख रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया।

खुलासा... | **ट्रंप ने कहा पाकिस्तान और भारत के बीच परमाणु युद्ध का खतरा टल गया, 'मुझे इस पर गर्व है'**

भारत-पाकिस्तान तनाव पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा: हमने परमाणु संघर्ष रोका

वाशिंगटन/ए। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनके प्रयासों से पाकिस्तान और भारत के बीच "परमाणु युद्ध" का खतरा टल गया.उन्होंने कहा, " मुझे इस पर गर्व है" सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ताजा खुलासा करते हुए कहा कि उनके प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु टकराव को रोका है.उप-महाद्वीप में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच संघर्ष विराम कराने के लिए अपने प्रशासन के हस्तक्षेप को श्रेय देते हुए ट्रंप ने कहा, "हमने एक परमाणु संघर्ष को रोका। लाखों लोग मारे गए होते"ट्रंप ने अपने ताजा दावे में कहा, "अमेरिका ने ना केवल भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की मध्यस्थता की, बल्कि उसने एक "परमाणु संघर्ष" को भी टाल दिया" उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने दोनों देशों के साथ व्यापार बंद करने की धमकी दी थी.भारत-

पाकिस्तान तनावः अचानक संघर्ष विराम से उठते सवालउन्होंने स्थिति की गंभीरता को समझने और लड़ाई को समाप्त करने के लिए "बुद्धिमत्ता" और "धैर्य" के लिए भारत और पाकिस्तान के नेतृत्व की सराहना की.पश्चिम एशिया में सऊदी अरब, यूएई और कतर के लिए रवाना होने से पहले व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, हम आपके साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं, चलो इसे रोकते हैं.अगर आप इसे रोकते हैं, तो हम व्यापार कर रहे हैं.अगर आप इसे नहीं रोकते हैं, तो हम कोई व्यापार नहीं करने जा रहे हैं÷ट्रंप ने किया दोनों देशों के साथ व्यापार का जिक्रदोनों देशों के साथ व्यापार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान के साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं, हम भारत के साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं. हम अभी भारत के साथ बातचीत कर रहे हैं, हम जल्द ही पाकिस्तान के साथ बातचीत करने जा रहे हैं।

परमाणु युद्ध की संभावना...

आंशिक परमाणु युद्ध की संभावना जाहिर करते हुए ट्रंप ने कहा, "हमने परमाणु संघर्ष को रोका.मुझे लगता है कि यह एक बुरा परमाणु युद्ध हो सकता था.लाखों लोग मारे जा सकते थे.इसी कारण मुझे इस पर बहुत गर्व है" उन्होंने कहा, "मैं उपराष्ट्रपति वेंस और विदेश मंत्री रुबियो को उनके काम और प्रयासों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, उन्होंने इस पर बहुत मेहनत की"ट्रंप ने 10 मई को भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को लेकर बड़ी घोषणा की थी.उन्होंने दावा किया था कि भारत-पाकिस्तान तीन दिनों से जारी संघर्ष पर तत्काल पूर्ण युद्ध विराम के लिए सहमत हो गए हैं। उन्होंने कहा था कि यह सहमति अमेरिका की मध्यस्थता से बनी।

"न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा भारत" ट्रंप के "परमाणु युद्ध" वाले बयान के एक घंटे से भी कम समय बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत "परमाणु ब्लैकमेल" बर्दाश्त नहीं करेगा. मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में पाकिस्तान को साफ शब्दों में चेतावनी दी.मोदी ने कहा कि न्यूक्लियर ब्लैकमेल की आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा.भारत की तीनों सेनाएं, हमारी एयरफोर्स, हमारी आर्मी और हमारी नेवी, हमारी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, भारत के अर्धसैनिक बल लगातार अलर्ट पर हैं.उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद अब "ऑपरेशन सिंदूर" आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति है।

5 लाख लोगों का नहीं बना आयुष्मान कार्ड, 30 जून तक पूरा करने निर्देश

कलेक्टर ने टीएल बैठक में की फ्लेगशीप योजनाओं की समीक्षा, घटिया निराकरण पर बिजली विभाग को नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनओं और लंबित मामलों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बिल्हा में बिजली विभाग को मिले आवेदन का घटिया तरीके से निराकरण पर जिम्मेदार अधिकारी को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 5 लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बनाये जाने पर नाराजगी जाहिर की और 30 जून तक शतप्रतिशत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्ड बनाने में सामाजिक संगठनों का सहयोग लेने को भी कहा है। बैठक में निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के युक्ति युक्तकरण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी स्कूल अथवा शिक्षक इसके दायरे से छूटना नहीं चाहिए। इससे शिक्षक विहीन अथवा एक शिक्षकीय स्कूलों की समस्याएं दूर होंगी। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में शुरूआती दिक्कतें आ सकती हैं। ये दिक्कतें सभी जिलों में होती हैं। बावजूद इसके कुछ जिले अच्छा प्रदर्शन करते पाये गये हैं। उनके तौर-तरीके और अनुभव का लाभ लेकर हमें भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। विशेषकर आयुष्मान कार्ड के सिलसिले में उन्होंने ये बातें कही। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि बिना अनुमति के कोई भी मुख्यालय से बाहर नहीं जायेगा। सभी सिविल सेवा आचरण नियमों का पालन करें। समय पर कार्यालय पहुंचे। शासकीय कार्य में अनुशासन हीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को सोमवार और मंगलवार को मुख्यालय में ही रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोग विभिन्न कामों को लेकर अफसरों से मुलाकात करने आते हैं, उनसे भेंट कर समस्या का निराकरण किया जाये। भू-अर्जन हो जाने के बाद उस जमीन का नामांतरण संबंधित विभाग के नाम पर हो जाने चाहिए। अन्यथा बाद में विवाद पैदा होता है। कलेक्टर ने कहा कि अगले महीने से स्कूल खुलने वाले हैं। इसलिए जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र शिविर लगाकर दिए जाएं। हाई कोर्ट एवं अन्य न्यायायल से जुड़े मामलों को लंबित नहीं रखने और इनके त्वरित निराकरण एवं पालन प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए हैं।

अंत्योदय स्वरोजगार व आदिवासी स्वरोजगार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

जिले के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोग अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन कर सकते है। इसके लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा आवेदन आमंत्रित किये गये है। आवेदन करने के लिए आवेदक को जिले का निवासी, अनसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग, आयु 18 से 50 के मध्य, आवेदक के परिवार की वार्षिक आमदनी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए 1 लाख 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन पत्र के साथ आय, जाति, निवास, आधार, राशन कार्ड, पूर्व में किसी शासकीय योजना में ऋण अनुदान प्राप्त न किया हो तथा ऋण बकाया न होने संबंधी शपथ पत्र, पासपोर्ट साईज के दो फोटोग्राफ्स प्रस्तुत करने होंगे। इच्छुक आवेदक पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक 17 के जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति एवं संबंधित जनपद पंचायत से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में जमा किये जा सकते है। आवेदन की फोटोकॉपी, आवेदन में कांट-छांट, ओव्हरराईटिंग इत्यादि स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

■ न्यूज गैलरी

डीजल चोर सक्रिय, टैंकर से 350 लीटर डीजल चोरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत गतौरी स्थित आरवी पेट्रोल पंप के सामने खड़े एक टैंकर से अज्ञात चोरों ने बीती रात डीजल चोरी की वारदात को अंजाम दिया। ड्रायवरी का कार्य करने वाले प्रार्थी शेख कलिमुद्दीन, निवासी ग्राम पचेडा, थाना विधानसभा, जिला रायपुर ने कोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थी के अनुसार 12 मई को वह टैंकर क्रमांक सीजी 04 पीटी 8504 में पेट्रोल-डीजल लोड कर रायपुर मंदिर हसौद से अंबिकापुर के लिए रवाना हुए थे। रात्रि में उन्होंने अपनी गाड़ी गतौरी स्थित आरवी पेट्रोल पंप के सामने खड़ी कर दी और वहीं गाड़ी में सो गए। सुबह करीब 4 बजे पेट्रोल पंप का एक कर्मचारी उन्हें जगाने आया और बताया कि सफेद रंग की स्कॉर्पियो में कुछ संदिग्ध लोग आए थे। उन्होंने टैंकर के दरवाजे को रस्सी से बांधकर बंद किया और फिर सब्बल की मदद से गाड़ी के सर्विस टंकी का लॉक तोड़कर उसमें से डीजल निकाल लिया। प्रार्थी ने जब गाड़ी का सर्विस टंकी चेक किया तो उसमें से करीब 350 लीटर डीजल, जिसकी कीमत लगभग 32,000 रुपये बताई गई है, गायब मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

आधुनिक तकनीक के माध्यम से वार्ड के समस्याओं से हो रहे रुबरु

वार्ड 66 में लिकेज पाइप लाइन व जल भराव की समस्या होगी दूरः अंचल दुबे

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** वार्ड नंबर 66 पंडित शिव दुलारे मिश्रा से नवनिर्वाचित भाजपा पार्षद अंचल दुबे पहली बार पार्षद बनकर वार्ड के विकास की बागडोर संभाल रहे हैं। इसके पहले सालों तक पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका अदा की।*

पार्षद अंचल दुबे ने बताया कि उनके वार्ड में स्लम एरिया और अटल आवास भी शामिल है। इन क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की घटनाएं आमतौर पर होती रहती हैं। इसके निराकरण के लिए मैने इन क्षेत्रों में सीसीटीवी प्रमुखता के साथ लगाने के लिए स्थानीय विधायक से मांग की है। इसके साथ ही वार्ड के मुख्य चौक-चौराहों में भी सीसीटीवी लगाए जाने की योजना है। पार्षद श्री दुबे ने बताया कि वार्ड में पानी लाइन नालियों के पास से होकर गुजरा है, जिस कारण कई बार घरों में गंदा पानी आता है। वर्तमान में पानी की पाइप लाइन को व्यवस्थित तरीके से लगाने की कार्ययोजना तैयार किया हूं, प्रयास है कि बारिश के पहले यह कार्य पूरा हो जाए। इसी तरह वार्ड में पानी निकासी की समस्या भी गंभीर है। बारिश के दिनों में पानी निकासी व्यवस्थित तरीके से नहीं होने की वजह से वार्ड में जल भराव की स्थिति बन जाती है। अपने पहले कार्यकाल में इन दोनों समस्याओं का निराकरण प्रमुखता के साथ करना है। पार्षद श्री दुबे ने बताया कि उन्होंने वार्डवासियों की सुविधा के लिए वाट्सएप में ग्रुप बना लिया है जिसमें वार्डवासी अपनी शिकायत कर सकें। ग्रुप को इस तरह से व्यवस्थित किया गया है कि वार्ड के दो से तीन लाइनों में स्थित घरों का एक ग्रुप बनाया गया है। ग्रुप में आने वाली समस्याओं को देखने के लिए तीन से चार सदस्य हमेशा निगरानी बनाए रखते हैं। जिससे समस्याओं का निराकरण जल्द हो सके।

वार्डवासियों के आपसी तालमेल से हो रहा काम

पार्षद श्री दुबे ने बताया कि आने वाले समय में वार्ड के प्रत्येक बूथों में शिकायत पेटी भी रखी जाएगी, जिसमें वार्डवासी अपनी शिकायत उक्त पेटी में डाल सकें। इस पेटी को प्रत्येक सप्ताह खोलकर आने वाली शिकायतों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। पार्षद श्री दुबे ने आगे कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ वार्ड की जिम्मेदारी सौंपी है उसमें खरा उतरने का पूरा प्रयास कर रहा हूं। कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन करूंगा जिससे वार्ड का विकास हो सके। वार्ड के विकास में वार्डवासी भी पूरा सहयोग देते हैं इसी आपसी तालमेल से काम करना आसान हो जाता है।

अवैध खनन रोकने गए आरक्षक की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या

■ हाईकोर्ट ने मामले को लिया स्वतः संज्ञान

बिलासपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर जिले के कनहर नदी में अवैध रेत खनन रोकने के प्रयास में लगे कांस्टेबल शिव बचन सिंह की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई। यह घटना न केवल प्रशासनिक विफलता को उजागर करती है, बल्कि राज्य में अवैध खनन से जुड़ी बढ़ती हिंसा पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

घटना बलरामपुर जिले के सनावल थाना क्षेत्र की है, जहां वन विभाग की टीम अवैध रेत खनन पर कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान कांस्टेबल शिव बचन सिंह को ड्यूटी पर तैनात किया गया था। जब वह रेत से लदा ट्रैक्टर रोकने का प्रयास कर रहे थे, तो चालक ने उन्हें कुचलते हुए वाहन आगे बढ़ा दिया। घायल अवस्था में कांस्टेबल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इस गंभीर घटना पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस ने मामले को स्वतः संज्ञान में लेते हुए इसे अवकाशकालीन पीठ में प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा अवैध खनन रोकने के निर्देश के बावजूद यह स्थिति दर्शाती है कि राज्य में हालात कितने चिंताजनक हैं। कोर्ट ने राज्य के खनिज सचिव और वन विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 9 जून को होगी। यह घटना राज्य में कार्यरत अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता पैदा करती है। जिस प्रकार से अवैध माफिया कानून के रखवालों पर हमला कर रहे हैं, वह शासन और प्रशासन के लिए चेतावनी है।

शुद्धता और हॉल-मार्क भारतीय मानक ब्यूरो के अनुसार होगा स्थापितः कमल सोनी

■ जगदलपुर में छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। बस्तर संमांग के तत्वावधान में जगदलपुर में छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन कमल सोनी की अध्यक्षता में किया गया। यह आयोजन बस्तर संभाग में 25 वर्ष बाद हुआ है। यह बैठक दो सत्र में संपन्न हुई जिसमें विभिन्न निर्णय लिए गए।

निर्णय में संविधान संशोधन का प्रस्ताव जल्द ही आमसभा बुलाकर किया जाएगा। भारतीय मानक युरों के अनुसार सोने-चांदी की शुध्दता की जांच हेतु राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में उचित व्यवस्था करना। पुलिस-प्रशासन के साथ सहभागिता निभाते हुए सराफा व्यापारी अपने संस्थान की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक दुकान एवं चौक-चौराहों पर सीसीटीवी केमरे की स्थापना करने पर विशेष जोर दिया गया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने मुखबीरी करने वाले, व्यापारियों को धमकाने वाले दादागीरी करने वालों को चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में इस तरह की घिनौने कार्य एवं हरकत को कतई माफ नहीं किया जाएगा। ऐसे व्यापारियों/व्यक्तियों के ऊपर प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ एसोसिएशन भी कड़ा फैसला लेगा। यह बैठक महासचिव प्रकाश गोलछा, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन तथा जगदलपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष गौतम पारख, सचिव तिलोक सिसोदिया, कोषाध्यक्ष संजय मिन्नी के साथ-साथ कार्यवाहक अध्यक्ष प्रदीप घोड़पोडे, जोन प्रभारी नारायण सोनी तथा बिलसापुर संमाग से संरक्षक भीम सोनी, श्रीकांत पाण्डेय, नवनाथ एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यगण की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपादित की गई।

राजू बस्तर संभाग के कार्यवाहक अध्यक्ष बने

छत्तीसगढ़ राज्य के हर क्षेत्र से छोटे-छोटे नगर, ब्लॉक, तहसील एवं जिला स्तर पर संघों का स्थापना कराकर उन्हे छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के साथ जोड़ना। बस्तर संभाग के लिये राजू दुग्गड़ को कार्यवाहक अध्यक्ष चयनित किया गया, जिसके लिए राजू दुग्गड़ को शुभकामनाएं दी गई। इसी के साथ कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

बारातियों का गांव के युवकों से विवाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। गांव में आए बारात में डीजे में नाचने की बात को लेकर बारातियों का गांव के युवकों से विवाद हो गया। बीच बचाव करने आए रसोइया की दोनों पक्षों ने पिटाई कर दी। घटना कोनी थाना क्षेत्र की है। ग्राम बिरकोना निवासी अमन सूर्यवंशी रसोइया है। वह लक्ष्मी उर्फ लल्लू सूर्यवंशी के घर लड़की की शादी में खाना बनाने गया था। बारात के दौरान डीजे में रात साढ़े 9 बजे नाचने की बात पर गांव के राहुल, कोंदा यादव, दिपेश गोंड वगैरह का बारातियों से विवाद हो गया।

पावर आफ अटार्नी के माध्यम से लड़ा जा सकता है मुकदमा

■ सिविल के एक मामले में हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला



बिलासपुर/नवप्रदेश। सिविल के एक मामले में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट के सिंगल बेंच में हुई। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने सुनवाई के बाद अपने फैसले में लिखा है कि पावर अटार्नी के माध्यम से मुकदमा लड़ा जा सकता है। इस टिप्पणी के साथ ट्रायल कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए याचिकाकर्ता से नए सिरे शपथ पत्र के साथ जवाब स्वीकार करने और गुण-दोष के आधार पर मामले का फैसला करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता यशोदा देवी जायसवाल ने प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश द्वारा 12 मार्च 2025 के आदेश को अपने अधिवक्ता संदीप दुबे के माध्यम से चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता के अलावा अग्निश्वर व अभिजीत डे ने खसरा नंबर 17/31 और 17/32 की भूमि के संबंध में स्वामित्व की घोषणा और स्थायी निषेधाज्ञा के लिए सिविल मुकदमा दायर किया, जिसका क्षेत्रफल क्रमशः 0.106 और 0.016 हेक्टेयर है। अग्निश्वर व अभिजीत व मां हेना डे ने अपना लिखित बयान पेश किया। इसी बीच अग्निश्वर डे की ओर से पावर ऑफ अटॉर्नी रिकॉर्ड पर लेने के लिए सीपीसी की धारा 151 के साथ सीपीसी के आदेश 8 नियम 1ए (3) के तहत एक आवेदन दायर किया। याचिकाकर्ता ने अपना जवाब पेश किया। प्रमुख पक्षकार की ओर से बताया गया कि रमेश जायसवाल मुकदमे में पक्षकार नहीं है। यह भी कहा कि लिखित बयान 22.अक्टूबर 2018 को दिनेश कुमार जायसवाल द्वारा दायर किया गया था और उस समय पावर ऑफ अटॉर्नी पेश नहीं की गई थी।

अनुशासन और समय पर किया कार्य होता है सफलः सोमनाथ

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के निर्देशन और अथक प्रयासों से राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी, मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाला राष्ट्रीय स्तर का हिमालय वुड बैज गाइड और रेंजर विभाग प्रशिक्षण शिविर पहली बार छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में आयोजित किया गया है।

गाइड और रेंजर विभाग का हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण शिविर शुरु

बिलासपुर के कोनी स्थित आधारशिला सैनिक स्कूल प्रांगण में आज इस 7 दिवसीय हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण शिविर (गाइड एवं रेंजर विंग) का शुभारंभ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने किया। इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त डा सोमनाथ यादव जी ने कहा कि आप सभी अनुशासन में रहते हुए समय बाध्यता के साथ एक विद्यार्थी की तरह प्रशिक्षण प्राप्त करे और छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के श्रेष्ठ रीडर ट्रेनर बने, उन्होंने कहा कि जीवन में कुछ करने की जुनून ही व्यक्ति को बड़ा बनाता है, इसके लिए आप आज जो सिख रहे है उसे अपने बच्चों तक जरूर पहुंचाये। अच्छे मन से किए गए हर कार्य सफल होता है। प्रशिक्षण शिविर में गाइड और रेंजर विभाग के प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए रेंजर विभाग की लीडर ऑफ कोर्स राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सरिता पांडेय, गाइड विभाग की लीडर ऑफ कोर्स जेरमिना एक्का सहित राज्य और अन्य राज्यों से लीडर ट्रेनर व सहायक प्रशिक्षक शामिल हुए हैं।

अजहरुद्दीन को मिली एसीसीयू की जिम्मेदारी

■ राजेश संभालेंगे रेंज सायबर की कमान, अनिल पहुंचे अजाक में

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसएसपी रजनेश सिंह ने फेरबदल करते हुए बड़ी जिम्मेदारी दी है। दरअसल मौखिक आदेश पर इंस्पेक्टर अजहरुद्दीन को एसीसीयू की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ ही इंस्पेक्टर राजेश मिश्रा को रेंज सायबर की जिम्मेदारी दी है। राजेश पहले एसीसीयू में रहे, लेकिन अब उन्हें रेंज सायबर भेज दिया गया है। उनके साथ इंस्पेक्टर रवि शंकर तिवारी को भी रेंज सायबर में भेजा गया है। इसी तरह अजय वारे को वापस जीपीएम मूल स्थान भेज दिया गया है। वहीं इंस्पेक्टर विजय चौधरी को डीएसबी और इंस्पेक्टर अनिल अग्रवाल को अजाक थाना की जिम्मेदारी दी है। सूत्र बता रहे है कि यह सब फेरबदल प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया गया है।

परिणाम

दिल्ली के मॉडर्न स्कूल से प्राप्त किया सफलता विद्यालय और परिवार का नाम किया रोशन

चिन्मय झा ने सीबीएसई 12 वीं में किया कमाल, अर्जित किया 94.5 प्रतिशत अंक

बिलासपुर/नवप्रदेश। *नई दिल्ली स्थित मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड के छात्र चिन्मय झा ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि ने पिता प्रवीण झा और माता कल्पना झा सहित पूरे बिलासपुर अंचल को गौरवान्वित किया है।*

चिन्मय की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने न केवल अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की है, बल्कि सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाई है। मॉडर्न स्कूल के प्रधानाचार्य ने चिन्मय की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय की गुणवत्ता और छात्रों की मेहनत का प्रतीक है।

चिन्मय की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। चिन्मय झा की यह सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि उनके परिवार, शिक्षकों और विद्यालय के सहयोग का भी प्रमाण है। उनकी यह उपलब्धि भविष्य में और भी ऊँचाइयों को छूने की प्रेरणा देती है। चिन्मय की यह सफलता बिलासपुर के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत है, जो कठिन परिश्रम और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। समाज के विभिन्न वर्गों से उन्हें शुभकामनाएं प्राप्त हो रही हैं।

धृति 12 वीं 93 प्रतिशत के साथ जिले में टॉपर

कांग्रेस नेता राघवेंद्र सिंह की बेटी धृति सिंह ने कक्षा 12 सीबीएसई बोर्ड में टॉप किया है। वे सेट फ्रांसिस स्कूल की टॉपर बनी है। जिन्होने 93 प्रतिशत से स्कूल में टॉप की है। धृति शुरू से ही मेघावी छात्रा रही है। जिन्होंने अपने स्कूल और माता पिता के साथ ही जिले का भी नाम रोशन किया है। वहीं पिता राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि चूंकि पढ़ने लिखने में बेटी अच्छी है और उसकी इच्छा अनुसार आगे की पढ़ाई कराई जाएगी।

सुविचार

ये दुनिया एक जंगल बन चुकी है, जिसमें जानवरों के बीच जीना है तो लड़ना सीखो बचना नहीं। - अज्ञात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खरीखरी

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र के नाम अपने संदेश में पाकिस्तान को खरीखरी सुना दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि अगर पाकिस्तान को बचना है तो उसे अपने आतंक के ढांचे को खत्म करना ही होगा। अन्यथा पाकिस्तान खत्म हो जाएगा। भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर को सफल बताते हुए उन्होंने कहा है कि आपरेशन सिंदूर भारत के लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरा देश आतंकवादियों और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही चाह रहा था और भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर लोगों की भावनाओं को पूरा किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि आपरेशन सिंदूर अभी सिर्फ स्थगित किया गया है, खत्म नहीं किया गया है। पाकिस्तान यदि संघर्ष विराम का उल्लंघन करेगा तो आपरेशन सिंदूर फिर से चलाया जाएगा। पीएम मोदी ने आने संबोधन में दुनिया को भी साफ संदेश दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत अपनी नीति पर कायम रहेगा यह ठीक है कि यह युद्ध का समय नहीं है। लेकिन यह आतंकवाद का भी समय नहीं है आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। पाकिस्तान के साथ बाचतीच के प्रश्न पर पीएम मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान से यदि कोई बात होगी तो वह सिर्फ आतंकवाद पर और पाक अधिकृत कश्मीर पर ही होगी। गौरतलब है कि जब से भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्यवाही शुरू की थी, तभी से पाकिस्तान के हुक्मरान भारत के साथ बातचीत की पेशकश कर रहे थे लेकिन भारत ने उनकी पेशकश को ठुकरा दिया था। इस बीच पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच किसी तीसरे देश की मध्यस्थता के लिए भी पहल की थी। इसे भी भारत ने कबूल नहीं किया था। भारत शुरू से ही इस बात पर कायम है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मामला द्विपक्षीय बातचीत से ही हल होगा, किसी तीसरे देश की मध्यस्थता भारता को कत्तई कबूल नहीं है। यह संघर्ष विराम भी पाकिस्तान की पेशकश के बाद ही दोनों देशों के बीच हुई संक्षिप्त वार्ता के बाद हुआ है। हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका श्रेय लूटने की कोशिश की थी और यह बयान दिया था कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराया है। जिस पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी तो डोनाल्ड ट्रंप ने सफाई दी थी कि अमेरिका ने इस संघर्ष विराम में सहयोग किया था। उल्लेखनीय है कि बड़बोले डोनाल्ड ट्रंप ने पहले रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम कराने की बड़ी घोषणा की थी लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए तो अब उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की क्रेडिट लेने की बचकानी कोशिश की थी। बहरहाल, पीएम मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत ने यह निर्णय किसी के दबाव में नहीं लिया है। पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने पर ही भारत ने संघर्ष विराम पर सहमति दी है लेकिन वह भी उसने अपने शर्तों पर दी है। यदि पाकिस्तान ने अब भी सबक नहीं सीखा और भारत के खिलाफ किसी भी आतंकी घटना को अंजाम देने की कोशिश की तो भारत पाकिस्तान के खिलाफ और बड़ी सैन्य कार्यवाही करने पर बाध्य होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि पड़ोसी देश अब भारत को परमाणु बम की धमकी देना बंद करेगा और आतंकवाद का रास्ता छोड़ देगा। अन्यथा उसे गंभीर दुष्परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

रोहित और विराट का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी तो इसके तत्काल बाद विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। इसी के साथ टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली का 14 साल लंबा सफर खत्म हो गया। विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में 9230 रन बनाए हैं और उन्होंने टेस्ट मैचों में 30 शतक तथा 31 अर्धशतक जड़े हैं। रोहित शर्मा और कोहली दोनों ने ही भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी भी संभाली थी और उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने टेस्ट क्रिकेट में अभूतपूर्व सफलता अर्जित की थी। दोनों ही दिग्गज खिलाड़ियों ने भारतीय क्रिकेट टीम को मजबूती देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। टेस्ट क्रिकेट में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। हालांकि रोहित शर्मा और विराट कोहली में अभी भी बहुत क्रिकेट बाकी है। किन्तु उन्होंने अपनी बढ़ती उम्र को देखते हुए सही समय पर सही फैसला लिया है। हालांकि टेस्ट क्रिकेट में इन धुरंधर खिलाड़ियों की कमी भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को बहुत खलेगी लेकिन इससे भारतीय क्रिकेट टीम को नई प्रतिभाओं को सामने लाने का भी अवसर मिलेगा। इन नई प्रतिभाओं को मौका देने के लिए वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ियों को सन्यास लेकर उनके लिए टीम इंडिया में जगह पक्की करनी चाहिए। रोहित शर्मा और विराट कोहली के सन्यास से प्रेरणा लेकर टेस्ट क्रिकेट से अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों को भी अपने संन्यास पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। ताकि नई प्रतिभाएं सामने आ सके।

डॉ. आशीष वशिष्ठ

भारत अमेरिका पर जरूरत से ज्यादा विश्वास के कारण मारा गया। यह बात जान लीजिए कि संघर्ष विराम के लिए पाकिस्तान की आतुरता का मुख्य कारण यह था कि उसे लगा कि पहले अपने अस्तित्व को बचाना आवश्यक है। वो उस नीति पर चल रहा था कि बचेंगे, तो भविष्य में लड़ेंगे। तो उसने अपना बचाव कर लिया है। और वह भविष्य में लड़ेगा यह मान कर चलिए। निकट समय में ही आपको किसी ने किसी आतंकवादी घटना का दुखद समाचार सुनने, देखने और पढ़ने को मिलेगा। पाकिस्तान रुकने वाला नहीं है। वास्तव में जिस दिन पाकिस्तान आतंकवाद रोक देगा, उसके अस्तित्व का औचित्य ही समाप्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे सैन्य बल पाकिस्तान के चरित्र से परिचित हैं। इसलिए राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में पीएम मोदी ने तमाम अहम बातों के अलावा यह भी स्पष्ट कर दिया की ऑपरेशन सिंदूर अभी स्थगित ही हुआ है। अर्थात् यह कि आतंक के विरुद्ध भारत का एक्शन जारी रहेगा।

यह अल्पविराम है, युद्ध तो होगा ही!

पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत के वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को जिस तरह से नष्ट भ्रष्ट किया, विश्वभर में उसका कोई दूसरा उदाहरण सहसा ही स्मरण नहीं आता। आतंकी ठिकानों की विनाश और सैकड़ों आतंकियों के अर्थी एक साथ उठने से बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय शहरों, आम नागरिकों, पूजा स्थलों और सैन्य ठिकानों पर हमले करके जिस अदूरदर्शिता का परिचय दिया उसके बारे में क्या कहा ही कहा जाए।



पाकिस्तानी सेना के हमलों के प्रत्युत्तर में जब वीर भारतीय सैनिकों ने अपने हथियारों का रुख पाकिस्तान की ओर मोड़ा तो तीन ही दिन में पाकिस्तान दया की भिक्षा मांगने लगा। दुनिया में श्रेष्ठ सैनिकों में शामिल भारतीय सैनिकों ने जिस तरह पाकिस्तान के हमलों को कुशलता पूर्वक असफल किया और उसके सैन्य ठिकानों पर अचूक निशाना लगाया है, उससे विश्व की तमाम छोटी–बड़ी शक्तियां अवाक और संज्ञा शून्य की स्थिति में है। दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत के बाद मौखिक संघर्ष विराम हो चुका है। पाकिस्तान की प्रवृति, चरित्र और इतिहास के आलोक में एक बात स्पष्ट तौर पर जान लीजिए, या गांठ बांध लीजिए, आज नहीं तो कल युद्ध तो होना ही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 मिनट के अपने सटीक, संतुलित और सारगर्भित संबोधन में पाकिस्तान के दुष्ट आचरण और दुष्प्रवृति को समस्त विश्व के समक्ष निरावृत करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ी। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से साहसी भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान को जितनी गहरे घाव दिए हैं, वो उसकी आने वाली संततियों को भी विस्मृत नहीं होंगे। वर्ष 1948, 1965, 1971 और 1999 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को इतनी बुरी तरह से नहीं पीटा, जितना ऑपरेशन सिंदूर में उसको क्षति पहुंची है। जितने गहरे घाव उसे इस बार वीर भारतीय सैनिकों ने दिये हैं, वो अगर पूर्व में दिए गए होते तो यह दिन देखने की आवश्यकता नहीं होती। एक दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में पाकिस्तान हर बार बचता रहा। और हमारे सैनिक चाहकर भी पाकिस्तान को छोड़ते रहे। लेकिन वर्तमान में पीएम मोदी की सरकार ने जिस दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम ही है।

साहसी भारतीय सेना के हमलों से हो रहे प्रत्यक्ष और संभावित नुकसान के दृष्टिगत पाकिस्तान अपने आका अमेरिका की शरण में गया, लेकिन उसे वहां से भी कोई संतोषप्रद आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ। अंततोगत्वा पाकिस्तान के मिलट्री ऑपरेशन के डीजी ने अपने भारतीय समकक्ष से संपर्क साधा। भारतीय सेना ने अपने संकल्पों, नियमों और इच्छा अनुकूल संघर्ष विराम की उद्घोषणा की। संघर्ष विराम का क्रेडिट लेने का भरपूर प्रयास अमेरिका और उसके राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया। लेकिन भारतीय सेना की ब्रीफिंग और पीएम मोदी के संबोधन ने अमेरिका के सारे दावों की वायु निकाल दी। एक प्रसिद्ध कहावत है, चोर चोरी से जाए, हेराफेरी से न जाए। और पाकिस्तान ही वह चोर है, जो हेराफेरी से बाज नहीं आएगा। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद भी उसके आचरण में अधिक परिवर्तन देखने को नहीं मिला। इसलिए भारत सरकार और पीएम मोदी ने स्पष्ट संदेश पाकिस्तान को दिया है कि भविष्य में आतंक की घटना को युद्ध माना जाएगा। पाकिस्तान अपने चरित्र के अनुरूप आचरण करेगा, यह मेरा ही नहीं, हर जागरूक नागरिक का अटल विश्वास है। भारतीय नीति और विचार यह है कि हमारे लिए आतंकवाद समाप्त हो जाए तो हमारा संघर्ष और युद्ध समाप्त हो जाएगा। उसे हम अपनी जीत मान लेंगे। लेकिन पाकिस्तान के लिए यह लड़ाई कभी समाप्त नहीं होगी क्योंकि उसका वास्तविक लक्ष्य है भारत को मिट्टी में मिलाना है। उसका जन्म ही भारत से घृणा के आधार पर हुआ है। जब तक भारत है, तब तक पाकिस्तान की लड़ाई है। तो भारत का होना, भारत की उपस्थिति, भारत का अस्तित्व ये पाकिस्तान के लिए जोखिम है। वो इसी जोखिम को समाप्त करने का प्रयास करता रहता है।

भारत को मिट्टी में मिलाने के पाकिस्तान ने पहले युद्ध के माध्यम से प्रयास किए। जब उसने यह देखा कि युद्ध में हानि अधिक है, और वह अपने लक्ष्यों का प्राप्त नहीं कर पा रहा है तो उसने छद्म युद्ध शुरू किया। इस छद्म युद्ध के अंतर्गत आतंकवादियों का संरक्षण, प्रशिक्षण देकर भारत में अशांति फैलाने की नीति पर चलना शुरू किया। इसमें कोई बड़ा खर्च भी नहीं है। शस्त्र क्रय करने के लिए उसे धन अमेरिका, यूरोप, तुर्की और चीन दे ही देते हैं। अफगान युद्ध का उसने खूब लाभ उठाया। अमेरिका से उसने पैसा भी लिया, हथियार भी लिए। पहले रूस से लड़ने के लिए, फिर अफगानिस्तान से लड़ने के लिए। अमेरिका को भी धोखा देता रहा। ओसामा बिन लादेन को अपने यहां छुपा कर रखा और अमेरिका को पता नहीं लगने दिया। आखिरकार अमेरिका ने खोज लिया और खोज कर मारा।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान किसी को भी धोखा दे सकता है। और भारत को तो हमेशा धोखा ही देगा। पाकिस्तान की एक बात पर हमेशा विश्वास करना चाहिए कि उस पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए।

वो हमेशा दगा देखा, हमेशा धोखा देगा। इसलिए वो चाहे कोई भी वायदा करे तब भी उस पर भरोसा नहीं करना चाहिए कि वो भविष्य में आतंकवाद का साथ नहीं देगा। वो सिर्फअवसर की प्रतीक्षा करेगा। वर्तमान में जो स्थितियां वहां भारत के हमले के बाद उपजी हैं, उसके चलते पाकिस्तान की सेना और सरकार आमजन में अपनी छवि और साख को बनाए रखने के लिए भारत को नुकसान पहुंचाने में पीछे नहीं हटेगा। ये बात गांठ बांध लीजिए। ये संघर्ष विराम उसे इसीलिए चाहिए था, सांस लेने का अवसर। जो घाव भारतीय सेना ने उसे दिये हैं, उन पर मरहम पट्टी का अवसर चाहिए था। उसे फिर से तैयारी का अवसर चाहिए था। फिर से आतंकवादी गतिविधियों की रणनीति बनाने का समय और मौका चाहिए था। उसे तीन वस्तुओं की आवश्यकता थी। समय, पैसा और हथियार। और उसको ये तीनों चीजें संघर्ष विराम ही दिला सकता था। और उसे संघर्ष विराम मिल चुका है।

विश्व में पाकिस्तान की ही नहीं, अमेरिका की छवि धोखेबाज देश की है। विश्व भर में उसकी धोखेबाजी के किस्सों की लंबी सूची है। और जहां तक बात भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की है। जब भी दोनों देशों के बीच तनाव होगा, संघर्ष होगा, अमेरिका का झुकाव पाकिस्तान की ओर होगा। अमेरिका को भारत की जरूरत है, चीन पर नियंत्रण के लिए। जब तक ये जरूरत नहीं थी तब तक अमेरिका भारत का विरोध ही करता रहा। मेरा मानना है कि संघर्ष विराम की घोषणा करके भारत अपनी शराफत में मारा गया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1811 में आज ही के दिन ही पराग्वे स्पेन की पराधीनता से मुक्त हुआ था। 1879 में 14 मई के दिन ही थॉमस एडिसन यूरोप की एडिसन टेलीफोन कंपनी से जुड़े थे। 1948 में 14 मई के दिन ही इजराइल ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा की थी। 1963 में आज ही के दिन कुवैत संयुक्त राष्ट्र का 111 वां सदस्य बना था। 1973 में 14 मई के दिन ही अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने सेना में महिलाओं के समान अधिकार को मंजूरी दी थी। 1981 में आज ही के दिन नासा ने स्पेश व्हिकल स्-192 लांच किया था। 1999 में 14 मई के दिन ही सदी का आखिरी विश्व कप क्रिकेट की लॉर्ड्स (इंग्लैंड) में शुरुआत हुई थी। 2001 में आज ही के दिन भारत और मलेशिया में सात समझौते हुए थे। 2007 में 14 मई के दिन ही जापान ने अपने शांतिवादी संविधान में संशोधन संबंधी विधेयक को मंजूरी दी थी। 2008 में आज ही के दिन टाइम्स एनआईई ने इंटरनेशनल न्यूजपेपर मार्केटिंग एसोसियेशन अवार्ड-2008 जीता था। 2010 में 14 मई के दिन ही भारत-रूस के बीच रक्षा, परमाणु ऊर्जा, हाइड्रोकार्बन, व्यापार एवं निवेश आदि में 22 समझौते हुए थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मां की दुआ

मां की दुआ व दवा शर्तिया होती है रोटी हमको जो खुद पसिया पीती है जिंदगी करे जिंदादिली उसको नमन माँ से शुरू और खत्म दुनिया होती है। **- सुरेश वैष्णव**

करके पाकिस्तान

क र के पाकिस्तान पर, ऑप्रेशन सिंदूर। किए सभी आतंक के, सपने चकनाचूर।। हिजबुल लश्कर जैश के, अड्डे हुए ध्वस्त। ऑप्रेशन सिंदूर से, किया हिन्द ने पस्त।। वायु सैनिकों ने किया, दुश्मन देख तबाह। घुसकर उनकी मांद में, कर डाला है स्वाह।। वंदे मातरम की भरी, सेना ने हुंकार।। आप्रेशन सिंदूर को, करके अंगीकार।। जैसे ही राफेल ने, नभ में भरी दहाड़। ऑप्रेशन सिंदूर ने, हुलिया दिया बिगाड़।।

- रजनी रामदेव

खास पाती। उगते सूरज का रंग सिंदूरी

उगते सूरज का रंग सिंदूरी सिंदूरी सांझ सवेरा है रंग नहीं यह केवल श्वसों की जीवन रेखा है माथे पर लगा सिंदूर शोभा नहीं शक्ति है भरे मांग में या तिलक लगे कहीं प्रेम, कहीं भक्ति है सिंदूर बिना सूना श्रृंगार सिंदूर बिना सब अधूरा है लाल बिंदिया,लाल चूड़ियां कुमकुम से जीवन पूरा है सिंदूर प्रतीक समर्पण का प्रिय पर अर्पण हो जाये सिंदूर मर्यादा,सिंदूर है लज्जा सिंदूर शपथ निभाना सिखलाये कीमत उनसे पूछिए जिसने सिंदूर खोया है लौट कर आता नहीं चाहे जीवन भर कोई रोया है **- माया देवांगन**

भले ही मुझे कोई अंध भक्त कहे परंतु

भले ही मुझे कोई अंध भक्त कहे परन्तु मैं सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय का स्वागत करता हूं साथ ही याद दिलाता हूं आज ही प्रधानमंत्री जी का वह बयान जिसमें आपने किसी भी आतंकवादी घटना को युद्ध की घोषणा मानने की बात कही है, आप मजबूत बन कर उभरे हैं विजेता हैं और ड्राइविंग सीट पर बैठे हैं। भारतीय हितों की अनदेखी नहीं हुई है। **- नवीन शंकर शर्मा**

कथाओं में राक्षसी हुआ करती थी

कथाओं में राक्षसी हुआ करती थी।जिन्हें रक्त पीने और पुरूषों की लालसा इतनी थी कि वो हर रोज नया स्वांग रच उस राजा के लिए षड्यंत्र रचती जो राजा प्रजा हित चाहता था।उसी मादा ने फिर से जन्म लिया।दुर्भाग्य से वो खुद को लोकगायिका कहने लगी।

- दिव्या राकेश शर्मा

सरहद पर जाते वक्त वो जो नज़र

सरहद पर जाते वक्त वो जो नज़र झुका कर कहा तुमने प्रिया! लौट कर न आ पाऊँ शायदफिर से तेरी बांहों में जम्भूमि के कर्ज चुकाने हैं नहीं निभा पाउँगा तुम्हारे प्रति अपना फर्ज हो सके तो माफ़कर देना मुझे सच कहूँ तो तेरी इस शपथ से डबडबाये जरुर थे मेरे नयन पर यकीं कर साथी मेरा माथा गर्व से तन गया था उस वक्त कितनी ख़ुशनसीब होती हैं वो माएँ, बहन बेटियाँ पत्नियाँ ,वे प्रेमिकाएँ जिनके बेटे भाई पिता पति ,प्रेमी देश-प्रेम में मिट जाते हैं **- 'आशा'पांडेय ओझा**

मां के दिल को पढ लिया, जिसने भी

मां के दिल को पढ लिया,जिसने भी इंसान। नही जरूरी बांचना, गीता और कुरान।। गुस्से मे भी जब नही...मुझको कहा खराब। माँ की ममता का तुम्हे, क्या दूं और हिसाब ।। मेरे अपने आप ही,.... बन जाते हैं काम । मां के आशीर्वाद का, देख लिय परिणाम ।। मां से बढ़कर कब हुआ, कोई और मुकाम । चाहे आवें साथ मे, मिल कर देव तमाम ।। वो चूल्हे की रोटियां,...वो अरहर की दाल।जीवन मे इनका पडा,माँ के बिना अकाल।। होता है इस भांति कुछ,मां का आशीर्वाद। जैसे माली पेड को,....देता है जल खाद ।। पोंछा था जिनसे कभी,.बचपन मे मुंह गाल !माँ की पेटी से मिले, सारे वही रुमाल !! ख़त्म रसोई में हुआ , खाना जितनी बार ! मां ने फांका कर लिया, झूठी मार डकार!! **- रमेश शर्मा वशिष्ट**

चाहे पूरी दुनिया घूम आना अब कश्मीर

चाहे पूरी दुनिया घूम आना अब कश्मीर कभी न जाना वो दहशतगर्दों का है पुराना ठिकाना वहां के वाशिंदे भी उनसे निभाते हैं याराना कश्मीरियत का कर कर के बहाना लूटा है उन्होंने पूरा जमाना

- राजीव वर्मा

खंड- (1) : राष्ट्र की बात
द्रोपदी मुर्मू चुनाव

विजय कुमार गुप्ता

पार्षद यात्रा पड़ाव, जीवन में मोड़ लाए,
सेवा सदभाव से ही, विधायिका पाती है।
वक्तव्य व्यवहार तो, जनता के बीच आए,
नेत्री नहीं जनता तो, देवी ही बताती है।
दिव्य चक्षु पाकर ही, देखा अलौकिक जग,
अर्जुन सा यदि मिले, भव्यता दिखाते हैं।
तलाश की दाद देते, झेलती असीम दुख
द्रोपदी मुर्मू शान से, प्रेसिडेंट पाते हैं।
निर्विरोध चुनाव तो, मंजूर कबूल नहीं,
विपक्ष का गुरुर है, दम भी दिखाना है।
लोकतंत्र देश चाहे, विपक्ष मजबूत हो
तुलना जो सुरूर में, काहे हरवाना है।
आजादी महोत्सव का, शानदार अंत हुआ
आदिवासी महिला को, सर्वोच्च बनाया है।
लोकतंत्र को नमन, गदगद हैं गर्व से,
प्रेसिडेंट पद पर, आसीन कराया है।

QUIZ TIME

1) भारत के किस राज्य में आदि पेरूक्कु मानसून महोत्सव मनाया जाता है जिसमें देवी पार्वती की पूजा भी शामिल है?

2) दरूबरू मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता यह दुनिया में पुरुषों के लिए सबसे बड़ी और सबसे सम्मानित प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता किस राज्य में मनाया जाता है?

3) दिल्ली में स्थित जंतर-मंतर का निर्माण किसने करवाया था?

4) ओडिशा के संबलपुर में समलेई मंदिर परियोजना का उद्घाटन हाल ही में किसके द्वारा किया गया?

5) भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार हाल ही में कौन बनीं हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) तमिलनाडु (2) गोवा (3) जयपुर के राजा सवाई जयसिंह (4) नवीन पटनायक (5) प्रीति रजक

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:44, सूर्यास्तः 07:02, चन्द्रोदयः 19:54, अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः ग्रीष्म, शक सम्वतः 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः 2082 (सिद्धार्थी), मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वितीया, नक्षत्रः अनुराधा, योग : परिघ, प्रथम करण : बालव (11:32 तक), द्वितीय करण : कौलव (24:35 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : वृश्चिक, मंगलः कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:46 से 12:41, अमृत काल 24:14 से 26:01, विजय मुहूर्त 14:30 से 15:24, गोधूलि मुहूर्त 19:01 से 19:22, सायाह्न सन्ध्या 19:02 से 20:04, निशिता मुहूर्त 23:52 से 24:34, राहुकाल 12:00 से 13:30, राहुवास पश्चिम, यमगण्ड 08:49 से 10:31, दुर्मुहूर्त 08:08 से 09:03, होमाहुति चन्द्र, दिशा शूल उत्तर, अग्निवास पृथ्वी (24:35 तक), चन्द्र वास उत्तर, शिववास गौरी के साथ (24:35 से सभा में)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आप सेहत को लेकर अधिक संवेदन शील एवं चिंतित रहेंगे परिवार में आज किसी ना किसी के ऊपर दवाओं का खर्च लगा रहेगा।

वृष : आपके लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। व्यवसाय के साथ ही आज मित्र संबंधियों से भी लाभ होगा।

मिथुनः आज का दिन आपको मध्यम फलदायी रहेगा। सेहत में आज उतार चढ़ाव लगा रहेगा।

कर्कः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आज आप अन्य कार्यो को छोड़ धार्मिक गतिविधियों में ज्यादा संलग्न रहेंगे।

सिंहः आज का दिन भी आपके लिए कलहकारी बना रहेगा। आपसी व्यवहारों में थोड़ी सी चूक अशांति फैलाएंगी।

कन्याः आज के दिन आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी दिन के आरंभ में मन मे आध्यात्मिक भाव रहेगा भजन पूजन में समय देंगे।

तुलाः आज के दिन आपमे संतोष की भावना अधिक रहेगी जितना मिल जाए उसी में आनंद से रह लेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपको सुख-संतोष की अनुभूति कराएगा। दिनचर्या आज व्यवस्थित नही रहेगी फिर भी दैनिक एवं सरकारी कार्यो को छोड़ शेष सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण होंगे।

धनुः आज के दिन भी आपको विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। व्यवसाय में आज बने बनाये सौदे हाथ से निकलने पर दुख होगा।

मकर : आज के दिन आप सार्वजनिक कार्यो में ज्यादा रुचि लेंगे इस कारण स्वयं के कार्य विलम्ब से होंगे।

कुंभः आज दिन का आरंभ आलस्य प्रमाद से होगा दैनिक कार्य भी विलम्ब से करेंगे। व्यावसायिक कार्यो में भी मध्यान तक अरुचि रहेगी परन्तु इसके बाद का समय आमदनी बढ़ाने वाला रहेगा।

मीनः आज के दिन आपका मन अस्थिर रहने के कारण बनी बनाई योजनाए निरस्त हो जाएगी। बुद्धि का विवेक भी आज कम ही काम आएगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 046 का हल

मा	म	ला	■	सि	बा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सु	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तीं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

संक्षिप्त खबरें

रायपुर में सात दिवसीय राष्ट्रीय प्रिंटकला कार्यशाला शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, जो अपनी आदिम कला और संस्कृति के लिए विख्यात है, में 10 मई से 16 मई तक वेदांता सिटी, कांदूल में सात दिवसीय राष्ट्रीय प्रिंटकला (प्लेटोग्राफी) कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का शुभारंभ प्रख्यात प्रिंटमेकर प्रो. वी. नागदास के नेतृत्व में देश के प्रसिद्ध प्रिंटमेकर और चित्रकार प्रो. अजित शील (शांति निकेतन, पश्चिम बंगाल), रमेन्द्रनाथ काश्ठा (कोलकाता, पश्चिम बंगाल), और प्रो. विजय बगोड़ी (बड़ोदरा, गुजरात) ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

'डॉट्स एंड लाइन्स' नाम से रायपुर में पहली बार आयोजित इस कार्यशाला में देश के विभिन्न हिस्सों से प्रख्यात कलाकार और उभरते प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं. आयोजनकर्ता प्रो. व्ही. नागदास ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रो. अजित शील, रमेन्द्रनाथ काश्ठा, प्रो. विजय बगोड़ी, और प्रो. धनंजय पाठक (नागपुर, महाराष्ट्र) जैसे अनुभवी प्रिंटमेकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। प्रतिभागियों में मोना गुप्ता (राउरकेला, झारखंड), दुर्गा दास (खैरागढ़, छत्तीसगढ़), मुक्ता यदू दास (रायपुर, छत्तीसगढ़), डॉ. अंबरीश मिश्र (प्रयागराज, उत्तर प्रदेश), अर्चना जैन (कोरबा, छत्तीसगढ़), डॉ. निशा चड्ढा (अंबाला, हिमाचल प्रदेश), हेमलता दत्त (बोकारो, झारखंड), सुकांत दास (रायपुर, छत्तीसगढ़), अंकिता दौलतबो प्रतिभागी शामिल हैं। इसके अलावा औरंगाबाद, मध्य प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ के अन्य कलाकार भी इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। प्रो. नागदास ने कहा कि यह कार्यशाला प्रिंटकला के क्षेत्र में नए विचारों और तकनीकों को बढ़ावा देने का एक अनूठा मंच प्रदान करेगी, जिससे कला जगत में छत्तीसगढ़ की पहचान और सशक्त होगी. यह आयोजन स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर कला प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होने की उम्मीद है।

सूने मकान से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। जीएडी कालोनी कचना स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 1 लाख 85 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरसिंह ठाकुर 41 वर्ष जीएडी कालोनी कचना का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर, लेपटाप और नकदी 1 लाख 85 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 2 लाख 35 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मकान रजिस्ट्री के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी, एफआईआर

रायपुर/नवप्रदेश। मकान रजिस्ट्री कराने के नाम पर 95 लाख की फर्जी चेक देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रकाश चंद जायसवाल 59 वर्ष समता कालोनी आजाद चौक का रहने वाला है। प्रार्थी पेशे से बिल्डर है। बताया जाता है कि प्रार्थी ने आरोपी बंटी रस्तोगी एवं मोहनीस श्रीवास्तव को जमीन बेचा था। जिसकी रजिस्ट्री के समय आरोपियों ने प्रार्थी को 95 लाख का फर्जी चेक देकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

एक्टिवा की डिक्की से नकदी सहित आईफोन पार

रायपुर/नवप्रदेश। ओमाया गार्डन के पास खड़ी एक्टिवा की डिक्की से अज्ञात चोर ने एक आईफोन और नकदी 30 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दामनी सिक्का 23 वर्ष देवेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा को आमाया गार्डन के पास पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने एक्टिवा की डिक्की से आइफोन और नकदी 30 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में महोबाबाजार आमानाका निवासी पिंकू सिंह 38 वर्ष ने आमानाका थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनपी 4096 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में जागृतिनगर निवासी विक्रम तांडी 34 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केडब्ल्यू 2385 को डब्लयूआरएस कालोनी के बाजार में खड़ी किया था।

पीएम मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को चरितार्थ कर रही हमारी सरकार: सीएम साय

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को खूब भाए 'जशप्योर' के उत्पाद

रायपुर/नवप्रदेश । केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान छत्तीसगढ दौरे पर पहुंचे हैं। मंगलवार को सीएम विष्णुदेव साय ने उन्हें 'जशप्योर' के उत्पाद भेंट किए, जिसकी केंद्रीय मंत्री ने खूब तारीफ की। सीएम साय ने ट्वीट कर कहा, 'जशप्योर' ब्रांड द्वारा लघु वनोपजों से तैयार किए गए शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक एवं उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पादों से सुसज्जित टोकरी भेंट कर जशपुर की संस्कृति से परिचित कराया, जिसकी शिवराज सिंह ने सराहना की।



सीएम साय ने पोस्ट में आगे लिखा है कि स्व सहायता समूह की महिलाओं की ओर से तैयार की गई छींद कांसा की टोकरी में डेकी, कुटा, जवां फूल चावल, ग्रीन टी गिफ्ट पैकेट, टाऊ पास्ता, टाऊ महुआ कुकीज, महुआ गोंद लड्डू, रागी, मखाना लड्डू, महुआ से निर्मित च्यवनप्राश, सीरप, शहद, चाय जैसे उत्पाद थे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने इन उत्पादों की जानकारी ली और आदिवासी महिलाओं द्वारा निर्मित इन उत्पादों की खूब प्रशंसा भी की।

शिवराज को खूब भाए जशप्योर के उत्पाद : आज केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को जशप्योर ब्रांड द्वारा लघु वनोपजों से तैयार किए गए शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक एवं उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पादों से सुसज्जित टोकरी भेंट कर जशपुर की संस्कृति से परिचित कराया।

आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में काम कर रही सरकार : साय

मुख्यमंत्री ने कहा टोकरी में केंद्रीय मंत्री को दिए गए खाद्य उत्पाद केवल स्वाद ही नहीं, बल्कि समर्पण, स्वावलंबन और आदिवासी बहनों के परिश्रम, कौशल और आत्मविश्वास का प्रतीक भी है. यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को चरितार्थ करते हुए हमारी सरकार स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में काम कर रही है।

सीजी पुलिस और सीआरपीएफ का फोकस नक्सल खात्मे पर

- **प्रदेश में चल रहे नक्सल ऑपरेशन की आज प्रेसवार्ता में देंगे जानकारी**

रायपुर /नवप्रदेश । भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद अब एक बार फिर से पुलिस के साथ सीआरपीएफ का फोकस देश के लिए नासूर बन चुके नक्सलियों के सफाए पर हो गया है। इस कड़ी में छत्तीसगढ़ पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम और सीआरपीएफ महानिदेशक जीपी सिंह 14 मई को दोपहर 3 बजे बीजापुर में नक्सल विरोधी आपरेशन के बारे में जानकारी देंगे।



सुरक्षाबल ने 25 अप्रैल को नक्सलियों को उनके मांद कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर जाकर ललकारा था। अभियान की सफलता का आंकलन इस बात से किया जा सकता है कि अब तक 20 से 22 नक्सलियों को ढेर कर दिया था, जिसके शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं मौके से सुरक्षाबल के दबाव के बीच बड़ी संख्या में नक्सली भागने में कामयाब रहे थे।

सुरक्षाबलों को तलाशी के दौरान लंबी-चौड़ी गुफा मिली थी, जिसमें सैकड़ों लोग आराम से रह सकते थे। बताया जाता है कि नक्सलियों के लिए यह आरामगाह था, जहां वे रणनीति बनाने के बाद अभियान को अंजाम देने के लिए बाहर निकलते थे। अब सुरक्षाबल ने कर्रेगुट्टा पहाड़ी को एक तरह से नक्सल मुक्त कर दिया है। माना जा रहा है कि कर्रेगुट्टा पहाड़ी में मिली सफलता के बाद अब सुरक्षाबलों की आगे की रणनीति का छत्तीसगढ़ पुलिस महानिदेशक और सीआरपीएफ के डीजी खुलासा कर सकते हैं। इसके पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 7 मई को गृह विभाग की समीक्षा बैठक ली थी, जिसमें कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर चल रहे नक्सलियों के विरुद्ध अभियान की जानकारी लेते हुए जरूरी दिशानिर्देश दिए थे।बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा उपस्थित थे।

मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करें : डेका

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से मंगलवार को राजभवन में छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी के महानिदेशक सुब्रत साहू के नेतृत्व में वर्ष 2024 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की।

राज्यपाल डेका ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि अपना कर्तव्य भली-भांति निभाते हुए देश और समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहें और मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के कल्याण को प्राथमिकता दें साथ ही अपने अधीनस्थों के प्रति भी संवेदनशील रहें। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, संचालक छत्तीसगढ प्रशासनिक अकादमी टी सी महावर, प्रशिक्षण निदेशक सीमा सिंह सहित परिवीक्षाधीन अधिकारी फड़तरे अनिकेत अशोक सहायक कलेक्टर जशपुर, श्री अरविंद कुमारन टी. सहायक कलेक्टर बिलासपुर, अक्षय डोसी सहायक कलेक्टर रायगढ़, क्षितिज गुरभेले सहायक कलेक्टर कोरबा और विपिन दुबे सहायक कलेक्टर जिला बस्तर उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री साव ने किया कांग्रेस के सवालों पर पलटवार

- **9 आतंकी ठिकानों का ध्वस्त होना बड़ी जीत**
- **कांग्रेस को इतना समझ नहीं आता तो यह दुर्भाग्यपूर्ण**

रायपुर/नवप्रदेश । जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर ऑपरेशन की पारदर्शिता और प्रभावशीलता पर घेरा और स्पष्ट जवाब मांगा। इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर तीखा पलटवार किया है।

डिप्टी सीएम अरुण साव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस प्रकार कल (12 मई, 2025) डीजीएमओ ने स्पष्ट रूप से जानकारी दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय सेना ने आतंकियों के नौ अड्डों को

एकसाथ ध्वस्त किया, यह बहुत बड़ी सफलता है. पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है और खुद सीजफायर के लिए संपर्क किया. अगर इसके बाद भी किसी को समझ नहीं आता तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

कांग्रेस की 'बैलाडीला बचाओ यात्रा' पर उपमुख्यमंत्री साव का तंज

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस के बैलाडीला बचाओ यात्रा की घोषणा पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि हर राजनीतिक दल को गतिविधियां करने का अधिकार है, लेकिन जिस पार्टी ने देश को तोड़ा, वो भारत जोड़ो यात्रा निकालती है, और जिसने संविधान को तार-तार किया, वो संविधान बचाओ यात्रा निकालती है। कांग्रेस जनता से कट चुकी है और अब शून्यता की ओर बढ़ रही है।

गौरतलब है कि कांग्रेस इससे पहले दो यात्राएं स्थगित कर चुकी है और अब 'बैलाडीला बचाओ यात्रा' निकालने की तैयारी में है।

बीजेपी निकालेगी देश भर में तिरंगा यात्रा

डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि पहलगाम की घटना के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से करारा जवाब दिया, यह संदेश दिया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकता है. देशभर में राष्ट्रप्रेमी सेना के समर्थन में हैं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना के लिए तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

छत्तीसगढ़ में ओड़िशा के फार्मासिस्ट की हत्या

- **एक नाबालिग समेत चार आरोपी गिरफ्तार**

नुआपड़ा/रायपुर/नवप्रदेश । पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में एक उड़िया फार्मासिस्ट की नृशंस हत्या के मामले में एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने परशु दंडसेना (20), गणपत दंडसेना (27), सरोज दंडसेना (24) और एक अन्य नाबालिग को हिरासत में लिया है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने नुआपड़ा शहर के शिवशक्ति नगर निवासी फार्मासिस्ट मानस त्रिपाठी उर्फ नवीन (30) का शव जशेखरा गांव (कोमाखान थाना क्षेत्र) के एक खेत से बरामद किया था। इस मामले में आज कोमाखान पुलिस ने महुलभाटा से चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

कोमाखान पुलिस की एक

विशेष टीम ने कल नुआपड़ा शहर में तलाशी अभियान चलाया। सबसे पहले महुलभाटा गांव से परशु को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान परशु ने अन्य तीन आरोपियों – सरोज, गणपत और एक नाबालिग – के नाम बताए, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में पता चला कि (फार्मासिस्ट की हत्या) फार्मासिस्ट मानस पहले से ही परशु और गणपत को जानता था। 8 तारीख की शाम परशु और गणपत ने दवा मांगने के बहाने मानस को सुखसागर रेस्टोरेंट के पास एक सुनसान जगह पर बुलाया। फिर चारों ने मिलकर उसके चेहरे और दोनों हाथों को प्लास्टिक टेप से बांधा और एक चार पहिया वाहन में जबरन अपहरण कर लिया।

उसे तान्वत रोड से कोमाखान ले जाया गया और फिर लाखों रुपये की फिरौती की मांग की गई। लेकिन मानस के बचत खाते में मात्र 9,000 थे। फिरौती न मिलने पर चारों आरोपियों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को काशेकेरे के पास फेंक दिया। पुलिस ने मृतक की बाइक और दवाइयों से भरा बैग बरामद किया है.

संत ज्ञानेश्वर स्कूल के मेरिटोरियस बच्चों को राज्यपाल डेका ने किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली छात्राओं रुचिका साहू, पूर्वी साहू समेत रायपुर की अन्य शालाओं के 15 विद्यार्थियों को राज्यपाल रमेन डेका ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। गवर्नर ने बच्चों को भावी शिक्षा की तैयारी को लेकर कई टिप्स भी दिए। सीजी बोर्ड की 10वीं की प्रावीण्य सूची में आठवें स्थान पर पूर्वी साहू, नौवें स्थान पर वर्षा परिडा और 12वीं की मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान हासिल करने वाली रुचिका साहू को सोमवार को अभिभावक सहित राजभवन में सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया। साथ ही रायपुर के 21 मेरिटोरियस छात्र-छात्राओं को भी उनके माता- पिता के साथ बुलाया गया था। इनमें उपस्थित 15 प्रतिभाशाली विद्यार्थी राजभवन में गवर्नर डेका के हाथों सम्मानित होकर गौरवान्वित महसूस कर रहे थे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त रायपुर की प्रतिभाओं का अभिनंदन करते हुए सभी को जीवन की इस सबसे बड़ी शैक्षणिक सफलता के लिए बधाई दी।

मौसम अलर्ट | **अगले 5 दिन बारिश की संभावना, अभी तक बिलासपुर रहा सबसे गर्म**

मंगलवार की शाम कहीं-कहीं तेज धूप में हुई बारिश!

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के लोगों को अगले 5 दिनों तक गर्मी से राहत मिल सकती है। प्रदेश के कुछ इलाकों में बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रहने की संभावना है। मंगलवार की शाम को रायपुर सहित कई जिलों में बूंदाबांदी और बारिश हुई। रायपुर में तेजधूप के बीच बारिश का नजारा भी दिखा। मौसम विभाग ने अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि की आशंका जताई है। सोमवार को बिलासपुर सबसे गर्म रहा, यहां तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार, एक द्रोणिका बिहार से झारखंड तक 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर फैला हुआ है। इस मौसम प्रणालियों के प्रभाव से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। आज एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। कुछ इलाकों में गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है। वहीं अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर जारी रहने की संभावना है।

17 जिलों में बिजली गिरने और बारिश का येलो अलर्ट : मौसम विभाग ने प्रदेश के 17 जिलों में बारिश, बिजली गिरने और तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटे) का अलर्ट जारी किया है। धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा में येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि राजधानी रायपुर में आज आकाश आंशिक मेघमय रहने और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

अस्पतालों में अब मरीज के साथ अटेंडर को भी मिल रहा नाश्ता और भोजन

- **मीनू भी बदला, अब अंडा दूध अनिवार्य, डेढ़ सौ सामान्य मरीज के लिए गर्भवती को दे रहे ढाई सौ की दिनभर में डाइट**
- **ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को मिली ज्यादा राहत**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा में अब अस्पतालों की तस्वीर बदल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के बदहाल अस्पतालों में भी कसावट लाई जा रही है। दो दिन पूर्व कटेकल्याण समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेडियो ग्राफर को कार्य मे लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया गया था। वहीं अब जिले में चलने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी मरीजो की डाइट फॉलो करवाया जा रहा है। दाल-चावल नही अब मरीज को उसकी बीमारी के हिसाब से भोजन दिया जा रहा है। अभी तक सिर्फ जिला अस्पताल में ही अस्पताल की कैंटीन से गुणवत्ता पूर्ण भोजन मरीजों को मिलता था पर अब सीएचएमओ

अजय रामटेके ने जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीज के डाइट प्लान के मुताबिक ही भोज न देने का निर्देश दिया है।जिसका असर भी दिख रहा है। जिले में गीदम, कटेकल्याण, किरन्दुल, कुआकोंडा 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं, जहां कैंटीन संचालित होते हैं। यहां मरीजो को ही अभी तक सुबह नास्ते में पोहा और सूजी मिलता था और भोजन में दोनो टाइम दाल, चावल और सब्जी दिया जाता था पर अब सुबह दूध, अंडा, ब्रेड, सूजी अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही भोजन में सिर्फ चावल नही रोटी भी शामिल किया गया है। सुबह से शाम तक का पूरा मीनू बनाया गया है।

एक अटेंडर को भी दे रहे नास्ता और खाना

सबसे बड़ा परिवर्तन दंतेवाड़ा में अटेंडर को भी भोजन देना शुरू किया गया है। दंतेवाड़ा के कुआकोंडा, कटेकल्याण, गीदम और किरन्दुल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ग्रामीण क्षेत्र से मरीज आते हैं। 50 से 60 किलोमीटर दूर से मरीज के साथ आने वाले अटेंडरों को ग्रामीण क्षेत्रो में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ता था, जिसको देखते हुए अब एक अटेंडर को भी अस्पताल की ही कैंटीन से चाय, नास्ता और भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर भी की है।

कुआकोंडा, कटेकल्याण अस्पताल पर ज्यादा फोकस, यहां सुविधाएं है कम

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुआकोंडा और कटेकल्याण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है। लापरवाही करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्यवाही भी की जा रही है दोनों असपतालो में अधिक संख्या में रोज मरीज पहुंचते हैं, दोनो अस्पतालों में अभी भी सुविधाओ का अभाव है। अब इन अस्पतालों में सुविधाएं बढाने पर फोकस किया जा रहा है। 24 घंटे डॉक्टरों की उपस्थित अस्पताल में अनिवार्य है। मरीज को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर करने में भी रोक लगाई जा रही है। संभव उपचार के बाद ही मरीजो को रेफर किया जाना है। सीएचएमओ अजय रामटेके ने बताया संसाधनों की कमी नही है, मरीज को जिले से बाहर न जाना पड़े इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है।

विधायक व कलेक्टर की उपस्थिति में हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

शिविर में 771 आवेदनों का हुआ निराकरण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन गीदम विकासखंड के ग्राम पंचायत फरसपाल में किया गया। इस शिविर में फरसपाल के साथ-साथ आलनार, कुंडेनार एवं मुंडेर इन चार ग्राम पंचायतों के आवेदनों भी निराकृत किये गए। इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी द्वारा राशन कार्ड वितरण के अंतर्गत 5 हितग्राही रयमती, मनीराम कर्मा,फरसपाल, सुखदई , सुदूराम, फरसपाल, पोडिया, दसरू, फरसपाल सन्नी, नींबू राम कर्मा, फरसपाल तुलसी, जगमोहन, मसौढी तथा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण के तहत 2 हितग्राही हुरदप ठाकुर , फरसपाल,मसराम लखमू , कुंडेनार, श्रम कार्ड वितरण के तहत 2 हितग्राही श्रीमती शमिला कर्मा, श्रीमती हेमा कर्मा लाभान्वित किया गया।

इसके साथ ही समाधान शिविर में कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा भी निरीक्षण करने के साथ-साथ दिशा निर्देश और मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में कुल प्राप्त आवेदन 771 में से सभी का शत प्रतिशत निराकरण किया गया। उक्त शिविर में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मंच पर उपस्थित रहे और उन्होंने ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के समाधान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद गीदम अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला भास्कर , उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, जनपद सदस्य पवन कर्मा , सभी चारों ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीण उपस्थित रहे ।

विद्यार्थी ले रहे ऑटोमोबाइल ओटीजी का प्रशिक्षण

अंतागढ़/नवप्रदेश। ।शहीद राजेश पवार शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतर्गत के ऑटोमोबाइल विद्यार्थी ओजीटी कार्यक्रम का प्रशिक्षण ले रहे हैं। जहां प्रतिदिन दो घंटे विद्यार्थी ऑटोमोबाइल शॉप में जाकर वाहनों के बारे में अध्ययन कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं तथा विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर व्यावसायिक शिक्षा में सैद्धांतिक और प्रायोगिक कार्य में दक्ष होते हैं। वहीं ऑटोमोबाइल व्यावसायिक प्रशिक्षक देवेंद्र कुमार साहू के द्वारा रोजाना शोरूम में या ऑटो पार्ट्स गैरेज की दुकान में जाकर निरीक्षण करते हैं। बताया जा रहा है कि यह कार्य सन 2018 से अब तक इस विद्यालय में चल रहा है। जहां कई विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मोटरसाइकिल बनाना सीख रहे हैं। मोटरसाइकिल का हर पार्ट्स को बारीकी से समझना और उसे बनाना तथा मोटरसाइकिल का जीवन कहे जाने वाले इंजन को बनाना यह अंतिम प्रशिक्षण माना जाता है। जिसे विद्यार्थी बड़ी लगन के साथ देखकर और बनाकर देख रहे हैं।

रामशिला को कलेक्टर ने किया सम्मानित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षा में जिले से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा रामशिला ने कक्ष दसवी में 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे प्रदेश में प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया है। वर्तमान में वह ''छू लो आसमान'' आवासीय योजना के अंतर्गत रहकर अध्ययन कर रही है और भविष्य में आईआईटी मद्रास से इंजीनियरिंग करने की इच्छा रखती है। उसकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत उसे प्रोत्साहन स्वरूप एक लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया गया।

रामशिला की यह सफलता दंतेवाड़ा जिले के समग्र प्रयासों का भी परिणाम है। वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में जिले ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10वीं में 94.45: परिणाम के साथ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 12वीं में भी जिले ने 85.66: परिणाम के साथ 11वें स्थान से छलांग लगाते हुए छठवां स्थान प्राप्त किया।

इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे कई ठोस और योजनाबद्ध पहल रहीं। अगस्त माह से शुरू होकर पूरे वर्ष भर चली मासिक टेस्ट श्रृंखला में इकाई-वार, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक, प्री-बोर्ड और बोर्ड स्तर की परीक्षाएं आयोजित की गईं। इन परीक्षाओं के प्रश्नपत्र पीएलसी (पीयर लर्निंग सर्कल) के माध्यम से तैयार किए गए, जिससे उनकी गुणवत्ता और समानता सुनिश्चित हुई। सभी स्कूलों में एक साथ परीक्षा आयोजित की गई और उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन छात्रों के अपने स्कूलों के बाहर करवाया गया, जिससे निष्पक्षता बनी रही। छात्रों के प्रदर्शन पर सालभर सतत निगरानी रखी गई। कमजोर छात्रों के लिए रेमेडियल कक्षाएं और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की व्यवस्था की गई, वहीं मेधावी छात्रों को राज्य की टॉप-10 सूची में स्थान दिलाने हेतु दो दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई।

आवेदनों की गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें : कलेक्टर

- **आगामी वृक्षारोपण महोत्सव और की तैयारियों को समय पूर्व पूर्ण करने को कहा**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय के सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आगामी प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के कार्ड निर्माण में हो रही धीमी प्रगति में तेजी लाने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर शत-प्रतिशत पात्र

हितग्राहियों के कार्ड बनाना सुनिश्चित करें, ताकि जरूरतमंदों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह योजना आमजन के लिए जीवन रक्षक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

इसके साथ ही वृक्षारोपण महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग को अभी से कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से ÷एक पौधा मां के नाम÷ अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि मातृत्व को सम्मान देने का एक सशक्त प्रयास भी है। बैठक में आगामी सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों और मांगों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि वे इन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि लोगों में शासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो।

इसके साथ ही कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रस्तावित मुख्यमंत्री दौरे के संदर्भ में भी चर्चा की। उन्होंने लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास कार्यक्रमों से जुड़ी सभी तैयारियों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित जिले के समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण दो दिनों के भीतर करें : कलेक्टर

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में मंगलवार को सुबह समय-सीमा की बैठक आहूत की गई। जिसमें उन्होंने सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण आगामी दो दिनों के भीतर करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए भी अधिकारियां को निर्देशित किया। जिन विभागों में सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं जो पेयजल, हैंडपंप सुधार, आवास, राशन आदि से संबंधित हैं, ऐसे विभाग जल्द से जल्द आवेदनों को निराकृत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है और सभी अधिकारी इसके तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता से करें। इसके अलावा यदि किसी प्रकार की मांग का निराकरण शासन स्तर पर होना है तो इसके लिए आवेदनों को तत्काल संबंधित उच्च कार्यालय को अग्रेषित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक की हुई प्रगति की समीक्षा की तथा इसमें तेजी लाने के निर्देश जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री हरेश मण्डावी को दिए। इसी तरह सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण के पेंडिंग प्रकरणों को शीघ्रता से प्रारम्भ करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा वयोवृद्ध जनों का पंजीयन करने और सिकलसेल की स्क्रीनिंग बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। दिव्यांगों को शासन की योजना का लाभ दिलाने निःशक्तता प्रमाण पत्र फौरी तौर पर जारी के के लिए भी कलेक्टर ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में खाद-बीज की उपलब्धता में वृद्धि हुई है और किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त बैठक में कलेक्टर राजस्व, आदिवासी विकास, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, वन, नगरीय निकायों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण सहित विभिन्न विभागों में लम्बित आवेदनों की समीक्षा करते हुए यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

एक आवेदन से परदेशीराम को मिला जॉब कार्ड

कांकेर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भैराडीह के ग्राम सिलतरा निवासी परदेशी राम साहू को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा राज्य भर में चलाए जा रहे सुशासन तिहार की जानकारी मिली, तो उन्होंने मनरेगा जॉब कार्ड के लिए आवेदन किया। उनकी यह पहल सफल रही और कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पीढ़ापाल में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन शिविर में कांकेर विधायक आशाराम नेताम द्वारा उन्हें उनका मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किया गया।

इस उपलब्धि से श्री साहू को अब रोजगार की गारंटी के साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत आधार मिला है। साथ ही वह इसलिए भी खुश हैं क्योंकि आवास योजना की सर्वे सूची में उनका नाम पात्र लोगों में शामिल हो जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सुशासन तिहार जैसे कार्यक्रम गांव के आम लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं।

सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायत पीढ़ापाल में लगाया गया समाधान शिविर

- **मुख्यमंत्री साय की सोच गांवों व शहरों का समेकित विकास हो :- विधायक**

कांकेर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण में ग्रामों में समाधान शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों के आवेदनों पर की गई कार्यवाई की जानकारी विभागीय अधिकारियों के द्वारा दी जा रही है। इसी क्रम में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन मंगलवार को कांकेर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पीढ़ापाल में किया गया, जहां पर ग्रामीणों ने अपने आवेदन के निराकरण की जानकारी ली। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर

पर उपस्थित कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गांव, गरीब, किसान के विकास के लिए कृतसंकल्पित है और इसे ध्यान में रखते हुए सुशासन तिहार चलाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि गांवों व शहरों का चौतरफा और समेकित विकास हो, इसी सोच के साथ साय सरकार विभिन्न योजनाओं के जरिए प्रदेश को अग्रसर कर रही है। कांकेर विधायक ने ग्रामीणों को शासन के योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग करने की भी बात कही।

ग्राम पीढ़ापाल में आयोजित समाधान शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी और मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा ने भी सुशासन तिहार के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आने की अपील ग्रामीणों से की। शिविर में कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने सुशासन तिहार के तीसरे चरण में जिले में कुल 39 समाधान शिविर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की ऑनलाइन मॉनिटरिंग शासन स्तर पर की जा रहीं है। उन्होंने बताया कि इस दौरान सड़क, पुल-पुलिया निर्माण, उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस, मोबाइल टावर, आवास, पेयजल जैसी विभिन्न मांगें ग्रामीणों की ओर से प्राप्त हुई है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

चारामा थाने का मामला

कांकेर/नवप्रदेश। थाना चारामा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आवरी के आरोपी दिलीप उर्फ दीप मोरे पिता स्व0हिरा राम मोरे उम्र 27 वर्ष को नाबालिग से बलात्कार करने के मामले में चारामा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी ने 07मई को मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी लडकी नाबालिग पुत्री 06मई 2025 को तकरीबन 16.00 बजे को घर से बिना बताये कही चली गयी है कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 26/2025 एवं अपराध क्रमांक 63/2025 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर जांच पता

तलाश में लिया गया।मामला नाबालिग बालिका संबंधी होने से प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उमनि. एवं वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कांकेर आई. के. ऐलिसेला के निर्देषन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेष कुमार सिन्हा (रा.पु.से.)के मार्गदर्षन में श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान (रा.पु.से. के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर पीडित अपहृता एवं आरोपी का पता तलाश कर पीड़िता को दस्तयाब एवं आरोपी दिलीप उर्फ दीप मोरे को गिरफ़्तार कर मा.न्यायलय में पेश किया गया है।

प्रथम पेज का शेष

भारत की ओर नजर...

आपने इतिहास रच दिया। मैं आपके दर्शन करने आया हूं।

भारत के पराक्रम की चर्चा

उन्होंने कहा कि जब वीरों के पैर जमीन पर पड़ते हैं तो धरती धन्य हो जाती है। आज से अनेक दशक बाद भी जब भारत के पराक्रम की चर्चा होगी तो उसके सबसे प्रमुख अध्याय आप और आपके साथी होंगे। आप सभी वर्तमान के साथ ही देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए भी नई प्रेरणा बन गए हैं। मैं वीरों की इस धरती से वायुसेना, थलसेना, नौसेना के सभी जांबाजों और देश के शूरवीरों को सैल्यूट करता हूं।

निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी- उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की गूंज सुनाई दे रही है। हर भारतीय की प्रार्थना आपके साथ है। हर देशवासी अपने सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञ है। ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं, यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। भारत गौतम बुद्ध की धरती है और गुरु गोविंद सिंह की भी धरती है। अधर्म के खिलाफ धर्म की स्थापना के लिए शस्त्र उठाना हमारी परंपरा है। जब हमारी बहनों, बेटियों का सिंदूर छीना गया तो आतंक के फण को उसके घर में घुसकर कुचल दिया गया।

पाक के नापाक इरादे हर बार नाकाम हो गए- पीएम मोदी ने कहा कि मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि आप सभी अपने लक्ष्यों पर बिल्कुल खरे उतरे हैं। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और उनके एयरबेस ही तबाह नहीं हुए, बल्कि उनके नापाक इरादे और उनके दुस्साहस, दोनों ही हार हुई। साथियों! ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए दुश्मन ने इस एयरबेस के साथ-साथ हमारे अनेक एयरबेस पर हमला करने की कई बार कोशिश की, बार-बार हमें टारगेट किया, लेकिन पाकिस्तान के नापाक इरादे हर बार नाकाम हो गए।

हम घर में घुसकर...

महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक पर लिखी गई हैं। ये आज के आधुनिक भारत के हथियारों पर भी फिट बैठती हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से आपने देश का आत्मबल बढ़ाया है। देश को एकता के सूत्र में बांधा और भारत की सीमाओं की रक्षा की। भारत के स्वाभिमान को नई ऊंचाई दी। आपने वो किया, जो अभूतपूर्व है, अकल्पनीय है, अद्भुत है। हमारी एयरफोर्स ने पाकिस्तान में अंदर तक जाकर 20-25 मिनट तक सीमा पार लक्ष्यों को भेदा, आतंक के ठिकानों को टारगेट किया। यह सब एक आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस प्रोफेशनल फोर्स ही कर सकती है। आपकी रफ्तार और आपकी सटीकता इस स्तर की थी कि दुश्मन हक्का-बक्का रह गया। उसे पता ही नहीं चला कि कब उसका सीना छलनी हो गया है।

मानसून ने अंडमान-निकोबार...

और कुछ क्षेत्रों में यह 4.5 किमी तक फैली रही।- अब इन जगहों पर पहुंच सकता है मानसून

स्थिति को देखते हुए अब मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले 3-4 दिनों में मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीव, कोमोरिन क्षेत्र, बाकी अंडमान-निकोबार द्वीप, अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी के और हिस्सों में पहुंच सकता है। यानि अब देश में धीरे-धीरे मानसून की दस्तक शुरू हो गई है और जल्द ही दक्षिण भारत में बारिश बढ़ सकती है।

छत्तीसगढ़ की प्रगति...

आद्या अग्रवाल ने 97.25प्रतिशत और पूर्वी पारख ने 97प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में डिजिटल...

साय ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण विकास और कृषि को राज्य की रीढ मानती है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि गांवों की समग्र समृद्धि सुनिश्चित करना है। किसानों की आय बढ़ाना, रोजगार के अवसर पैदा करना और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य के सुदूर और वंचित क्षेत्रों तक विकास की पहुंच बनाना एक साझी जिम्मेदारी है, जिसको पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार दृढ़ संकल्पित है।

डिजिटल सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना - मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाना, डिजिटल सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना और युवाओं को कौशल आधारित रोजगार देना ही वास्तविक सुशासन है। उन्होंने कहा कि हमारी रणनीति योजनाओं को सिर्फ आंकड़ों तक सीमित रखने की जगह जन-जीवन में बदलाव लाने की है।

वाटर पार्क में मासूम की डूबकर मौत: नेता व पुलिस विभाग की भूमिका संदिग्ध

■ संचालक को बचाने में नेता और पुलिस विभाग संलिप्त !

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव में एक वाटर पार्क में एक मासूम बच्चे की डूबकर मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद वाटर पार्क के संचालक को बचाने में नेता और पुलिस विभाग लगा हुआ है।

न्याय की मांग

मासूम बच्चे के परिवार ने न्याय की मांग की है। उनका कहना है कि वाटर पार्क के संचालक की लापरवाही के कारण उनके बच्चे की मृत्यु हुई है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिलनी चाहिए।

मासूम बच्चे की मौत

मासूम बच्चे की मृत्यु के बाद उसके परिवार में शोक की लहर है। परिवार के लोग न्याय की मांग कर रहे हैं।

नेता और पुलिस विभाग की भूमिका

आरोप है कि नेता और पुलिस विभाग वाटर पार्क के संचालक को बचाने में लगा हुआ है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि नेता और पुलिस विभाग की मिलीभगत से वाटर पार्क के संचालक को बचाया जा रहा है।

निष्कर्ष

कार्रवाई की मांग

वाटर पार्क के केयर टेकर के द्वारा दिए गए बयान की भी जांच करनी चाहिए उसके द्वारा बताई गई बातें भी संदेह उत्पन्न करती है

स्थानीय लोगों ने भी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि वाटर पार्क के संचालक और नेता और पुलिस विभाग की मिलीभगत की जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों को सजा मिलनी चाहिए।

वाटर पार्क में मासूम बच्चे की डूबकर मृत्यु एक दर्दनाक घटना है। नेता और पुलिस विभाग की भूमिका संदिग्ध है और न्याय की मांग की जा रही है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

तापमान 40 डिग्री पार, दोपहर में सुनसान हुआ बाजार

तेज गर्मी और उमस से नवागढ़ बेहाल

दोपहर के समय सड़कों से रौनक रही गायब

नवागढ़/नवप्रदेश। बीते दिनों हुई बारिश के बाद अब पड़ रही तेज गर्मी और उमस ने नगरवासियों को बेहाल कर दिया है। रविवार और सोमवार को पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। तीखी धूप और उमस के चलते दोपहर के समय सड़कों से रौनक गायब रही। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और अधिकतर दुकानों के शटर आधे गिरे नजर आए।

स्थानीय निवासी रोशन धर दीवान ने बताया, लग रहा है इस बार गर्मी सारे रिकार्ड तोड़ देगी। दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बिजली कटौती ने स्थिति और बिगाड़ दी है।

गौरवपथ, बस स्टैंड और सब्ज़ी मंडी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही लगभग न के बराबर रही। व्यापारी वर्ग का कहना है कि ग्राहक नहीं आने से व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।

मौसम विभाग की चेतावनी

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक तापमान में किसी खास बदलाव की संभावना से इनकार किया है। विभाग ने दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। साथ ही नागरिकों को अधिक पानी पीने, छायादार स्थानों में रहने और हल्के कपड़े पहनने की अपील की गई है।

प्रशासन सतर्क, अस्पतालों में इंतजाम

स्वास्थ्य विभाग ने हीट स्ट्रोक से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी की है। अस्पतालों में ओआरएस घोल, ठंडे पानी और प्राथमिक उपचार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

चंदन पाटकर ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल किए

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10 वी बोर्ड परीक्षा में चंदन पाटकर ने 92 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल कर अपनी संस्था,परिजनों और नगर का नाम गौरांवित किया है। लालाराम पाटकर एवं माता पद्मिनी पाटकर के सुपुत्र चंदन कुमार सेंट मेरीज अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अध्यनरत है और उसने 600 में से 555 अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया है ,उसकी इस उपलब्धि पर वार्ड पार्षद कुंजराम कोशले सहित उनके शुभचिंतकों,मित्रों और परिजनों ने बधाई और शुभकामना दी है।

साजा नगर में समाधान शिविर 13, 20 व 27 को

साजा - नगर पंचायत साजा में सुशासन तिहार-2025 के तहत समाधान शिविर का आयोजन 13, 20 व 27 मई को किया जाएगा। नगर पंचायत साजा से प्राप्त जानकारी के अनुसार समाधान शिविर 13 मई को वार्ड क्रमांक 15 के यादव भवन में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें वार्ड क्रमांक 1, 6, 7, 8, 15 से प्राप्त आवेदनों का समाधान किया जाएगा। वहीं 20 मई को वार्ड क्रमांक 02 के साहू भवन में आयोजित किया गया हैं, जिसमें वार्ड क्रमांक 2, 3, 4, 5, 10 से प्राप्त आवेदनों का समाधान किया जाएगा। वहीं 27 मई को वार्ड क्रमांक 12 के अंबेडकर भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वार्ड क्रमांक 9, 11, 12, 13, 14 से प्राप्त आवेदनों का समाधान किया जाएगा।

जोगेन्दर मक्कड़ का निधन

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्टर जोगेंदर सिंह मक्कड़ का सोमवार को निधन हो गया।वे जितेंद्र मक्कड़, संजय मक्कड़ (मक्कड़ इंटर प्राइज) के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार तीसरे पहर मारवाड़ी मुक्ति धाम में किया गया,जिसमें काफी संख्या में सामाजिक,व्यापारिक जन शामिल हुए।

मनेन्द्रगढ़ में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त, गुलाब कमरों संभालेंगे जिम्मेदारी

एमसीबी/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत समस्त प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन हेतु क्षेत्र की सांसद प्रतिनिधि महोदया ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा गुलाब कमरों, पिता आनन्द सिंह, निवासी वार्ड नं.04 ग्राम पटेलपारा साल्ही, मोबाइल नंबर 7049675333 को उनका सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। सांसद महोदया की अनुपस्थिति में गुलाब कमरों विभिन्न बैठकों एवं आयोजनों में उनकी ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। इस संबंध में समस्त विभाग प्रमुखों को सूचनार्थ अवगत कराया गया है ताकि प्रशासनिक समन्वय एवं कार्यक्रमों का संचालन निर्विघ्न रूप से किया जा सके।

शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनसामान्य को दिलाने के लिए किया जा रहा लगातार कार्य : डॉ. रमन

समाधान शिविर के माध्यम से जनमानस की समस्याओं का हो रहा समाधान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सोमवार को जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लगभग 1 करोड़ 21 लाख रूपए के 22 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने 19 लाख हजार रूपए की लागत के नलकूप खनन हस्तपंप निर्माण कार्य, 11 लाख 30 हजार रूपए की लागत के हाई मास्क लाईट उच्चतर माध्यमिक शाला निर्माण कार्य, 38 लाख 95 हजार रूपए की लागत के हाट बाजार विकास कार्य, देवगुडी, मंच निर्माण व व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य, 26 लाख रूपए लागत के सायकल स्टैण्ड व स्मार्ट बोर्ड उच्चतमर माध्यमिक शाला निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 565 आवास स्वीकृत हुए है। जिसके लिए सभी उन्होंने ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ग्राम टेड़ेसरा के लिए 53 शौचालय निर्माण, 58 आयुष्मान कार्ड, 151 राशन कार्ड का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि आज लगभग 1 करोड़ 22 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत सबसे ज्यादा मांग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली है। जिसे 1 से 2 वर्षों में सभी आवासों को पूर्ण करने का कार्य करना है। उन्होंने ग्राम टेड़ेसरा के लिए नये पंचायत भवन की स्वीकृति दी तथा 16 लाख रूपए की लागत से गौरव पथ निर्माण, 3 लाख रूपए की लागत से सांस्कृतिक भवन का निर्माण, 3 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि इस समाधान शिविर के माध्यम से जनसामान्य की समस्याओं का समाधान हो रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनसामान्य को मिले, इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत शासन प्रशासन आपके द्वार तक चलकर आए हैं और आप सभी अपनी समस्या बता सकते हैं। ग्राम के प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजना पहुंचे इसके लिए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार के खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जनसामान्य को 1 रूपए प्रतिकिलो चावल मिलने पर लोगों को राहत मिली और पलायन की समस्या दूर हुई। इसी तरह मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन जैसी विभिन्न योजनाएं जनसामान्य के लिए बहुत उपयोगी है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम टेड़ेसरा, कोपेडीह, अंजोरा, देवादा, मगरलोटा, इंदावानी, ककरेल, ठाकुरटोला, सांकरा, धीरी, सोमनी, ईरा के गांव कलस्टर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। राजनांदगांव जिले लगभग कुल 1 लाख 87 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 1 लाख 30 हजार आवेदन आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है तथा शासन को पत्र लिखकर अवगत करा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए है। लगभग 32 हजार आवेदन प्राप्त हुए है। लक्ष्य के अनुसार आवासों की स्वीकृत होते रहेगी तथा पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस के तहत सर्वे का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह महतारी वंदन योजना के आवेदन भी प्राप्त हुए है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि सभी विभागों के स्टाल में जाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी ले।

हरियाली वाहिनी नीर और नारी जल यात्रा में शामिल हुए डॉ. रमन सिंह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। टेड़ेसरा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हरियाली बाहिनी नीर और नारी जल यात्रा में शामिल होकर महिलाओं द्वारा चलाई जा रही पानी बचाव के लिए किए जा रहे प्रयास को प्रोत्साहित किया और जल यात्रा रैली की रवानगी की गई हरियाली बाहिनी, मां बम्लेश्वरी समूह, बिहान की टीम ,जिला प्रशासन के सहयोग से गांव गांव में नीर और नारी जल यात्रा निकली जा रही, इस यात्राएं का नेतृत्व कर रही पद्मश्री फूलबासन यादव की अब तक 65 गांव में जल यात्रा हो चुकी है, इस जल यात्रा से गांव में गांव में जागरूकता बड़ी है, जिसके परिणामस्वरूप गांव में सोखता गड्ढा और नाला बंधान कर रहे, श्रीमती फूलबासन यादव लोगो को जल यात्रा के बाद सभा करते हुआ पानी को बचाने के विभिन्न उपाय को बारीकी से बता रही है। वे अभी से जगने का आहवान कर रही है, नहीं तो हमें आने वाले समय में स्वयं एवं परिवार को भुगतना पड़ेगा, हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन पौधा लगाने जोर देते हुए हरियाली लाने ग्रामवासी को प्रेरित कर रहे है जिस प्रकार से पेड़ पौधे का नुकसान हो रहा है आने वाले संकट से बचने के लिए पौधा लगा कर बचाने के लिए आगे आने के लिए प्रयास कर रहे है हर गांव में बड़ी संख्या में पौधे लगने से पानी का संचय होगा और तापमान में कमी आयेगा ग्रामीणों को अवगत कराया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थी और अभिभावक हुए पुरस्कृत

समर क्लास का समापन समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। छत्रपति शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती में 45 दिनों से चल रही ग्रीष्मकालीन कक्षाओं का समापन समारोह शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर इन कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को तथा उनके माता-पिता को भी पुरस्कृत किया गया। इसमें विद्यार्थियों के लिए नृत्य,शुद्ध लेखन,वाचन आदि के लिए कक्षाएं लगाई गई। आज समापन के मौके पर विद्यार्थियों ने नृत्य, भाषण आदि के साथ साथ रीडिंग और राइटिंग से संबंधित एकल व सामूहिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभिन्न राज्यों के लोक गीतों सहित देशभक्ति व अन्य गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए निम्न विद्यार्थी पुरस्कार किए गए - नृत्य में वैभवी पदमवार,परी आलम, सृष्टि यदु,पूर्वी यदु,हेतल साहू,गार्गी यदु ..वाचन में नित्या सोनी, लावण्या सिन्हा,लक्षिता यदु ... शुद्ध लेखन में निहारिका धीवर,केतल सोनकर,रुही पटवा,रितिका तिवारी,नीलिमा सेन,ऐश्वर्या दुबे,श्रेया पटेल,आराध्या सोनी,परी आलम,योगिता परिकार ...आज की प्रस्तुतियां देने वाले अन्य विद्यार्थी थे आर्या त्रिवेदी,आराध्या मिश्रा,खुशाली यादव, काव्या जैन, भूमिका देवांगन,पीहू चिन्नालोरे,सेजल यदु,मोनिका सिन्हा,गीतिका सारथी, हर्षिता सोनी आदि...इन विद्यार्थियों को स्कूल संचालक मुकेश शाह, प्राचार्या नफीसा रंगवाला व रशीदा फज़ली, शिरीन परवीन,आराधना बेदी,मौली चटर्जी, निर्मला बिसेन, वैशाली तिवारी,दीप्ति तिवारी,शचि मिश्रा,नग़मा आदि ने पुरस्कृत किया।

5.81 एकड़ की स्वीकृति की आड़ में लगभग 22 एकड़ अवैध अभिनंदन ग्लैक्सी का खुलासा कलेक्टर करवाएं : ओस्तवाल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर की जन- जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक जारी पत्र के माध्यम् से जिले के नवनियुक्त कलेक्टर नरेन्द्र भूरे से यह कहा कि,नगर निगम राजनांदगांव की भवन अनुज्ञा शाखा में जो भ्रष्ट्र अधिकारियों/ कर्मचारियों की मिली भगत और निगम आयुक्त के संरक्षण के चलते जिस तरह से राजनांदगांव निगम सीमा क्षेत्र मे अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-माफिया जिस तरह से शासन पर भारी पड़ रहे हैं। जिसका आये

दिन समाचार पत्रों में आने और शिकायत के बावजूद जिस तरह से नगर निगम के आयुक्त/भवन अधिकारी श्री यु.के. रामटके के संरक्षण के चलते अभिनंदन ग्लैक्सी कॉलोनी का मामला जिस तरह से दबाया जा रहा है एवं नंदई मोहारा रोड़ में 5.81 एकड़ की स्वीकृति के विरूद्ध लगभग 22 एकड़ क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कर कॉलोनी जो विकसित कर दी गई उन भूमि स्वामियों और अवैध प्लाटिंग करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई और विधानसभा मे मामला जब डोंगरगढ़ की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के द्वारा विधानसभा ध्यानाकर्षण सूचना क्रमांक-21 जानकारी चाही गई तो आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के द्वारा संयुक्त कलेक्टर जिला राजनांदगांव के नाम ध्यानाकर्षण सूचना के संबंध में दिनांक 22.02.2025 पत्र लिखकर उक्त अभिनंदन ग्लैक्सी कॉलोनी के संबंध में छ.ग. नगर पालिक

Name Change

It is informed to the general public that I BEBI ASHISH BISHWAS, D/O RAMESH BHOUMIK, 28 PV 38 INDRAPRATH, PAKHANJUR, Po. INDRAPRATH Distt UTTAR BASTAR KANKER CHHATTISGARH 494776.

have changed my old name BEBI ASHISH BISHWAS, W/O ASHISH BISHWAS so in future I should be recognized by my new name that is BEBI BHOUMIK D/O RAMESH BHOUMIK in all Government and other documents.

BEBI BHOUMIK, D/O RAMESH BHOUMIK, P V 38 DRAPRASTH, PAKHANJUR Po. INDRAPRASTH Distt UTTAR BASTAR ANKER CHHATTISGARH 494776

अवंती विहार में थायरोकेयर पैथोलॉजी लैब की शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। अवंती विहार मुख्य मार्ग स्थित थायरोकेयर पैथोलॉजी लैब का भव्य शुभारंभ आज अवंती विहार व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी द्वारा फीता काटकर किया गया। लैब के संचालक दीपक एवं सौरभ अग्रवाल ने बताया कि यहां पर सभी प्रकार की पैथोलॉजी की जांच व्यापारियों के लिए कम दरों पर की जाएगी साथ ही घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध रहेगी। राठी ने कहा कि इस लैब के शुभारंभ से अवंती विहार एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिको को अपने स्वास्थ्य को लेकर कराए जाने वाले चेकअप की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो पाएगी ,शुभारंभ में प्रमुख रूप से संघ के महामंत्री किशोरचंद्र नायक, उपाध्यक्ष सुब्रत घोष, संरक्षक संतोष श्रीवास्तव, भाजपा नेता विकास मिश्रा, अजय पणिकर, राधेश्याम शर्मा, बिंदिया अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

एक राष्ट्र, एक चुनाव से बनेगा सशक्त और स्थिर भारत: अजय चंद्राकर

नगरी/नवप्रदेश। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र को स्थिर, पारदर्शी और सुशासित बनाने की दिशा में वन नेशन, वन इलेक्शन की अवधारणा एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकती है। इस विचार को जनमानस तक पहुंचाने और व्यापक जनचर्चा के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज, नगरी द्वारा सोमवार को साहू सदन में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री एवं कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने अत्यंत प्रभावशाली और तथ्यों से परिपूर्ण वक्तव्य देते हुए कहा कि - देश में अलग-अलग समय पर होने वाले चुनाव न केवल आर्थिक संसाधनों की बर्बादी करते हैं।

7 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरसिंह विहार कॉलोनी भाटापारा के तत्वाधान में 4 मई से 11 मई तक क्लास पांचवी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु बाल व्यक्तित्व विकास शिविर दिव्य मुस्कान समर कैंप का समापन हुआ।समापन अवसर का शुभारंभ शशांक सिंह ठाकुर शहर थाना प्रभारी और सविता अनंत जनपद पंचायत अध्यक्ष भाटापारा ने द्वीप प्रज्जविलत कर किया ।

कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07720-285709,E-mail- npKharora@gmail.com

क्रमांक/310/न.पं./लो.नि.वि./2025-26 खरोरा, दिनांक 08/05/2025

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

नगर पंचायत खरोरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से श्रम नियोजन अंतर्गत श्रमिक प्रदाय कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेंडर क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	आनलाईन निविदा डाउनलोड की अंतिम तिथि
168037	प्लेसमेंट एजेंसी (ठेका पद्धति) के माध्यम से उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक कार्य पर रखने हेतु।	77.00	29.05.2025 (Time 5.30 PM)

उपरोक्त श्रमिक आपूर्ति कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरोरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
छात्रवृत्ति अनुभाग

चयन वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों हेतु राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस)

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार चयन वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों से राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस) के लिए आनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। विदेश में मास्टर स्तर, पीएचडी और पोस्ट-डाक्टोरल अनुसंधान कार्यक्रमों में उच्च अध्ययन करने के लिए चुने गए छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

छात्रवृत्ति के लिए स्लाटों की संख्या : 20

इच्छुक उम्मीदवार एनओएस पोर्टल https://overseas.tribal.gov.in/ के माध्यम से आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने के लिए पोर्टल 15 मई 2025 से 30 जून 2025 (शाम 5:30 बजे तक) खुला रहेगा।

अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार मंत्रालय के पोर्टल पर जा सकते हैं :-

https://overseas.tribal.gov.in/

cbc43101/11/0007/2526

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, (वि./यां.) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना **Portal:http://eproc.cgstate.gov.in**

नि.आ.सू. दिनांक 07/05/2025 तथा Online Bid Submission **की अंतिम तिथि 03/08/2025** Physical Submission Last Date 09/06/2025

आनलाईन निविदा प्रथम आमंत्रण

क्र.	नि.आ.सू. क्रमांक	आनलाईन टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	02	167827	SITC of Taxiway, Aprron, Edge Light, work of Extensen of Appron 125 mtr x 115mtr at Bilasa Devi airport Chakarbhata Bilaspur (C.G.) Open Tender "Form-B" (Item Rate Basis)	77.12
नि.आ.सू. दिनांक 07/05/2025 तथा Online Bid Submission की अंतिम तिथि 23/05/2025 Physical Submission Last Date 30/05/2025 **आनलाईन निविदा द्वितीय आमंत्रण**				
2	03	168284	Providing Electrification Work In commissioner office Bilaspur (C.G.)	37.99

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

जी-252600776/3

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., (वि./यां.) मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

महिला पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। पुरानी रंजीश के चलते बैगा महिला पर कुल्हाड़ी से आरोपी ने वार कर दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई । घटना की जानकारी थाने में दिया गया । वही पीड़ित महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी की जा चुकी है। ज्ञात हो कि दिनांक 03.04.2025 को ग्राम बरपानी निवासी श्रीमति सोनिया बाई बैगा पति अकल सिंह बैगा उम्र 45 वर्ष अपने खेत में पेड़ की रखवाली कर रही थीं। सुबह लगभग 04:00 बजे गांव का ही झामलाल बैगा पुरानी रंजिश के चलते उनके पास आकर अश्लील गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी और कुल्हाड़ी से दोनों हाथों और सिर पर वार कर गंभीर चोटें पहुंचाई, जिससे

खून निकलने लगा। पीड़िता इलाज हेतु अपनी बेटी के साथ शासकीय अस्पताल बोड़ला पहुँची और वहीं से सूचना दी गई।

प्रकरण में पुलिस द्वारा देहाती नालिशी के आधार पर अपराध क्रमांक 00/2025 धारा 296, 115(2), 351(3) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया। चिकित्सकीय परीक्षण एवं एक्स-रे रिपोर्ट में प्रार्थिया को धारदार एवं कठोर वस्तु से गंभीर चोट तथा दाहिने हाथ में फ्रैक्चर पाया गया, जिस पर धारा 118(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

आरोपी झामलाल बैगा साकिन बरपानी को दिनांक 12.05.2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे दिनांक 27.05.2025 तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। मामले में विवेचना प्रचलित है। प्रकरण में थाना प्रभारी निरीक्षक संग्राम सिंह एवं उनकी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

भवन निर्माण विभाग में कार्यरत 42 दैनिक वेतन भोगियों को काम से निकालने का आदेश

खैरागढ़/नवप्रदेश। इंदिराकला संगीत विवि मे भवन निर्माण विभाग मे कार्यरत 42 दैनिकवेतन भोगी कर्मियों को बिना किसी जानकारी के अचानक मौखिक आदेश देकर काम से निकाले जाने के बाद दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने मोर्चा खोलते मंगलवार को कुलसचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों को कार्य पर वापस रखे जाने की मांग की। छग कर्मचारीअधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक प्रखर सिंह की अगुवाई मे संगीत विवि के प्रशासनिक भवन पहुंचे दैनिक वेतन भोगियों ने बताया कि संगीत विवि प्रबंधन का हवाला देकर भवन निर्माण विभाग के प्रभारी द्वारा12 मई को मौखिक आदेश देकर कार्यरत 42 दैनिक वेतन भोगियों को काम से हटा दिया गया है। सिंह ने बताया कि इसमे कई दैनिक वेतन भोगी पिछले कई सालो से विवि के भवन निर्माण विभाग मे कार्य कर अपना परिवार चला रहे है।

अचानक बिना किसी ठोस वजह के कर्मचारियों को कार्य से हटाए जाने के चलते उनके समक्ष रोजीरोटी की समस्या सामने आएगी। और उन्हे कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। जिसके चलते उनके सामने विकट समस्या खड़ी हो जाएगी। सिंह ने कर्मचारियों के साथ सौंपे ज्ञापन में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को तत्काल कार्य पर रखने का निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

न्यूज गैलरी

उत्कृष्ट छात्रों एवं माताओं को तिलक वंदन मिठाई खिला कर दी बधाई

नगरी/नवप्रदेश। पीएमश्री शासकीय श्रृंगीऋषि उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल नगरी से कक्षा 12वीं में नीरज साहू पिता वासुदेव साहू ग्राम छिपली ने कक्षा 12वीं में 76.6 प्रतिशत अंक लेकर अपने स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर एवं गगन साहू पिता राजीव साहू ग्राम छिपली ने पीएमश्री शासकीय श्रृंगीऋषि उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल नगरी से कक्षा 10वीं में 90.6 अंकों के साथ अपने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर और माताओं को मातृ दिवस पर तिलक वंदन और मिठाई खिलाकर स्कूल क्षेत्र और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने पर भाजपा नगरी मंडल उपाध्यक्ष गुरु प्रसाद साहू पूर्व परिक्षेत्रीय अध्यक्ष और ग्राम पटेल मनहरण लाल साहू पूर्व जिला संगठन सचिव साहू समाज अरविंद कुमार सार्वा ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष महेश्वर साहू पूर्व बूथ अध्यक्ष जीवनलाल सार्वा राजीव साहू इत्यादि वरिष्ठ जनों ने उनके निवास स्थान पहुंचकर उज्जवल भविष्य के शुभकामनाओं के साथ बधाई दिये।

तेंदूपत्ता तोडक़र लौट रहे ग्रामीण पर भालू का हमला, घायल

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के भंडारपूर पंचायत के

आश्रित ग्राम बनबोड़ निवासी व्यक्ति जंगल से तेंदुपत्ता तोडक़र वापस आने के दौरान मादा भालू के हमले से घायल हो गया । बनबोड़ निवासी जितेन्द्र चक्रधारी 23 वर्ष मंगलवार को बनबोड़ के जंगल मे तेंदुपत्ता तोडने़ गया था । पत्ता तोडक़र वापसी के दौरान रास्ते मे मादा भालू अपने दो शावकों के साथ झाड़ी मे छूपी थी । उसने अचानक जितेन्द्र पर हमला कर दिया । जान बचाने घायल जितेन्द्र ने पास के पेड़ पर चढक़र अपनी जान बचाई । भालू हमला करने के बाद जंगल की ओर चली गई । घटना बनबोड़ गांव से सौ मीटर दूर जंगल के रास्ते पर हूई । भालू की उपस्थिति और हमला करने के बाद से ग्रामीण सहम गए है । मामले की जानकारी वनविभाग के अधिकारियो को दी गई है । घायल जितेन्द्र के घर पहुँचने के बाद परिजनों ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए मुढ़ीपार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे भर्ती कराया है । जितेन्द्र के पैर और पीठ पर जख्म के निशान है ।

टंगिया मारकर वृद्ध महिला को उतारा मौत के घाट

महासमुंद/नवप्रदेश। भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम सनबहाली में एक व्यक्ति ने टोनही के शक में 70 वर्षीया महिला की टंगिया मार कर हत्या कर दी। हत्या करने वाला कोई और नहीं बल्कि उनका ही रिश्तेदार निकला। घटना रविवार रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बसना थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम सनबहाली निवासी सन्मेत कश्यप रात में खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। गांव का ही उनका रिश्तेदार संतोष मांझी पहुंचा और टंगिया से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हत्या करने के बाद वह फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने उनके घर से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी संतोष मांझी की पत्नी का कुछ दिन पहले ही मौत हुई थी। आरोपी को शक था कि मृतका ने ही जादू टोना किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफभंवरपुर चौकी में बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

भू-माफियाओं का सिंडिकेट दे रहा अवैध प्लाटिंग को अंजाम

मेडिकल कॉलेज के सामने निजी और सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग!

नवप्रदेश पड़ताल

राजनांदगांव /नवप्रदेश। राजनांदगांव में भूमि माफिया द्वारा मेडिकल कॉलेज के सामने पैंडी में निजी भूमि के साथ-साथ शासकीय जमीन को अवैध प्लाटिंग करके बेचा जा रहा है। आरोप है कि खसरा नंबर 617 में भूमाफिया द्वारा दो एकड़ 29 डिसमिल जमीन खरीदी गई थी, लेकिन उन्होंने पौने तीन एकड़ जमीन बेच दी अब सोचने वाली बात यह है कि जमीन वो दो 29 डिसमिल खरीदी गई है और रोड रास्ता एवं प्लाटिंग करके जमीन पौने 3 एकड़ जमीन बेच दी गई है तो फिर बाकी की ज्यादा जमीन आई कहा से या तो वहां शासकीय जमीन को भू माफिया द्वारा बेच दी गई है या तो किसी और की जमीन को भूमाफिया द्वारा भेच दी गई है

अवैध प्लाटिंग का खेल

आरोप है कि भूमाफिया ने शासकीय जमीन को अवैध रूप से प्लाटिंग करके बेचा है। इससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शासकीय जमीन की पहचान

आरोप है कि भूमाफिया ने दो एकड़ 29 डिसमिल जमीन खरीदी थी, लेकिन उन्होंने पौने तीन एकड़ जमीन बेच दी। इससे यह साफ होता है कि उन्होंने शासकीय जमीन को भी अवैध रूप से बेचा है।

स्थानीय लोगों ने भूमाफिया के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए और भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

शासन की भूमिका

शासन की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि शासन के अधिकारी भूमाफिया के साथ मिलकर इस खेल को चला रहे हैं। इससे शासन की छवि खराब हो रही है।

निष्कर्ष

राजनांदगांव में भूमि माफिया का खेल एक बड़ा मुद्दा है। शासन को अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए और भूमाफिया के खिलाफसख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जानकी को मिला पक्का घर

धमतरी/नवप्रदेश। पीएम जनमन योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से कमारों के जीवन में नई बहार लेकर आई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को आज अपना खुद का पक्का मकान मिल रहा है। इसी कड़ी में जिले के धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत कोड़ेगांव (रै.) के आश्रित ग्राम कोदागहन निवासी श्रीमती जानकी कमार पति श्री जयलाल कमार का परिवार लम्बे अरसे से एक पक्के घर का सपना देख रहे थे। इस संबंध में श्रीमती जानकी कमार से पूछने पर बताया कि वे अकेली एक कच्चे मकान में रह रही थीं। इस मकान में हर मौसम की मार ने उनके जीवन को बेहद कठिन बना दिया था। लेकिन हालात ऐसी की कभी पक्का मकान बनवाने का सपना पूरा नहीं कर सके। जानकी का उत्साह के साथ हमेशा से सपना था कि उनका भी एक पक्का और सुरक्षित आवास हों, जहां वह अपने परिवार के साथ सुकून से जिंदगी जी सके। एक दिन पंचायत द्वारा गांव में मुनादी हुई। जानकी को प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी मिली, जिसके तहत बेघर और कच्चे मकानों में रहने वालों को पक्के आवास दिए जा रहे हैं। जानकी ने भी तुरंत आवेदन किया। जनपद पंचायत के योजनांतर्गत अधिकारी ने जानकी के आवास को आवास हेतु पात्र पाया, स्थल का जीयो टैग किया गया और कुछ दिनों के बाद उनके खाते में कार्य प्रारंभ करने 40 हजार रुपए, प्लिन्थ कार्य पूर्ण करने पर 60 हजार रुपए, छत पूर्ण करने पर 01 लाख रुपए एवं कार्य पूर्णता पर 20 हजार रुपए प्राप्त हुआ। इस प्रकार आवास निर्माण के लिए चार किस्तों में 02 लाख रुपए की राशि स्थानांतरित कर दी गई।

भारत निर्वाचन आयोग ने 20 साल पुरानी समस्या को किया हल

रायपुर/नवप्रदेश। मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समानता से संबंधित 20 साल पुरानी समस्या को हल कर लिया है, जो 2005 से विभिन्न निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा समान अल्फान्यूमेरिक श्रृंखला के उपयोग के कारण गलती से वास्तविक मतदाताओं को जारी किए गए थे।

इस समस्या को हल करने के लिए, ईसीआई ने 99 करोड़ से अधिक मतदाताओं के पूरे मतदाता डेटाबेस की जांच की, जिसमें 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों, 4,123 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों और 10.5 लाख मतदान केंद्रों को शामिल किया गया। यह समस्या बहुत कम थी, औसतन चार मतदान केंद्रों में लगभग 1 (एक) ईपीआईसी में समान ईपीआईसी नंबर पाया गया। क्षेत्रीय सत्यापन में पुष्टि हुई कि ऐसे समान ईपीआईसी नंबर वाले मतदाता वास्तविक थे और अलग-अलग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों एवं मतदान केंद्रों में थे। इन सभी मतदाताओं को नए नंबरों के साथ नए ईपीआईसी कार्ड जारी किए गए हैं।

इस समस्या की शुरुआत 2005 से हुई, जब विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने विकेंद्रित तरीके से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-विशिष्ट अल्फान्यूमेरिक श्रृंखलाओं का उपयोग किया था। 2008 में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद इन श्रृंखलाओं को फिर से बदलना पड़ा। इस दौरान, कुछ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों ने गलती से पुरानी श्रृंखलाओं का उपयोग जारी रखा या टाइपोग्राफिक्र त्रुटियों के कारण अन्य निर्वाचन क्षेत्रों को आवंटित श्रृंखलाओं का उपयोग किया।

ईसीआई ने स्पष्ट किया कि समान ईपीआईसी नंबर होने से किसी मतदाता को गलत मतदान केंद्र पर वोट डालने की अनुमति नहीं मिली, क्योंकि मतदाता का नाम उनके निवास स्थान के मतदान केंद्र की मतदाता सूची में दर्ज होता है। इसलिए, इस समस्या का किसी भी चुनाव के परिणामों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में संस्कार स्कूल कवर्धा का रहा उत्कृष्ट परिणाम

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई स्कूल परीक्षा में संस्कार स्कूल कवर्धा का परिणाम उत्कृष्ट रहा युरानी साहू ने 92%, खुशबु कश्यप 86त्न, आदित्य पटेल 80%, अनिमेष पटेल 79%, वर्द्धराजन आयअंगर 78%,हिमेश चंद्रवंशी 75%, सिद्धि विश्वकर्मा 74.6%, माहि सोनी 72% और साक्षी विश्वकर्मा, हर्ष विश्वकर्मा,प्रतिमा, सिमरन झरिया ने प्रथम श्रेणी से उत्तरीण हुए।

अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम की कार्रवाई की तैयारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव में अवैध प्लाटिंग को लेकर अखबारों में लगातार माचार प्रकाशित हो रहा है। इसी क्रम में दैनिक नव प्रदेश अखबार ने भी अवैध प्लाटिंग को लेकर समाचार प्रकाशित किया था। अब नगर निगम प्रशासन कार्रवाई की तैयारी में है। राजनांदगांव नगर निगम कमिश्नरअतुल विश्वकर्मा ने कहा कि अवैध प्लाटिंग करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए कड़े कदम उठाएगा।

कार्रवाई की तैयारी

नगर निगम प्रशासन ने अवैध प्लाटिंग करने वालों की सूची तैयार कर रही है। जल्द ही उन पर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम कमिश्नर ने कहा कि अवैध प्लाटिंग करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

स्थानीय लोगों का समर्थन

स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन के द्वारा कार्रवाई करने का समर्थन किया है। उनका कहना है कि अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए। इससे शहर की सुंदरता और व्यवस्था बनी रहेगी।

वॉर्ड पार्षद ने जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से वार्ड की समस्याओं से कराया अवगत

बिलासपुर। वार्ड संख्या 06 यदुनंदन नगर कॉलोनी में इन दिनों समस्या अपने चरम स्तर पर जा पहुंचा है। आलम यह है कि वार्ड में कई लोग गंदे पानी पीने की वजह से पीलिया से ग्रसित हो गए है। वार्ड में इन दिनों मच्छर की भी समस्या देखी जा रही है जिसकी वजह से मलेरिया व मच्छर से जनित बीमारियां लोगों को हो रही है। इस कड़ी में आपको बता दे कि इन दिनों कॉलोनी वाशियो को दूषित जल और मच्छर की समस्या के साथ साथ बिजली कटौती की समस्या से भी दो चार होना पड़ रहा है। आलम ये कि बिलासपुर जिले के सबसे पाश कॉलोनी कहे जाने वाले यदुनंदननगर की स्थिति बेहद भयावह होती जा

रही है ,एक साथ कई समस्याओं से कॉलोनी वाशियो को जूझना पड़ रहा है। आपको बता दे कि इस कॉलोनी में सरकार के कई आला अधिकारियों का भी आवास है पर अधिकारियों ने इस गंभीर विषय पर अपनी चुप्पी साध ली है। सूत्र बताते है कि इन दिनों कॉलोनी में अवैद्य कबाड़ वालों की दुकान काफी फल फूल रही है। जिसकी शिकायत करने के बाद भी पुलिस और प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जो सरकार और आला अधिकारियों के लचर कार्य की ओर इशारा करता है। इन सभी समस्याओं को अवगत कराने बिलासपुर जिला अधिकारी को आज वार्ड संख्या 06 के पार्षद सीमा संजय सिंह का एक दल जिलाअधिकारी के कार्यालय पहुंचा। जहां जिला अधिकारी से मिलकर वार्ड संख्या 06 में फैल रही अराजकता को पत्र देकर अवगत कराया। आपको बता दे कि यदुनंदन नगर कॉलोनी जिला अधिकारी कार्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित है।

वार्षिक अधिवेशन | **शिक्षा, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण और समाजिक एकता के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया**

सिहावा देवांगन समाज के वार्षिक अधिवेशन में प्रतिभावान छात्रों और समाजसेवियों का सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा मंडल देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन दिनांक 11 मई 2025 को देवांगन समाज भवन बेलरगांव में अत्यंत उत्साह, गरिमा और सामाजिक समर्पण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम उपस्थित रहीं। उन्होंने समाज की उपलब्धियों की सराहना करते हुए शिक्षा, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण और समाजिक एकता के लिए शासन स्तर पर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय देवांगन, अध्यक्ष, सिहावा मंडल देवांगन समाज ने की।

इस अवसर पर अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख हैं: गरिमा नेताम, सदस्य जिला पंचायत धमतरी; नंदनी साहू, सदस्य जनपद पंचायत नगरी; कैलाश प्रजापति, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव; रामगोपाल देवांगन, संरक्षक, धमतरी जिला देवांगन समाज; दउवालाल देवांगन, पूर्व अध्यक्ष, धमतरी जिला देवांगन समाज; प्रमोद कुंजाम, जनपद सदस्य, सिहावा रीता नेताम, सरपंच, ग्राम पंचायत बेलरगांव; कृष्ण कुमार देवांगन, पूर्व उपाध्यक्ष, धमतरी जिला देवांगन समाज;डॉ. अमृत लाल देवांगन, संरक्षक, सिहावा मंडल देवांगन समाज; रिखी राम देवांगन, संरक्षक, सिहावा मंडल देवांगन समाज; पुष्पा देवांगन, संरक्षक, धमतरी जिला देवांगन समाज, सीमा देवांगन, अध्यक्ष, सिहावा महिला मंडल; बलिराम देवांगन (परिहार) तथा जेठाराम देवांगन (गुरु)।अधिवेशन में समाज के उन प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया जिन्होंने शिक्षा, व्यापार, सामाजिक सेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है। साथ ही समाज के आगामी लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई,

जिनमें युवाओं के लिए निशुल्क कोचिंग, महिला स्वावलंबन कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजनों का आयोजन एवं समाज भवन विस्तार की योजनाएं शामिल हैं।

कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष विजय देवांगन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया।

शहनाज परवीन अंसारी को डॉक्टरेट की उपाधि

रायपुर/नवप्रदेश। शहनाज परवीन अंसारी की लगातार मेहनत और अथक प्रयास से पीएचडी के उपरांत उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि दी गई है।

शहनाज परवीन अंसारी ने अंग्रेजी साहित्य में प्रसिद्ध उपन्यासकार नादिया हाशमी के उपन्यास पर पीएचडी की इनका मुख्य शोध अफगान महिलाओं के बदलते स्वरूप को लेकर थी। शहनाज प्रवीण अंसारी ने अपने पीएचडी में अफगान की महिलाओं के बदलते स्वरूप, कार्य शैली, रहन-सहन, और आधुनिकता को काफी सरल सहज शब्दों में दर्शाया है।

उन्होंने अपनी पीएचडी मेट्स यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर दीपिका ढांढ के सानिध्य में प्राप्त की। शहनाज परवीन अंसारी की इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन के अलावा उनके परिवारजनों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री के संभावित प्रवास के मद्देनजर कलेक्टर-एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

मुंगेली/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जिले में संभावित प्रवास के मद्देनजर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के साथ आज जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम सहित विभिन्न स्थलों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्टेडियम में हेलीपेड स्थल, जिला ग्रंथालय में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष, प्रेस क्लब, सायबर सेल और नवनिर्मित परिवहन कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग, यातायात, कानून व्यवस्था, सुरक्षा, बेरिकेटिंग, मंच, टेंट, पेयजल, स्वास्थ्य, विद्युत, बैठक आदि व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान ने मनाया बुद्ध जयंती

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा बुद्ध जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम विश्व में शान्ति के दूत तथागत भगवान गौतम बुद्ध तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर बुद्ध वंदना की गई। संस्था के व्यवस्थापक एचआर भास्कर ने कहा कि जिनके जीवन में सत्य, अहिंसा, शील, संयम, दया, करुणा का समावेश होता है वह महानता को प्राप्त करता है, ऐसा बुद्ध का संदेश है। अतः अपने जीवन को सफल बनाने के लिए बुद्ध के संदेशों का अनुशरण करना चाहिए। संस्था अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने बताया कि आज परिवार, समाज, राज्य, देश और विश्व स्तर पर अंतर कलह, वैमनस्य, हिंसा का प्रभाव बढ़ रहा है, ऐसे परिस्थितियों में विश्व शांति के लिए बुद्ध के उपदेशों का अनुशरण करना निहायत जरुरी हो जाता है। अतः बुद्ध जयंती मनाना तभी सार्थक होगा, जब सभी ओर वसुधैव कुटुंबकम् की भावना के साथ विश्व शांति के लिए अधिक से अधिक प्रयास हों।

जिला अभी भी वास्तविक रुप से विकास से कोसों दूर है, जिले को मिलने वाली सौगात की आस बनते-बनते निराशा में बदल जाती है

घोषणा के बाद भी रेल लाइन का काम शुरू नहीं हो सका

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला अभी भी वास्तविक रुप से विकास से कोसों दूर है,जिले को मिलने वाली सौगात की आश बनते-बनते निराशा मे बदल जाती है,अनेक घोषणाए केवल कागजो पर सिमट जाती है,जनप्रतिनिधियों की उदासीनता कहें या अधिकारियों की लापरवाही,जिले का समुचित विकास धरातल पर दृष्टिगोचर नहीं हो पाता है। जिले का हक देर सबेर मिल भी गया परन्तु रेल का सपना घोषणा के बाद अब तक पूरा नही हो पाया।

जिले की वर्षो पुरानी मांग उसलापुर-मुंगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ नई रेल लाइन क्षेत्र के करोड़ों लोगों का जीवन बदल देगी.लेकिन विडंबना है कि घोषणा के लगभग आठ साल बाद भी इस पर काम शुरू तक नहीं हो सका. छत्तीसगढ़ रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 270 किमी रेल लाइन का सर्वे वर्षों पहले पूरा कर लिया, लेकिन अब तक न तो जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हुआ,न ही रेल लाइन बिछ सकी. इस रेल लाइन से दर्जनभर विधानसभा क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे, लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इसे लेकर सक्रियता नहीं दिखा रहे. उसलापुर-मुंगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेल लाइन की मांग वर्षों पुरानी है. कई दशक पहले इसके लिए प्रयास हुए थे, लेकिन उदासीनता से यह ठंडे बस्ते में चली गई. बल्कि इसके लिए जो जमीनें चिन्हांकित की गई थीं, उस पर भी कब्जा हो गया. अभी एक दशक पहले इस रेल लाइन के लिए फिर से कोशिश शुरू हुई. रेल बजट में वर्ष 2016 में रेल लाइन निर्माण की घोषणा की गई, इससे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई थी. लोगों ने खुले दिल से इस घोषणा का स्वागत किया था. साथ ही उम्मीद जताई थी, कि अब जल्द ही उन्हें यह सौगात मिल सकेगी. रेलवे ने इस रेललाइन की घोषणा के साथ ही इस पर करीब 5950.47 करोड़ रुपए का बजट भी अनुमानित किया था. रेल मंत्रालय और राज्य शासन ने मिलकर इसके लिए छत्तीसगढ़ रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड भी बनाया. लेकिन विडंबना है कि करीब 270 किमी रेल लाइन

का सर्वे करने में ही 4 साल लग गए.सर्वे की रफ्तार इतनी धीमी रही,कि एक साल में महज 68 किमी का ही सर्वे हो सका जमीन अधिग्रहण का कार्य भी सुस्त गति से चल रहा है. शासन ने वर्ष 2023 तक इस रूट पर ट्रेन चलवाने के दावे किए थे.लेकिन अब तक शिलान्यास के अलावा कुछ भी नहीं हो सका. यदि ऐसी ही गति रही, तो रेल लाइन का काम शुरू करने में अभी कई बरस और लग जाएंगे.।

उसलापुर-मुंगेली-कवर्धा-डॉगरगढ़ नई लाइन तखतपुर,मुंगेली,लोरमी,पंडरिया,कवर्धा,खैरागढ़,छुईखदान,डॉडीलोहारा,राजनांदगांव,डोंगरगढ़, डोंगरगांव सहित दर्जनभर विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी.यानी, इन क्षेत्रों की जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा, इस लिहाज से यह राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है. इसके बावजूद इसे शुरू करवाने में राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव देखा जा रहा है।

स्टेशनों का अब तक नहीं हुआ चयन

शुरूआत में यह बताया जा रहा था कि नई रेल लाइन उसलापुर से सकरी,तखतपुर, लोरमी, मुंगेली, पंडरिया,कवर्धा, खैरागढ़ होकर डोंगरगढ़ जाएगी. लेकिन अब तक स्टेशनों का चयन भी नहीं किया जा सका है.। उसलापुर-मुंगेली-कवर्धा -डोंगरगढ़ नई रेल लाइन शुरू होने से इससे जुड़े इलाकों का तेजी से विकास होगा. क्षेत्र के लोगों को सहुलियतें मिलेंगी, तो उद्योग,व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेगी. रोजी-रोजगार भी बढ़ेगा. लेकिन सुस्त गति की वजह से विकास थम सा गया है. क्षेत्र के करोड़ों लोगों को इस रूट पर ट्रेनों के परिचालन का इंतजार है।

अवैध रेत खनन पर सख्त कार्यवाही के दिए निर्देश

प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में लाएं तेजी: कलेक्टर कटारा

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर कटारा ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, विभागीय कार्यों की प्रगति, सुशासन तिहार, समाधान शिविर के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

समय-सीमा की बैठक में जिले में जनकल्याण और प्रशासनिक जवाबदेही की दिशा में चल रहे सुशासन तिहार कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु कलेक्टर श्री कटारा ने सभी विभागीय अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार जनता और शासन के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए जन समस्याओं का निवारण करना साथ ही जन संवाद के माध्यम से शासन की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है, इसके लिए सजग रहते हुए आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करे और शासन की योजनाओं को घर-घर

तक पहुँचाते हुए हर पात्र व्यक्ति को लाभ दें। कलेक्टर श्री कटारा ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी शिकायतों, समस्याओं, तथा मांगों का प्राथमिकता के साथ प्रत्येक आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री कटारा ने जिले में बढ़ते तापमान और बदलते मौसम के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों डायरिया, मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड आदि की रोकथाम एवं त्वरित नियंत्रण के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही जनजागरूकता अभियान से लोगों को बीमारियों के प्रति सतर्क किया जाए। उन्होंने कहा कि मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम गाँवों में सक्रिय रहे, जिससे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल संबंधित क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जा सके।

कलेक्टर ने जिले पीवीटीजी बसाहटों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए सुलभ, समुचित और समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पीवीटीजी बस्तियों में नियमित स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, मलेरिया, कुपोषण, टीकाकरण, व गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी तथा बस्तियों तक मोबाइल मेडिकल यूनिट की नियमित पहुँच सुनिश्चित करने व गंभीर रोगों की स्थिति में मरीजों को रेफरल सुविधा एवं त्वरित वाहन सुविधा प्रदान सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत बने आयुष्मान कार्डों की संख्या, लंबित आवेदनों और वितरण की गति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों की शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित किया जाए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को लक्ष्य अनुसार प्रगति लाते हुए समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर पात्र परिवार को पक्की छत उपलब्ध कराना है, इसके लिए सभी अधिकारी गंभीरता के साथ कार्य करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति आवास, प्रगतिरत एवं पूर्ण आवास की जानकारी लेते हुए संबंधितों को समन्वय कर आवास निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

15 मई को होगी पीएटी एवं पीव्हीपीटी की प्रवेश परीक्षा

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा प्रदेश भर में 15 मई 2025 को पीएटी एवं पीव्हीपीटी 2025 प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसके अंतर्गत प्रवेश परीक्षा प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:15 तक आयोजित की गई है।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में उक्त परीक्षा शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर एवं स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा अपर कलेक्टर रामेश्वर नाथ पाण्डेय को नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार रवि कुमार भोजवानी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। दोनो परीक्षा केन्द्रों के लिए केन्द्राध्यक्ष एवं आब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य नन्द कुमार देवांगन मोबाईल नंबर 99779-20198 को केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी महिपाल कुजूर मोबाईल नम्बर 80855-81140 को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर के लिए प्राचार्य चंद्रशेखर प्रसाद गुप्ता मोबाइल नम्बर 97544-62129 को केन्द्राध्यक्ष व कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी ओमप्रकाश साहू मोबाइल नम्बर 99267-29958 को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। साथ ही कलेक्टर द्वारा उक्त परीक्षा केन्द्र के लिए उड़नदस्ता टीम का भी गठन किया गया है।

लोक परिशांति भंग करने पर की गई कार्रवाई

बलरामपुर/नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करूण कुमार डहरिया ने जानकारी दी है कि जिले के तहसील कुसमी के अंतर्गत ग्राम बरपाठ में छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग द्वारा खनिज सर्वे का कार्य कराया जा रहा है। 12 मई को शासकीय भूमि में सर्वे कार्य के दौरान सुनील नगेसिया, श्याम देव नगेसिया एवं मंतू राम नगेसिया शराब के नशे में धुत्त होकर पहुंचे एवं वहां उपस्थित कर्मचारियों से वाद-विवाद करने लगे। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर एसडीएम कुसमी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार कुसमी एवं थाना प्रभारी कोरंधा तत्काल मौके पर पहुंचे।

मुंगेली जिले में शराब की बिक्री और राजस्व में लगातार वृद्धि

मुंगेली/नवप्रदेश। जिलेवासी प्रतिदिन लगभग 1 करोड़ की शराब गटक जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक साल में जिले की 15 शराब दुकानों में 3 अरब 27 करोड़ 25 लाख 71 हजार 760 रूपये की शराब शराब प्रेमी गटक गये। वित्तीय वर्ष 2023-24 तुलना में वर्ष 2024-25 में लगभग 21 प्रतिशत अधिक की शराब बिकी। पिछले साल से इस साल 65 करोड़ 21 लाख 27 हजार 160 रूपये से अधिक की आय शराब से हुई।

महंगी बहुत है शराब कि थोड़ी-थोड़ी पीया करो, परंतु जिले के मदिरा प्रेमी ने इसे कभी नही माना। रेट भले ही बढ़ता गया हो परंतु हर साल बिक्री बढ़ती ही गयी। चाहे सूखा पड़े या अकाल, शराब बिक्री में कभी कमी नही आयी। जिले में सर्वाधिक बिक्री देशी शराब की है। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष लगभग 21 प्रतिशत अधिक की शराब बिकी तथा इतना ही अतिरिक्त राजस्व मिला। पिछले साल से इस साल 65 करोड़ 21 लाख 27 हजार 160 रूपये से अधिक की आय शराब से हुई। पिछले कुछ सालों से रेट बढ़ने से स्वभाविक रूप से यह आंकड़ा और बढना ही है। जिले में 15 शराब दुकानें हैं। 13 साल पहले जिला बना मुंगेली भले ही बहुत छोटा जिला है जो विकास या अन्य मामलों में भले धीमी रफ्तार से प्रगति कर रहा हो, परंतु शराब बिक्री एवं राजस्व के मामले में मुंगेली जिला पीछे नही है। गत कुछ वर्ष में कोरोना महामारी भी आई थी, परंतु कभी भी शराब की बिक्री में किसी तरह की कमी नही आयी। मतलब कोई भी हाल हो पीने वालों को पीना ही है। इस साल जिले के मदिरा के शौकीन 3 अरब 27 करोड़ 25 लाख 71 हजार 760 रूपये की शराब गटक गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार देशी शराब दुकान से 2 अरब 35 करोड़ 97 लाख 93 हजार 690 रूपये एवं विदेशी शराब दुकान से 91 करोड़ 27 लाख 78 हजार 70 रूपये की शराब बिकी। मतलब प्रतिमाह लगभग 27 करोड़ की शराब जिले की 15 दुकानों से बिकी। जिस हिसाब से कहा जा सकता है कि प्रतिदिन लगभग 1 करोड़ की शराब लोग गटक जाते हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 21 प्रतिशत अधिक शराब की खपत हुई। जिससे स्वभाविक रूप से राजस्व बढ़ा। बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले से शासन को शराब बेचकर 2 अरब 62 करोड़ 4 लाख 44 हजार 600 की शुद्ध राजस्व प्राप्त हुआ। देशी शराब दुकानों से 1 अरब 97 करोड़ 48 लाख 9 हजार 780 रूपये एवं विदेशी शराब दुकान से 64 करोड़ 56 लाख 34 हजार 820 रूपये की प्राप्ति हुई थी।

निधन सीताराम श्रीवास

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली निवासी रिटायर्ड शिक्षक सीताराम श्रीवास का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज 12 मई को लखनऊ उत्तर प्रदेश में हुआ।

उत्काशय की जानकारी देते हुए सर्वसेन श्रीवास समाज जिलाध्यक्ष राजीव श्रीवास ने बताया कि उनका पूरा परिवार कुछ दिन पहले लखनऊ चले गए थे इसलिए लखनऊ में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की अनुविभाग एवं तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ राजस्व प्रकरणों में निराकरण करते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कटारा ने तहसीलवार चर्चा करते हुए प्रतिदिवस राजस्व कार्यो की मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री कटारा ने न्यायालयवार राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उनके निराकरण के अद्यतन स्थिति की

जानकारी ली। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी प्रकरण समय-सीमा के भीतर ही निराकृत किये जाये। इस कार्य में लापरवाही न बरतें। बैठक में राजस्व से संबंधित विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, अभिलेख सुधार, हाई कोर्ट प्रकरण सहित, विवादित-अविवादित खाता विभाजन, अवैध अतिक्रमण, भू-अर्जन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, पट्टा वितरण, अभिलेख का दुरुस्तीकरण सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने समय-सीमा के प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने सुशासन तिहार में राजस्व विभाग के अंतर्गत प्राप्त हुए आवेदनों की समीक्षा करते हुए शेष आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये।

रामगढ़ घटना के बाद विधायक की गई सुरक्षा व्यवस्था, खाई वाले क्षेत्र में की बैरिकेडिंग

लखनपुर/नवप्रदेश। रामगढ़ की पहाड़ियों में स्थित चंदन मिट्टी क्षेत्र के पास एक गहरी खाई में 11 वर्षीय बालिका बेबी राजवाड़े पिता तुलेश्वर राजवाड़े, निवासी डुमरिया, भटगांव के150 फिट गहरी पहाड़ी खाई में गिर जाने की दुखद घटना सामने आई थी।

बालिका अपने परिवार के साथ दर्शन हेतु रामगढ़ आई थी। खाई की गहराई लगभग 300 फीट है, जहां पूर्व में भी ऐसी घटनाओं की आशंका बनी रही थी। घटना की सूचना मिलते ही विधायक राजेश अग्रवाल जी ने तत्क्षण रामगढ़ पहुंचकर घटनास्थल का जायज़ा लिया। विधायक जी ने मौके पर

स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, वन विभाग एवं रेस्क्यू टीम को सक्रिय करते हुए बचाव कार्य प्रारंभ करवाया। स्थानीय युवा अशोक वरकडे के सहयोग से तथा वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष मंगल दास, फॉरेस्ट विभाग और अन्य कर्मियों के समन्वय से बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला गया। विधायक अग्रवाल पहले भी इस स्थान की असुरक्षा को लेकर सजग रहे हैं और उन्होंने विधानसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए प्रशासन से यहां सुरक्षा व्यवस्था की मांग की थी। इसी कड़ी में आज वन प्रबंधन समिति एवं फॉरेस्ट विभाग द्वारा खाई के चारों ओर बांस की बैरिकेडिंग कर दी गई है, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। विधायक राजेश अग्रवाल जी ने कहा कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस प्रकार के संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर लगातार प्रयास किए जा रहे

चेतावनी... शासन ने अप्रैल 2025 तक सभी पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगाने के निर्देश दिए

जिले के 3 लाख पुराने वाहनों में लगेगी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, शिविर का आयोजन

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में तीन लाख ऐसे पुराने वाहन हैं, जिनमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 2019 से पहले पंजीकृत उन वाहनों में, जिनकी नंबर प्लेट पुराने सिस्टम की है, अब हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाना जरूरी कर दिया गया है। इसके लिए परिवहन विभाग में विशेष काउंटर बनाए गए हैं और ब्लॉकों में शिविर लगाकर भी आवेदन लिए जा रहे हैं। वाहन मालिक अपने वाहन की आरसी, आधार कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के साथ आवेदन कर सकते हैं। जिले में एचएसआरपी लगाने के लिए 40 सेंटर बनाए गए हैं। आवेदन के बाद निर्धारित शुल्क के साथ नंबर प्लेट लगाई जाएगी। शासन ने अप्रैल 2025 तक सभी पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। 2019 के बाद से बारकोड युक्त नंबर प्लेट लगाई जा रही है, जिससे वाहन नंबर के आधार पर इंश्योरेंस, फिटनेस और चालान की जानकारी आसानी से मिल सके। पहले लोग पेंटर, रेडियम या अन्य तरीकों से नंबर प्लेट बनवाते थे, जिससे ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

करना मुश्किल होता था। अब एचएसआरपी लगने से कैमरे से स्कैन कर वाहन की पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

एचएसआरपी लगाने आवेदन करने शिविर में पहुंचे लोग। रजिस्टर्ड नंबर अपडेट कराने में हो रही परेशानी एचएसआरपी के लिए आवेदन करने वाले कई लोगों को रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर अपडेट कराने में परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार, आवेदन के लिए आरसी के साथ मोबाइल नंबर अनिवार्य है। कई लोगों के पास पुराना या गलत नंबर दर्ज है, जिसे सुधारने के लिए उन्हें परिवहन विभाग के कार्यालय जाना पड़ रहा है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आवेदन करना आसान है। वाहन मालिक परिवहन विभाग या शिविर में जाकर गाड़ी नंबर, आरसी, आधार कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के साथ आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए 366 रुपए शुल्क के साथ जीएसटी देना होगा।

विधायक अग्रवाल ने एनीकट निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

लखनपुर/नवप्रदेश। ब्लाक उदयपुर क्षेत्र के ग्राम झिरमिटी खरफरी नाले में 285.55 लाख रुपये लागत से बनने वाले एनीकट निर्माण कार्य का भूमिपूजन अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने 12 मई दिन सोमवार को किया। इस निर्माण कार्य को कराये जाने की मांग क्षेत्रीय लोगों द्वारा वर्षो से की जा रही थी। जिसे मूर्त रूप देकर क्षेत्र विकास की दिशा में एक ठोस कदम बढ़ाया गया है।यह एनीकट आने वाले वक्त में जलसंचयन और सिंचाई की सुविधा बढ़ाकर

क्षेत्रवासीयो के जीवन में सकारात्मक बदलाव लायेगा। भूमि पूजन के दौरान विधायक अग्रवाल के साथ भाजपा कार्यकर्ता विभागीय अधिकारी ग्रामवासी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

बिलासपुर डायरी

स्थानीय संपादक
विक्रम सिंह ठाकुर

ट्रैफिक नियमों का करें पालन

बढ़ती हुई जनसंख्या और वाहनों को ध्यान में रखते हुए शहर के लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। कभी भी अपने वाहनों को गलत पार्किंग ना करें इसके अलावा हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम अपने बच्चों को भी सिखाएं कि किस तरह ट्रैफिक नियमों का पालन करके हम अपने जान-माल का रक्षा कर सकते हैं और दूसरे के जान-माल को भी सुरक्षित रख सकते हैं। हाल ही में फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले ठेले, खोमचे वालों पर नगर निगम ने दंडात्मक कार्रवाई की है। नगर निगम के आला-अधिकारियों से अपील है कि उन सभी पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए जो फुटपाथ पर कब्जा करके दुकान चला रहे हैं और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। हम सब यदि ट्रैफिक नियमों के अनुसार वाहनों का इस्तेमाल करना शुरु कर देंगे तो शहर में ट्रैफिक समस्या नहीं होगी और आवाजाही के लिए सुविधाजनक परिस्थिति निर्मित होगी। समय-समय पर पुलिस विभाग द्वारा ट्रैफिक नियमों के लिए संगोष्ठियां आयोजित की जाती है उससे शहर की ट्रैफिक समस्या काफी हद तक दूर हो गई है।

संजय मित्तल
जिला अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स

समय पर करें खाद-बीज का उठाव

खरीफ फसल का सीजन नजदीक है। जिले के सहकारी समितियों में खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण है। किसान समय रहते खाद-बीज का उठाव करे। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस साल मानसून भी अच्छी बताई जा रही है। जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक बिलासपुर की ओर से किसानों से अपील की जाती है कि समय रहते खाद-बीज का उठाव कर ले। इस समय जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक से किसानों को क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लोन दिया जा रहा है। इसका भी लाभ किसान उठाए और खेती-किसानी के कार्य में कोई कमी न होने दे। पिछले वर्ष जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के माध्यम से किसानों से समर्थन मूल्य में जो धान खरीदी की गई थी उसका भुगतान भी किसानों को समय से किया गया और समय पर धान उठाव भी कर लिया गया था। आने वाले खरीफ वर्ष के लिए सहकारी बैंक की प्राथमिक तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। शत-प्रतिशत किसानों को क्रेडिट कार्ड के माध्यम से खाद-बीज और नकद उपलब्ध कराई जा रही है।

आशीष दुबे
नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक, बिलासपुर

बीमार एंबुलेंस से अस्पताल तक की सफर...

सरकारी एम्बुलेंस से अस्पताल तक का सफर मरीजों के लिए जिन्दगी और मौत के जंग से कम नहीं है क्योंकि अधिकांश सरकरी एम्बुलेंस कबाड़ हो चुके हैं, जिसमें सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। ऐसे में गरीब तबके के लोगों के लिए सरकारी एम्बुलेंस पर भरोसा करना मजबूरी हो जाता है। मीडिया खबरों के अनुसार हाल ही में जिले के स्वास्थ्य विभाग से उत्तरप्रदेश की एक कंपनी ने करीब 70 एम्बुलेंस को कबाड़ के भाव में खरीद है। शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग में लाखों करोड़ों रूपए खर्च किया जाता है, लेकिन जिले में संचालित एम्बुलेंस में सुविधाओं की भारी कमी है। कई वाहनों में तो फर्स्ट एड बाक्स तक नहीं है। कई सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्रों में एम्बुलेंस की कमी है। ऐसे में मरीजों को निजी एम्बुलेंस का सहारा लेना पड़ता है। इस समय संजीवनी एक्प्रेस के नाम पर 108 वहनों के 15 गाडियां संचालित की जा रही है और खस्ताहाल हालत में सडक़ों पर दौड़ रही है कंपनी द्वारा इन गाडिय़ां का मेंनटेंस भी नहीं कराई जाती है। वर्ष 2019 से संचालित इन वाहनों की रफ्तार समय के साथ धीमी हो चुकी है। । नियमों के अनुसार तीन लाख किलोमीटर चलने के बाद वाहनों को हटाना होता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा भी इन वाहनों की जांच नहीं की जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने में 66 एम्बुलेंस को 19 लाख रूपए प्रति एम्बुलेंस के हिसाब से कबाड़ में बेच दिया। जबकि 23 लाख रूपए प्रति एम्बुलेंस के हिसाब से खरीदा गया था। इससे अंदाजा लगया जा सकता है की एम्बुलेंस के मेंनटेंस के लिए स्वास्थ्य विभाग कितना जागरूक है और इसका खामियाजा गरीब मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

लाख कोशिश फिर भी तारीख-पर-तारीख

राजस्व की पेन्डेंसी की तारीखों का निर्धारण और उन्हें नए सिरे से तय करने का विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है। खासकर जब सरकार पूरी गंभीरता से इन मामलों को निपटाने का प्रयास कर रही हैं। ऐसे मामलों की सही और समयबद्ध ढंग से समीक्षा करना आवश्यक होता है ताकि राजस्व संग्रह में बाधाएँ दूर हो सकें। लेकिन आज भी राजस्व न्यायालयों में सैकड़ों प्रकरण पेंडिग है और सिर्फ तारीख-पर-तारीख बढ़ रहा है।

पेन्डेंसी तारीखों को नई तारीखों के साथ फिर से निर्धारित करने की प्रक्रिया, उसके महत्व और उससे संबंधित चुनौतियों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। सबसे पहले, यह समझना आवश्यक है कि राजस्व की पेन्डेंसी क्यों होती है। अक्सर यह मामलों की जटिलता, दस्तावेज़ीकरण की कमी, संबंधित विभागों के बीच समन्वय की कमी, या फिर समय सीमा का उल्लंघन के कारण से होता है। और लोगों को तारीख-पर-तारीख ही मिलता है।

सड़कों के किनारे बिछी मौत...

शहर के चारों दिशाओं में निर्माण कार्य तेजी से चल रही है, लेकिन रॉ-मटेरियल रखने नियमों का पालन नहीं किया जाता है। रॉ-मटेरियल के गलत जगह रखने के कारण एक्सीडेंट में कई जाने गई है। मानो सड़क किनारे मौत बिछी हुई है। नगर निगम के द्वारा समय-समय पर कार्रवाइ की जाती है, लेकिन कार्रवाई के बाद फिर वही हाल हो जाता है।

सड़कों के किनारे डंप किए निर्माण सामग्री के कारण हमेशा ही दुर्घटना होने की आशंका बनी है। जिन मार्गों में सड़कों का निर्माण सामग्री रखा हुआ है वहां वाहन चालकों को साइड लेने व देने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नियमों के अनुसार बाधा उत्पन्न करने के खिलाफ प्रावधान है कि अगर किसी सार्वजनिक स्थान में ऐसा कोई काम हो रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। शहर में मकान, भवन, कॉम्पलेक्स निर्माण कराने वाले लोग किसी भी जगह मटेरियल डंप कर व्यवधान पैदा कर रहे है। प्रतिबंध के बाद भी लोग बेखौफ सड़क पर निर्माण सामग्री व मलबा डंप करते आ रहे है जबकि ऐसा करने पर जुर्माना का प्रावधान है। रॉ-मटेरियल सप्लायर बरसात के पहले और ज्यादा सक्रिय हो जाता है। सड़कों पर डंप होने वाले मलबा व निर्माण सामग्री के खिलाफ कार्रवाई की जिम्मेदारी नगर निगम की होती है। अतिक्रमण विरोधी दस्ता को कार्रवाई करना होता है लेकिन इस ओर ध्यान नहीं से लोग मलबा और निर्माण डंप करते आ रहे है जिस पर सक्त कार्रवाई की जरूरत है। बढ़ती हुई शहर में सैकड़ों जगह निर्माण कार्य चल रहे है, लेकिन निर्माण सामग्री रखने जो नियम उसका पालन कहीं नहीं हो रहा है जिससे एक्सीडेंट की संभावनाएं लगातार बढ़ते जा रही है।

साहब सेट है तो, सब्जियां भी सवारी से कम नहीं

शहर के सबसे बड़े तिफरा सब्जी मंडी से रोज सैकड़ो सवारी गाड़ी हरी सब्जियां भरकर शहर और आसपास जगहों पर जा रही है। वाहन मालिक जानते भी है कि सवारी वाहन से माल ढूलाई करना अपराध की श्रेणी में आता है।

तिफरा से लेकर बजरंग चौक, महाराणा प्रताप चौक, राजीव गांधी चौक, जहराभाठा चौक, नेहरू चौक और इसके अलावा कई अन्य जगहों पर ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात रहते हैं,लेकिन वाहन मालिकों को कार्रवाई की चिंता नहीं रहती है क्योंकि साहब सेट है। स्कूलों में इस समय छुट्टियां चल रही है ऐसे में अधिकांश आटो चालक अपनी रोजी रोटी कमाने सवारी वाहन पर माल ढूलाई कर रहे है, इन्हें पता है की सवारी वाहन में माल ढूलाई नहीं कर सकते है, क्योंकि कानून के अनुसार तीन अलग अलग धराएं है जो इन्हें सवारी वाहन में माल ढूलाई करने से रोकत है, जिसमें 66/192, परमीट शर्तो का उल्लंघन, धारा 184 खतरनाक तरीकों से वाहन चलाना, धारा 119 यातायात नियमों का उल्लघंन लेकिन साहब को सेट कर लेते है। सवारी वाहनों का इस्तेमाल केवल सवारी के लिए ही होना चाहिए, इसके अलावा मोटर बाइक का भी इस्तेमाल व्यापारिक रूप में किया जा रहा है। आरटीओ के अफसल भी चुप्पी साधे हुए रहते है। जबकि इन वाहन मालिकों पर पुलिस के अलावा आरटीओ को भी दण्डात्मक कार्रवाई करनी चाहिए।

न्यूज़ गैलरी

आम आदमी को मिली राहत, 6 साल के निचले स्तर पहुंची खुदरा महंगाई

नई दिल्ली। महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे में बनी हुई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई मार्च में 3.34 प्रतिशत थी, जबकि अप्रैल 2024 में यह 4.83 प्रतिशत थी। सरकार ने पिछले महीने की महंगाई दर के आंकड़े जारी किए हैं।सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर घटकर लगभग 6 वर्षों के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई। यह गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, फलों, दालों और अन्य प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण दर्ज की गई है। महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे में बनी हुई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई मार्च में 3.34 प्रतिशत थी, जबकि अप्रैल 2024 में यह 4.83 प्रतिशत थी। जुलाई 2019 में यह 3.15 प्रतिशत थी। अप्रैल में खाद्य महंगाई दर घटकर 1.78 प्रतिशत रही, जो मार्च में 2.69 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 8.7 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक को महंगाई को 4 प्रतिशत (±2 प्रतिशत) के दायरे में बनाए रखने का लक्ष्य दिया गया है। कीमतों में सुधार को देखते हुए बैंक ने प्रमुख ब्याज दरों में दो बार में कुल 50 आधार अंकों की कटौती की है।

जेनसोल के शेयरों में गिरावट जारी; डब्लूटीओ प्रमुख ने कहा- मुक्त बाजार व्यवस्था पर संकट

बिजनेस डेस्क। भारत ने चालू विपणन वर्ष के अप्रैल तक 4.24 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। कुल मंजूरी 10 लाख टन की है। सबसे बड़ी खेप 92,758 टन सोमालिया को भेजी गई। विपणन वर्ष अक्तूबर से सितंबर तक चलता है। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) के अनुसार, अप्रैल तक सफेद चीनी का निर्यात 3.27 लाख टन, रिफाइंड चीनी का 77,603 टन और कच्ची चीनी का 18,514 टन निर्यात हुआ। करीब 25,000 टन चीनी की खेप लदान के अधीन है। अब तक के निर्यात में से अफगानिस्तान को 66,927 टन, श्रीलंका को 60,357 टन व जिबूती को 47,100 टन चीनी भेजी गई है। वर्तमान निर्यात परिदृश्य को देखते हुए करीब 8 लाख टन चीनी निर्यात होने का अनुमान है। वाहन निर्माता कंपनी निसान मोटर वैश्विक स्तर पर फिर 10,000 से अधिक कर्मचारियों को निकालेगी। पहले घोषित छंटनी सहित कुल 20,000 कर्मचारियों पर असर होगा। यह कुल कर्मचारियों का करीब 15 फीसदी हिस्सा है। लगातार घाटे की वजह से कंपनी ने यह फैसला किया है। जापानी कंपनी को अनुमान है कि उसे मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में 700 अरब येन से 750 अरब येन तक घाटा हो सकता है। कंपनी इसी हफ्ते वित्तीय परिणाम की घोषणा करने वाली है। हार्डवेयर इंजीनियरिंग उद्योग में पिछले साल महिलाओं के नौकरी के आवेदनों में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आमतौर पर पुरुष प्रधान क्षेत्र माने जाने वाले इस क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी बदलाव का संकेत देती है। वर्क इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2024 में हार्डवेयर इंजीनियरिंग नौकरियों के लिए पुरुषों के आवेदन 2023 की तुलना में 19 प्रतिशत बढ़े। रिपोर्ट के अनुसार, हार्डवेयर इंजीनियरिंग में महिलाओं की भागीदारी में 26 प्रतिशत की वृद्धि सिर्फ एक संख्या नहीं है, यह भारत के तकनीकी उद्योग के बदलते परिदृश्य का प्रमाण है। जैसे-जैसे महिलाएं मुख्य तकनीकी क्षेत्रों में प्रवेश कर रही हैं, जहां कभी पुरुषों का वर्चस्व था, यह एक ऐसा बदलाव है जो इंजीनियरिंग के भविष्य को परिभाषित करेगा। जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयरों में गिरावट का दौर जारी है। मंगलवार को भी कंपनी के शेयरों में 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। स्टॉक बीएसई में 4.99 प्रतिशत गिरकर 51.84 रुपये के स्तर पर आ गया है। वहीं एनएसई में यह पांच प्रतिशत गिरकर 51.25 पर है। यह बीते 52 हफ्तों में सबसे कम कीमत है।

स्मार्टफोन आने के बाद से ही ये डिवाइस हमारी जिंदगी का एक जरूरी हिस्सा बना

लंबी बैटरी लाइफ, दमदार परफॉर्मेंस और अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट का नया मानक

नई दिल्ली। स्मार्टफोन आने के बाद से ही ये डिवाइस हमारी जिंदगी का एक जरूरी हिस्सा बन गया है। जहां पहले फोन का इस्तेमाल कॉल और मैसेज के लिए होता था, अब यह यूजर के लिए पर्सनल सिनेमा, एक मोबाइल गेमिंग कंसोल और इनसे बढ़कर एक प्रोडक्टिविटी हब में बदल गया है। स्मार्टफोन की स्क्रीन अब बड़ी होने के साथ ही ब्राइटर और स्मूदर हो गई हैं, जिससे हम हाई-डेफिनेशन में कंटेंट को स्ट्रीम कर पा रहे हैं, ग्राफिक्स-हेवी गेम्स खेल पा रहे हैं और अलग-अलग ऐप्स पर मल्टीटास्किंग परफॉर्म कर पा रहे हैं। डिस्प्ले एक्सपीरियंस तो समय के साथ बेहतर हुआ लेकिन बैटरी लाइफ को लेकर बड़ा बदलाव नहीं रहा। हमारा फोन का इस्तेमाल जितना बढ़ता जा रहा है, उतनी ही तेजी से हमारे फोन की बैटरी खत्म होती जाती है। अपकमिंग 2025 फ्लैगशिप किलर रियलमी जीटी7 सीरीज के साथ रियलमी फोन के रफ-टफ और ज्यादा इस्तेमाल होने के बाद भी बेहतर परफॉर्मेंस को लेकर स्मार्टफोन की बैटरी जारी रहने के नियमों को फिर से लिख रहा है। कंपनी के इस फ्लैगशिप फोन में 7000 एमएएच की बड़ी बैटरी है, जिसे 120 वॉट अल्ट्राडार्ट चार्जर के साथ पेयर किया गया है। यह फोन ऐसी जनरेशन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो अपना अधिक से अधिक समय स्क्रीन पर बिताती है। यह फोन लंबे समय तक बिना किसी रुकावट के चलते रहने को लेकर खास है। जीटी7 को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि आप घंटों डिस्प्ले-हेवी यूज के बाद भी अपने फोन में लगभग आधी बैटरी को बचा पाएंगे। आजकल के स्मार्टफोन केवल कॉल्स और ब्राउजिंग भर के लिए नहीं हैं, ये डिवाइस अब आपका एंटरटेनमेंट हब और पावर टूल है। लेकिन यह

पावर भी एक कीमत के साथ आती है। हाई-रिफ्रेश रेट ओएलईडी, रियल टाइम 5जी और परफॉर्मेंस हंग्री ऐप्स लगातार बैटरी का इस्तेमाल करती हैं और हर किसी के लिए दिनभर में एक बार फोन चार्ज करना रूटीन का हिस्सा बन गया है। जीटी7 नैरेटिव को बदल देता है। फोन की रियल-वर्ल्ड टेस्टिंग दिखाती है कि फोन के पूरे दिन लगातार इस्तेमाल के बाद भी इसमें 50 प्रतिशत तक बैटरी बच जाती है। आप फोन पर कुछ तरह विश्वास कर सकते हैं कि चार्जिंग आपके लिए डेली चेकपॉइंट के बजाय एक बैकग्राउंड टास्क बन जाएगा। जीटी7 में इंडस्ट्री-फर्स्ट इनोवेशन पेश किए गए हैं, जो पावर मैनेजमेंट को फिर से परिभाषित करता है। एक स्मार्ट सिस्टम जो हर प्रतिशत के साथ आपके फोन का बेहतर इस्तेमाल करना सिखाता है। यह एक ऐसे कूलिंग मैकेनिज्म के साथ आता है जो 5जी गेमिंग सेशन के बाद भी फोन की परफॉर्मेंस को बनाए रखता है।

यह एक ऐसा फोन है, जो वर्षों तक चार्जिंग के बाद भी बैटरी को लेकर बढ़िया काम करता है। आपके लिए इसका क्या मतलब है? स्क्रीन टाइम को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है, नो मिड-डे पैनिक। बस बिना किसी रुकावट के साथ कंटेंट देखें और गेम प्ले करें। चाहे आप किसी कैंपेन में व्यस्त हों या किसी सीरीज का लगातार 5वां एपिसोड स्ट्रीम कर रहे हों, रियलमी जीटी7 का एंड्योरेंस-फर्स्ट डिजाइन सुनिश्चित करता है कि आपका स्मार्टफोन बिना चार्जर के भी चलता रहे। रियलमी जीटी7 सीरीज का 7000एमएएच बैटरी और 120 वॉट अल्टीमेट एंड्योरेंस कॉम्बो गेम-चेंजर है। यह यूजर को फोन पर अधिक से अधिक टास्क करने की सुविधा देता है। यानी, आप ज्यादा एक्सपीरियंस लें, ज्यादा एंटरटेनमेंट का मजा लें, आपको बैटरी के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं होगी। फिर चाहे आप गेमर हों, बिंज-वॉचर हों या फिर मल्टीटास्कर हों, जीटी7 सीरीज सुनिश्चित करती है कि आपका स्मार्टफोन हमेशा आपके साथ चलने के लिए तैयार रहे। स्मार्टफोन भविष्य की एक झलक है जहां बैटरी की चिंता अतीत की बात हो गई है।

इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बैटरी बनाने में लिथियम, कोबाल्ट और निकल जैसी धातुओं का इस्तेमाल होता है

टोयोटा प्रमुख का इलेक्ट्रिक वाहनों के पर्यावरणीय प्रभाव पर सवाल, हाइब्रिड को बताया बेहतर विकल्प

नईदिल्ली। टोयोटा कंपनी के बड़े अधिकारी अकीओ टोयोडा ने आजकल इलेक्ट्रिक गाड़ियों को लेकर कुछ जरूरी बातें कही हैं। उनका कहना है कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों को पूरी तरह से साफ-सुथरी नहीं माना जा सकता। इसकी वजह ये है कि इन गाड़ियों की बैटरी बनाने और उन्हें चार्ज करने के लिए जो बिजली चाहिए होती है, वो अक्सर ऐसी चीजों से बनती है जिनसे प्रदूषण होता है।

टोयोटा ने बताया कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बैटरी बनाने में लिथियम, कोबाल्ट और निकल जैसी धातुओं का इस्तेमाल होता है। इन धातुओं को जमीन से निकालने (माइनिंग) का काम पर्यावरण के लिए ठीक नहीं है। इसके अलावा, इन बैटरियों को बनाने और एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में भी कार्बन गैस निकलती है, जो हवा को खराब करती है। अगर इलेक्ट्रिक गाड़ियों को चार्ज करने के लिए जो बिजली इस्तेमाल हो रही है, वो कोयला

या गैस जैसे प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों से आ रही है, तो इन गाड़ियों को चलाने का कुल मिलाकर पर्यावरण पर अच्छा असर नहीं पड़ता। टोयोटा कंपनी ने अब तक 2 करोड़ 70 लाख से भी ज्यादा हाइब्रिड गाड़ियां बेची हैं। टोयोटा का कहना है कि ये गाड़ियां इलेक्ट्रिक गाड़ियों के मुकाबले कम कार्बन गैस छोड़ती हैं और इन्हें चार्ज करने के लिए अलग से कोई स्टेशन भी नहीं चाहिए होता। भारत में अभी हर जगह चार्जिंग स्टेशन नहीं हैं और बिजली की सप्लाई में भी कई बार दिक्कत आती है। ऐसे में टोयोटा मानते हैं कि हाइब्रिड गाड़ियां यहां ज्यादा काम की और पर्यावरण के लिए भी बेहतर साबित हो सकती हैं।

अकीओ टोयोडा की ये बातें हमें सोचने पर मजबूर करती हैं कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों के पर्यावरण पर पड़ने वाले असर को सिर्फ ये देखकर नहीं आंकना चाहिए कि उनसे धुआं नहीं निकलता। उनकी बैटरी कैसे बनती है, उन्हें चार्ज करने के लिए बिजली कहां से आती है और दूसरी चीजों का भी ध्यान रखना जरूरी है। भारत जैसे देशों के लिए, जहां चार्जिंग की सुविधा और साफ बिजली अभी उतनी आसानी से नहीं मिलती, हाइब्रिड तकनीक एक अच्छा विकल्प हो सकती है।

शक्ति पंप्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 में 2,516.2 करोड़ के राजस्व का आंकड़ा पार किया

नई दिल्ली। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, श्री दिनेश पाटीदार ने कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा: "हमें यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा है, जिसमें सभी प्रमुख मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हमने अब तक का सर्वाधिक राजस्व 2,516.2 करोड़ दर्ज किया, जो वर्ष दर वर्ष 83.6% की वृद्धि को दर्शाता है, जबकि शुद्ध लाभ में 188.2% की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है और यह 408.4 करोड़ तक पहुंच गया।

यह प्रभावशाली टॉपलाइन ग्रोथ हमारे घरेलू और निर्यात दोनों व्यवसायों में शानदार प्रदर्शन के चलते संभव हुई है। साथ ही, ऑपरेशन में दक्षता पर हमारे निरंतर ध्यान ने लाभ और मार्जिन को भी सशक्त किया है।

हमारी वित्तीय सतर्कता का प्रमाण है कि हमने FY25 में उच्च राजस्व के बावजूद रसीवेबल डेज़ को प्रभावी ढंग से घटाया है। FY24 में जहाँ रसीवेबल डेज़ 178 से अधिक थे, वहीं FY25 में यह घटकर 152 दिन रह गए हैं। हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में यह ट्रेंड और बेहतर होगा।

हमारा निर्यात व्यवसाय लगातार मजबूत प्रदर्शन कर रहा है, जिसमें FY25 में 52.7% की वृद्धि के साथ 436.8 करोड़ का राजस्व दर्ज किया गया। अमेरिका, अफ्रीका, एशिया और मिडिल ईस्ट जैसे क्षेत्रों में हमारी मजबूत उपस्थिति यह सुनिश्चित करती है कि यह व्यवसाय स्टेबल और सस्टेनेबल बना रहेगा। हमारा मजबूत ऑर्डर बुक 1,654.6 करोड़ का है और लगातार ऑर्डर प्राप्त होने से हमें FY26 और उसके बाद भी मजबूत वृद्धि हासिल करने का पूरा विश्वास है। महाराष्ट्र, राजस्थान और हरियाणा जैसे राज्यों से प्राप्त हो रहे ऑर्डर के साथ-साथ मध्य प्रदेश और पंजाब सहित अन्य राज्यों में भी हमने सक्रिय रूप से टेंडर डाले हैं। हमें विश्वास है कि इन राज्यों में हमारी सशक्त उपस्थिति और बाज़ार हिस्सेदारी हमें महत्वपूर्ण नए ऑर्डर प्राप्त करने में सक्षम बनाएगी। हम भविष्य के गर्भ में मौजूद व्यापक अवसरों को लेकर बेहद आशावादी हैं। भारत में सोलर पंप्स उद्योग तेजी से विकास कर रहा है, जिसे पीएम कुसुम योजना, महाराष्ट्र की 'मागेल त्याला सौर कृषि पंप योजना', और मध्य प्रदेश की 'प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्या योजना' जैसी केंद्र और राज्य सरकारों की पहलों से प्रोत्साहन मिल रहा है।

भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला, आईटी शेयरों में बिकवाली

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में आईटी शेयरों में बिकवाली देखने को मिल रही है। सुबह 9:40 पर सेंसेक्स 605.74 अंक या 0.73 प्रतिशत गिरकर 81,824.15 और निफ्टी 140.55 अंक या 0.58 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,777 पर था। आईटी शेयरों में दबाव के साथ कारोबार हो रहा था। निफ्टी आईटी इंडेक्स में 1.14 प्रतिशत की गिरावट थी। इन्फोसिस 2 प्रतिशत, एचसीएल टेक 1.63 प्रतिशत, विप्रो और टीसीएस में 1.3 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार हो रहा था। इससे अतिरिक्त एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा और सर्विसेज इंडेक्स लाल निशान में थे। वहीं, मीडिया, एनर्जी, फार्मा और पीएसयू बैंक इंडेक्स हरे निशान में थे। चॉइस ब्रोकिंग के डेरिवेटिव एनालिस्ट, हार्दिक मटालिया ने कहा, नकारात्मक शुरुआत के बाद निफ्टी के 24,800 पर सपोर्ट मिल सकता है। अगर यह टूटता है तो 24,700 और 24,500 अहम सपोर्ट स्तर होंगे। वहीं, तेजी की स्थिति में 25,000, 25,100 और 25,200 रुकावट के स्तर हैं। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी थी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 154 अंक या 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,570 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 85 अंक या 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,856 पर था। सेंसेक्स पैक में सन फार्मा, एसबीआई, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स थे। इटरनल, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल टॉप लूजर्स थे।

वेदांता ने एल्युमीनियम उद्योग के अपशिष्ट से ग्रेफाइट प्राप्त करने की सफल प्रक्रिया की घोषणा की

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2025 पर, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक, वेदांता एल्युमीनियम ने घोषणा की कि उसे अपनी ब्रेकथ्रू टेक्नोलॉजी के लिए पेटेंट मिल गया है, जो एल्युमीनियम उद्योग के कचरे से उच्च शुद्धता वाले ग्रेफाइट (>99%) की रिकवरी को सक्षम बनाता है। यह उपलब्धि इस वर्ष की थीमः 'यंत्र- नव प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं त्वरण को आगे बढ़ाने के लिए युगांतर' की भावना को दर्शाती है, जो औद्योगिक कचरे को एक रणनीतिक राष्ट्रीय संसाधन में बदलने पर केन्द्रित है।

हमारा भारत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मना रहा है, ऐसे में वेदांता एल्युमीनियम का पेटेंट भारतीय

उद्योग की गहन तकनीकी नवाचार क्षमता का प्रमाण है, जो कि आत्मनिर्भर भारत, नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन और नेट ज़ीरो लक्ष्यों जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों के संग चल रहा है।

पेटेंट प्रक्रिया को वेदांता एल्युमीनियम की इन-हाउस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) टीम ने सीएसआईआर- इंस्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एंड मेटेरियल्स टेक्नोलॉजी (आईएमएमटी), भुवनेश्वर के सहयोग से विकसित किया है। यह एल्युमीनियम उत्पादन के दौरान उत्पन्न दो अपशिष्ट धाराओं स्पेंट पॉट लाइनिंग (एसपीएल) और शॉट ब्लास्ट डस्ट से बैटरी-ग्रेड ग्रेफाइट को पुनर्प्राप्त यानि रिकवर करता है। यह इनोवेशन न सिर्फ भारत की सर्कुलर अर्थव्यवस्था और स्थिरता प्राथमिकताओं के अनुरूप है, बल्कि यह आयातित ग्रेफाइट पर भारत की निर्भरता को भी काफी हद तक कम करने की क्षमता भी रखता है, जो वर्तमान में 70 प्रतिशत से ज्यादा है।

रिकवर्ड ग्रेफाइट ने दर्शाया है कि उसमें लिथियम-आयन बैटरी एप्लीकेशंस के लिए उपयुक्त असाधारण विद्युत चालकता और संरचनात्मक गुण मौजूद हैं। इसकी परमाणु संरचना इसे लिथिएशन और डी-लिथिएशन के लिए अत्यधिक प्रभावी बनाती है, जो बैटरी परफॉर्मेंस के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रियाएँ हैं।

खेल

3 खिलाड़ी जो इंग्लैंड दौरे पर ले सकते हैं विराट कोहली की जगह

एक ने आईपीएल 2025 में मचाया गदर

नई दिल्ली। भारत के दाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने से भारतीय टीम में एक बड़ा खालीपन आ गया है। आने वाले महत्वपूर्ण इंग्लैंड दौरे के साथ, टीम इंडिया को बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। सभी की निगाहें टेस्ट टीम में कोहली की जगह लेने वाले खिलाड़ी पर होंगी।

विदेशी दौरे के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज विराट कोहली का टेस्ट से संन्यास लेना भारत के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर आया है। पिछले सप्ताह रोहित शर्मा के खेल के सबसे लंबे फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद टीम पहले से ही नए कप्तान की तलाश कर रही थी, और अब चयनकर्ताओं को ऐसे खिलाड़ियों को खोजना होगा जो टीम में कोहली की जगह ले सकें। पूर्व भारतीय कप्तान किंग कोहली 2013 से हर इंग्लैंड दौरे पर गए हैं, लेकिन इस बार वे नहीं होंगे, और उनके अनुभव की कमी निश्चित रूप से भारतीय टीम को खलेगी। चयनकर्ताओं के लिए टीम में उनके रिप्लेसमेंट को ढूंढना एक बड़ी चुनौती होगी।

इसी कड़ी में, हम आपको इस स्टोरी के जरिए 3 ऐसे खिलाड़ियों के बारे में बताने वाले हैं, जो भारत की टेस्ट टीम में उनकी जगह ले सकते हैं। दाएं हाथ के अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर पिछले एक साल से खेल के सभी प्रारूपों में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले रणजी सीजन में 16 पारियों में 53.93 की औसत से 863 रन बनाए और अंतिम चैंपियन विदर्भ के लिए 4 शतक और 2 अर्द्धशतक भी लगाए. नायर ने विदर्भ के लिए मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी की और टेस्ट क्रिकेट में उनका तिहरा शतक भी लगभग 9 साल पहले इंग्लैंड के खिलाफ आया था। विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद नायर भारत की टेस्ट टीम में वापसी करने के लिए सबसे संभावित उम्मीदवार हैं। घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बाद चयनकर्ताओं द्वारा उनका चयन किए जाने की पूरी संभावना है। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन की कॉम्पैक्ट तकनीक ने उन्हें अगले महीने इंग्लैंड जाने वाले फेवरेट खिलाड़ियों में से एक बना दिया है। वे अपनी शानदार बल्लेबाजी से आईपीएल 2025 में धमाल मचा रहे हैं और उन्हें काउंटी क्रिकेट में सरे के लिए खेलने का अनुभव भी है। पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में उन्होंने केवल 4 पारियों में 304 रन बनाए थे, जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है। सुदर्शन की टेस्ट टीम में जगह बनाने की काफी ज्यादा संभावना दिख रही है और अगर उन्हें मौका मिलता है तो उन्हें मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करनी पड़ सकती है। भारत के दाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने वनडे और आईपीएल में जिस तरह से शानदार प्रदर्शन किया है, उसके बाद टेस्ट टीम में उनकी वापसी की पूरी संभावना है। घरेलू क्रिकेट में उन्होंने जिस तरह की ट्रॉफियां जीती हैं, उसे देखते हुए वह अगले कप्तान बनने की रेस में भी शामिल हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में भी पंजाब किंग्स का अच्छा नेतृत्व किया और विराट कोहली के टेस्ट रिटायरमेंट के बाद नेशनल टेस्ट टीम में वापसी के लिए एक अच्छे दावेदार हैं। अय्यर ने अब तक 14 टेस्ट खेले हैं और 36.86 की औसत से 811 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम 1 शतक और 5 अर्द्धशतक दर्ज हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए टीम की घोषित

3 धाकड़ खिलाड़ियों की वापसी, पैट कमिंस होगा कप्तान

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स के मैदान पर खेले जाने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 के लिए अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने खेले जाने वाले इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की कमान पैट कमिंस संभालेंगे। वहीं, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और स्टार ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की चोट के बाद टीम में वापसी हुई है।

ये तीनों खिलाड़ी लॉर्ड्स में होने वाले महामुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापस आ गए हैं, जहां ऑस्ट्रेलिया 2023 में भारत के खिलाफ ओवल में जीती गई विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की गदा को बचाने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरेगा। कमिंस और हेजलवुड चोट के कारण श्रीलंका में ऑस्ट्रेलिया की पिछली टेस्ट सीरीज से चूक गए थे, जबकि ग्रीन पीठ की सर्जरी से उबरने के बाद 12 महीने से अधिक समय में अपना पहला टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम अनुभव से भरपूर है और इस मुकाबले के लिए पूरी ताकत से तैयार है। टीम में कमिंस के साथ मिशेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड और हेजलवुड जैसे तेज गेंदबाज शामिल हैं, जिसमें नाथन लियोन और मैट कुहनेमैन के रूप में दो स्पिन ऑप्शन भी मौजूद हैं। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को भी टीम में जगह मिली है, जिन्हें इस साल की शुरुआत में श्रीलंका दौरे के लिए चुना गया था, लेकिन गॉल में दोनों टेस्ट मैचों के लिए उन्हें नजरअंदाज किया गया।

19 वर्षीय खिलाड़ी इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर जाएंगे, और उस्मान ख्वाजा के बाद टॉप-ऑर्डर में अपना स्थान फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगे।टीम में दो विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी और जोश इंग्लिस को जगह मिली है, जबकि ब्रेंडन डॉगेट ट्रैवल रिजर्व के रूप में टीम के साथ यात्रा करेंगे. ऑस्ट्रेलिया आईसीसी इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी से डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले अपनी टीम में बदलाव कर सकता है. डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए घोषित की गई यह 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए कैरेबियन भी जाएगी जो 26 जून से शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास एक संतुलित टीम है और उन्हें पूरा भरोसा है कि उनकी टीम लगातार दूसरा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जीत सकती है. बेली ने कहा, हम भाग्यशाली हैं कि पैट (कमिंस), जोश (हेजलवुड) और कैम (ग्रीन) को टीम में वापस पाकर उत्साहित हैं. टीम ने एक दशक में पहली बार भारत को हराने के बाद श्रीलंका में एक प्रभावशाली जीत के साथ डब्ल्यूटीसी चक्र का समापन किया. फाइनल में पहुंचना टीम के लिए बहुत मायने रखता है और वे लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका द्वारा पेश की जाने वाली चुनौती का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

दंतेवाड़ा में सपनों को मिली उड़ान, छू लो आसमान ने दिया जिला टॉपर, अब आईआईटी का सपना

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले के पोंडम गांव की 15 वर्षीया रामशिला नाग ने छत्तीसगढ़ राज्य मैट्रिक परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान और पूरे राज्य में नौवां स्थान हासिल किया है। अब उसका लक्ष्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा पास कर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), विशेष रूप से IIT मद्रास में प्रवेश लेना है।

परीक्षा परिणाम पर खुशी जताते हुए रामशिला नाग कहती है- यह मेरे जीवन की सबसे खुशी का दिन है। अब मैं कक्षा 11वीं में गणित विषय लेकर IIT की तैयारी करना चाहती हूं। NMDC के समर्थन के बिना यह सपना पूरा नहीं हो पाता।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में कुल 600 में 587 अंक हासिल कर रामशिला नाग ने 97.83 प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष का ओवरऑल पास परसेंटेज 76.53 प्रतिशत रहा। जिसमें लड़कियों ने लड़कों से बाजी मार ली है। परिणाम बताते हैं कि लड़कियों का पास प्रतिशत 80.70 प्रतिशत रहा जबकि लड़कों का 71.39 प्रतिशत।

एनएमडीसी का सीएसआर पहल है छू लो आसमान- रामशिला 'छू लो आसमान' की छात्रा है, जो एनएमडीसी की सीएसआर पहल के तहत संचालित एक निःशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम है। यह योजना कक्षा 9से 12वी तक के छात्र को नियमित शिक्षा प्रदान करती है और आर्थिक रुप से पिछड़े वर्ग के छात्रों को NEET और JEE Mains जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराती है। यह पहल रामशिला जैसी बस्तर रीजन की कई छात्राओं के लिए एक जीवनरेखा साबित हुई है। रामशिला स्वीकार करती है- ऐसी कोचिंग हमारे जैसे परिवारों के लिए अक्सर पहुंच से बाहर होती है।

रामशिला नाग अत्यंत साधारण परिवार से आती है। उसके पिता किसान हैं और मां घर का कामकाज संभालती (गृहणी) हैं। चार बहनों में सबसे छोटी रामशिला गीदम के पास संचालित छू लो आसमान आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई करती है। मैट्रीक परीक्षा में जिले में टॉप करने पर उसकी खुशी इन शब्दों में व्यक्त हुई-मैं अपनी इस सफलता को अपने शिक्षकों,वार्डनों, सहपाठियों और सबसे बढ़कर अपने परिवार और एनएमडीसी को समर्पित करती हूं। अब मुझे विश्वास है कि मेरे गांव की दूसरी लड़कियां भी सपने देखने की हिम्मत करेंगी।

छू लो आसमान योजना से बदली रामशिला की जिंदगी

रामशिला नाग के जीवन में बड़ा बदलाव तब आया, जब उन्होंने NMDC की छू लो आसमान योजना में नामांकन लिया। यह विद्यालय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एनएमडीसी की सीएसआर पहल के तहत शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य दूरदराज के आदिवासी इलाके के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। रामशिला से भेंट हुई। उसी आवासीय विद्यालय में, जहां वो रहती और पढ़ती है। रामशिला कहती है- जब मैं 9वीं कक्षा में 'छू लो आसमान' के लिए चयनित हुई, तभी मुझे लगा कि अब चीजें बदलेंगी। हमें यहां सब कुछ मिलता है- किताबें, कोचिंग, यहां तक कि यूनिफॉर्म भी। मेरे शिक्षकों ने पहले दिन से मुझ पर विश्वास किया।

अब तक 1000 विद्यार्थी हुए लाभान्वित

जिला प्रशासन के सहयोग से वर्ष 2011 से संचालित छू लो आसमान योजना में हर वर्ष 160 विद्यार्थियों का चयन होता है, जिसमें 80 लड़कियां और 80 लड़के शामिल हैं। उन सभी को आवासीय सुविधा, यूनिफॉर्म, शैक्षणिक सहायता और मेंटरशिप प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम से अबतक 1000 से अधिक छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो चुकी हैं। एनएमडीसी इस योजना पर प्रतिवर्ष लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये का खर्च वहन करती है। दंतेवाड़ा जिले की एक अन्य होनहार छात्रा वाणी साहू भी अपनी सफलता का श्रेय इसी योजना को देती हैं, जिससे यह सिद्द होता है कि एनएमडीसी सचमुच छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल रहा है।

बोर्ड परीक्षा में स्ट्राईक रेट रहा 100 परसेंटेज

बताते चले कि इसके अतिरिक्त 'छू लो आसमान' पहल के छात्र-छात्राओं ने दसवीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा में सौ फीसदी परिणाम लाकर शानदार उपलब्धि दर्ज की है। गर्व की बात ये है कि जिले के सभी उच्च रैंकिंग हासिल करने वाले छात्र भी इसी विद्यालय से हैं। जैसे आस्था वर्मा और निहारिका पोया ने 95.67 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है, जबकि तानू साहू ने 95.67 प्रतिशत के साथ छठा और रेशमा बघेल ने 95.67 प्रतिशत लाकर जिले में सातवां पोजिसन पाया है। इसी तरह सरस्वती नाग ने आठवां, तमन्ना मानवी ने नौवां रैंक हासिल किया है।

संक्षिप्त खबरें

बीच करने गया तो पत्थर से मारा

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम कांपा में एक व्यक्ति के माथे में पत्थर से मारकर चोट पहुंचाने का मामला सामने आया है। घटना तुमगांव थाना क्षेत्र का है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ग्राम कांपा निवासी रंजीत बंजारे ने बताया कि 11 मई की रात 8 बजे गांव का उमेश टंडन शराब के नशे में उनके मौसेरा भाई बादल टंडन के साथ विवाद कर रहा था। रंजीत समझाने लगा तो उमेश ने तू कौन होता है बीच में बोलने वाला कहकर गाली गलौज कर पास रखे पत्थर से माथे पर मार दिया। उमेश ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

मामूली सी बात पर मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम अंसुला में बोर में नहाते वक्त मामूली सी बात पर गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। अंसुला निवासी हितेश चौहान ने शिकायत की है कि 11 मई को उनके गांव के घनाराम निषाद के बोरवेल में वह नहाने के लिए गया था। जहां गांव के अन्य लोग नहा रहे थे। वहीं नेपाल और गौतम भी बैठे थे। गौतम नेताम हितेश को बोला कि तेरी दादी मां को यहां नहाने के लिए क्यों भेजते हो। इसके बाद विवाद हो गया। गौतम नेताम और नेपाल ठाकुर ने उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से दोनों को चोटें आई है।

ओडिशा की कच्ची शराब के साथ दो पकड़ाया

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा ब्लॉक के ग्राम नवागांव के जंगल से आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी मात्रा में ओडिशा निर्मित कच्ची शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी वृत्त पिथौरा ने ग्राम नवागांव के जंगल से ओडिशा निर्मित हिरण छाप कच्ची शराब 520 नग की बिक्री करते हुए नवागांव थाना चौकी बुंदेली जिला महासमुंद निवासी पुनीत राम यादव (53) और फिरकी थाना चौकी बुंदेली जिला महासमुंद निवासी मेघ सिंह सतनामी (53) को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आबकारी विभाग ने राजा सेवईया कामाख्या मंदिर जंगल से भट्ठी में बनाने चढ़ाया गया 135 लीटर कच्ची शराब एवं 500 किलो महुआ लाहन जब्त किया है। यह कार्रवाई आबकारी वृत्त बसना, सांकरा, वृत्त पिथौरा के आबकारी स्टाफकी संयुक्त टीम के साथ उपनिरीक्षक मिर्जा जफर बेग, दरसराम सोनी, ह्रदय कुमार तिरपुड़े, आरक्षक देवेश मांझी द्वारा की गई।

युवक से शराब बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा पुलिस ने सोनापुट्टी मोड़ के पास पड़कीपाली में एक व्यक्ति के पास से शराब बरामद की है। पुलिस ने मनबाय बागबाहरा निवासी मेम्मर नागेश (22) के कब्जे से 8 नग देशी प्लेन शराब, 1 नग जम्मू स्पेशल व्हिस्की, 1 लीटर महुआ शराब जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

बालोद पुलिस ने किया चोर गिरोह का पर्दाफाश

जेल और कोर्ट में पेशी के दौरान होती थी मुलाकात, बना लिए गिरोह, चोरी के सोने-चांदी के जेवरात खपाता था सुनार

- गिरोह के चार आरोपी हुए गिरफ्तार, एक की तलाश जारी
- एक आरोपी को पकड़ने बालोद पुलिस केरल से गोवा तक पहुंची थी

बालोद/नवप्रदेश । बालोद पुलिस ने अंतरजिला चोर गिरोह के बड़े मामले का पर्दाफाश किया है। जिसमें फिलहाल चार आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं और एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। जिसकी तलाश जारी है। इस मामले में फिल्मी स्टाइल में अलग-अलग कामों में एक्सपर्ट हो चुके लोगों ने मिलकर चोरी करने के लिए गैंग बनाया और चोरी का माल खासकर सोने चांदी को खपाने के लिए राजनांदगांव के एक सुनार (मनिहारी वाले) नथमल सोनी का भी सहारा लिया गया। पूरे प्लानिंग के साथ चोरी को अंजाम देकर माल खपा दिया जाता था और किसी को भनक तक नहीं लगती थी। चोरी करने के लिए भी यह लोग चोरी की बाइक का इस्तेमाल करते थे । बाइक के डिक्की में अलग-अलग नंबर प्लेट रखे होते थे। चोरी करने के लिए जब रेकी करते तो मुंह में गमछा बांधे रहते थे ताकि किसी के नजर में ना आए। लेकिन बालोद पुलिस और साइबर सेल के सामने इन चोरों की चालाकी नहीं चली। विगत दिनों बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झलमला और उमरादाह में हुई चोरी के मामले में छानबीन शुरू की तो इन चोरों का सुराग हाथ लग गया। एक की गिरफ्तारी के साथ पूरे गिरोह का पर्दाफाश होने लगा। एक आरोपी को पकड़ने के पुलिस केरल से गोवा तक गई। मामले में कुल चार आरोपियों को रिमांड पर जेल भेजा गया। जिसमें चोरी के सोने चांदी के जेवर खपाने वाला सोनार भी शामिल है। आठवीं दसवीं पड़े हुए गिरोह के सदस्य काफी शातिर दिमाग के हैं। बालोद पुलिस की काफी मशक्कत के बाद पहली बार ये पकड़ में आए हैं। उनके द्वारा अकेले बालोद जिले में ही 13 जगह चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है तो अन्य आसपास के जिलों में भी पांच चोरी की गई है। मामले का खुलासा करते हुए एसपी योगेश पटेल ने बताया कि चोरी के बाद माल खपाने के बाद जो भी पैसा हाथ आता था उसे सभी आपस में बांट लेते थे। तो वही सोनार कमिशन में माल खपाने का काम करता था। चोरी की रकम से आरोपियों द्वारा कुछ प्रॉपर्टी भी खरीदी गई है। जिसे भी पुलिस आगे जब्ती की कार्यवाही कर रही है।

क्या है मामला

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में बालोद पुलिस को ये बड़ी सफलता मिली है। अंतर्जिला चोर गिरोह सहित सोनार व चोरी के आरोपी से जेवरात सहित नगदी रकम बरामद कर लिए गए हैं। बालोद जिला में थाना बालोद, गुण्डरदेही, देवरी, अर्जुन्दा सहित जिला दुर्ग, बेमेतरा, जिला राजनांदगांव के छुरिया और कई जिलों में चोरी की घटना में यही चोर शामिल हैं ।चोरी करने के लिए चोरी की मोटरसायकल व फर्जी नम्बर प्लेट का इस्तेमाल करते थे। पहचान में न आये करके अपने मुंह और चेहरा को गमछा से बांध के रखते थे। ताला बंद सूने मकान में दिन में रेकी करते थे। फिर रात्रि में जाकर चोरी करते थे। त्रिनयन एप के माध्यम से सीसीटीवी फुटेज में पुलिस महत्वपूर्ण सुराग मिला।आरोपियो का पूर्व में कई अपराधिक रिकार्ड है। हत्या के प्रकरण में एक आरोपी जेल की सजा काट चुका है।घटना के बाद से एक आरोपी केरल भाग गया था जिसे टीम द्वारा पकड़ कर बालोद लाया गया। आरोपियो के कब्जे से सोने व चांदी के जेवरात लगभग कीमती 30 लाख बरामद हुए हैं।आरोपियो के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसायकल, 01 कार, लोहे का राड़, पेचकस, पेनचिंस बरामद हुआ है।आरोपियो को पकड़ने में सायबर सेल टीम बालोद व थाना बालोद की संयुक्त टीम की विशेष भूमिका रही।

कांस्टेबल को ट्रैक्टर से कुचलने का मामला

हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान, खनिज सचिव और वन विभाग को नोटिस जारी

- आरक्षक को माफिया ने ट्रैक्टर से कुचला था, हाईकोर्ट ने जताई चिंता

बिलासपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर के लिब्रा घाट पर अवैध रेत खनन रोकने गई वन और पुलिस की संयुक्त टीम पर हुए हमले में आरक्षक शिवभजन सिंह की मौत हो गई। इस गंभीर मामले पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति विभु दत्त गुरु की डिवीजन बेंच ने आज मामले की सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि जब अवैध खनन पर रोक के लिए पहले से निर्देश जारी हैं, फिर भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं, यह बेहद गंभीर स्थिति है। स्टेट अफेयर्स की हालत चिंताजनक है। वहीं ये भी कहा कि इस तरह की घटना का दोहराव नहीं होना चाहिए। मामले में 9 जून को अगली सुनवाई तय की गई है।

खनन माफिया ने आरक्षक को कुचला

बता दें कि नदी किनारे अतिक्रमण की शिकायत पर वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची थी. इस दौरान नदी घाट पर झारखंड के खनन माफिया को अवैध रेत खनन करते देख रोकने का प्रयास किया गया। इस पर झारखंडी खनन माफिया ने टीम पर ही हमला कर दिया। रेत माफियाओं ने आरक्षक को ही ट्रैक्टर से कुचल दिया, जिससे आरक्षक शिव भजन सिंह की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते के बाद आईजी और एसपी वैभव बैंकर ने मौके पर पहुंचे थे।

मामले में टीआई सस्पेंड

इस पूरे मामले में आईजी दीपक झा ने थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडेय को लापरवाही बरतने पर सस्पेंड कर दिया है. आदेश में लिखा कि वरिष्ठ अधिकारियों को बिना सूचना दिए आधी रात को टीआई अपर्याप्त बल लेकर अवैध रेत खनन रोकने गए थे, जहां खनन माफिया ने घटना को अंजाम दिया।

वनांचल के गांव दिव्यांगजनों के लिए शिविर, 9 को मिला प्रमाण पत्र

बलौदाबाजार-भाटापारा। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के दूरस्थ वनांचल ग्राम बल्दाकछार में जिला प्रशासन की ओर से दिव्यांगजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री साय ने 9 मई को बल्दाकछार प्रवास के दौरान दिव्यांगजनों की पहचान और प्रमाणन के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश प्रशासन को दिए थे, जिसके परिपालन में यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कुल 9 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षण में 2 मूकबधिर, 4 अस्थि बाधित और तीन दृष्टिहीन दिव्यांगजन चिन्हांकित हुए, जिन्हें चिकित्सा परीक्षण उपरांत प्रमाण पत्र जारी किए गए। यह ग्राम प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत आता है, जिसमें कमार जनजाति के लोग बड़ी संख्या निवासरत हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविशंकर अजगल्ले ने बताया कि शिविर में दिव्यांग प्रमाणन के साथ-साथ 65 अन्य ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच भी की गई।

शादी के जश्न में खूनखराबा: मोबाइल विवाद में दुल्हन के भाई की कर दी हत्या

- पांच नाबालिग समेत आठ आरोपी गिरफ्तार

बालोद/नवप्रदेश। रानचिरई थाना क्षेत्र के ग्राम चिचबोड़ में 19 वर्षीय युवक राम प्रसाद की हत्या के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें पांच नाबालिग और तीन बालिग शामिल हैं। सभी आरोपी राजनांदगांव जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं, जो बालोद में एक बारात में शामिल होने आए थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बालोद पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि हत्या का कारण मोबाइल और 500 रुपये को लेकर हुआ विवाद था। बरात में आए एक लड़के का मोबाइल गुम हो गया था, जिसे 500 रुपये देने के बाद वापस कर दिया गया। इसके बाद भी आरोपियों ने साजिश रचकर राम प्रसाद की चाकू, हाथ और मुक्कों से बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। बारातियों को ग्रामीणों ने रोक रखा था, जिससे पुलिस को घटनास्थल की बारीकी से जांच और आरोपियों को पकड़ने में आसानी हुई।

शादी का घर मातम में बदला : मृतक राम प्रसाद दुल्हन के भाई का दोस्त था और शादी समारोह में शामिल था। हत्या के बाद शादी का माहौल मातम में बदल गया। पुलिस को तुरंत सूचना दी गई, और शव को रात में ही मरच्यूरी में स्थानांतरित किया गया। परिजनों को सूचित कर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और 24 घंटे के भीतर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

समीक्षा बैठक
सांसद बोले- जनकल्याणकारी कार्यों के लिए DMFT मद का करें उपयोग

डीएमएफटी बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

जगदलपुर /नवप्रदेश। जगदलपुर के जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि (डीएमएफटी) की शासी परिषद सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बस्तर सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडेय, कलेक्टर हरिस एस., जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता सहित शासी परिषद के सदस्य और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जनकल्याणकारी कार्यों पर जोर : बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में विकास को गति दे रही है। बस्तर, जो प्राकृतिक संपदा से समृद्ध है, में उन जनकल्याणकारी कार्यों के लिए डीएमएफटी मद का उपयोग किया जाए, जिनके लिए विभागीय बजट उपलब्ध नहीं है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और विद्युत क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सांसद ने विशेष रूप से स्वास्थ्य सुविधाओं में मानव संसाधन की कमी, जीर्ण-शीर्ण स्कूल भवनों के पुनर्निर्माण और पेयजल संकट के समाधान पर ध्यान देने की बात कही।

डीएमएफटी मद से तत्काल विकास कार्य शुरू किए जाएं : विधायक किरण देव ने कहा कि जनता से सीधे जुड़े मुद्दों पर डीएमएफटी मद से तत्काल विकास कार्य शुरू किए जाएं। उन्होंने स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि संभाग मुख्यालय के विकास कार्यों का प्रभाव अन्य जिलों पर भी पड़ता है, इसलिए पूर्व वर्षों के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से स्वप्रेरणा से समस्याओं का समाधान करने की अपील की।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रगति समीक्षा

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के डीएमएफटी मद से संचालित 210 विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने इन कार्यों की स्थिति और प्रगति पर विस्तृत जानकारी दी।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की गई और इसे अनुमोदन प्रदान किया गया। इस कार्ययोजना में उच्च प्राथमिकता के 11 कार्यों और अन्य प्राथमिकता के 7 कार्यों के प्रावधान शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com